आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* विश्व हृदय दिवस

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 257 | उज्जैन, मंगलवार 29 सितम्बर, 2026 | आश्विन कृष्ण 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

सेंसेक्स 1124 अंक गिरा लगातार 8वें हफ्ते गिरावट

नई दिल्ली। शेयर मार्केट में लगातार आठवें हफ्ते गिरावट है। सोमवार को सेंसेक्स 1124 अंक, यानी 1.52% गिरावट के साथ 72,772 पर बंद हुआ। इधर, निफ्टी में 360 अंक, यानी 1.56% की गिरावट रही, ये 22,780 पर बंद हुआ। बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली आई। बाजार में गिरावट की वजह तेज बिकवाली रही। इससे निवेशकों की वेल्थ 7 लाख करोड़ से ज्यादा घट गई। शुक्रवार को बाजार बंद होते समय बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 482 लाख करोड़ के करीब था, जो आज घटकर 475 लाख करोड़ रह गया।

चुनाव आयोग 4 महीने में टीएमसी विवाद सुलझाए

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के नाम और फूल-पत्ती चुनाव चिह्न से जुड़े विवाद पर फैसला देने की समय-सीमा तय की। कोर्ट ने दोनों गुटों को एक महीने में अपनी दलीलें पूरी करने और इसके बाद चुनाव आयोग को तीन महीने में फैसला देने का निर्देश दिया। यानी पूरी प्रक्रिया 4 महीने में पूरी करनी होगी। चुनाव आयोग ने विवाद को सुलझाने के लिए 6 महीने का समय देने की अपील की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। यह आदेश ममता बनर्जी की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया।

तीन भारतीयों का इथियोपिया में अपहरण

अहमदाबाद। गैरकानूनी तरीके से अमेरिका जा रहे तीन भारतीयों का इथियोपिया में किडनैप कर लिया गया है। तीनों गुजरात के रहने वाले हैं। इनमें दो लड़कियां और एक युवक शामिल है। तीनों 20 सितंबर को गुजरात से रवाना हुए थे। इसी बीच इथियोपिया पहुंचते ही तीनों का अपहरण कर लिया गया। अपहरणकर्ताओं ने तीनों की रिहाई के बदले में इनके परिवार से एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। तीनों के परिवार वालों ने फिरौती की रकम दे दी है, लेकिन इसके बाद भी तीनों से परिवार का संपर्क नहीं हो पा रहा है।

रकुल प्रीत-वाशु भगनानी के ठिकानों पर आईटी की रेड



12 जगहों पर आयकर विभाग की जांच जारी
टैक्स चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग का शक

मुंबई। आयकर विभाग ने मुंबई में बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह, उनके ससुर और फिल्म प्रोड्यूसर वाशु भगनानी और पैनोरमा स्टूडियो से जुड़ी 12 जगहों पर छापेमारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कार्रवाई सोमवार को टैक्स चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और फंड में गड़बड़ी की शिकायत के बाद शुरू की गई। विभाग की टीमों ने एक साथ सभी ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों को शक है कि फिल्म प्रोजेक्ट्स, विदेशी डिस्ट्रीब्यूशन और शूटिंग के नाम पर भारी रकम विदेश भेजी जा रही थी। विभाग फिलहाल वित्तीय दस्तावेजों की जांच कर रहा है। आयकर विभाग की कई टीमें मुंबई में एक साथ दस्तावेजों, फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स और विदेशी लेनदेन की डिटेल्स की जांच कर रही हैं। विभाग को पिछले कुछ समय से जानकारी मिल रही थी कि फिल्मों की शूटिंग और विदेशी डिस्ट्रीब्यूशन के बहाने बड़ी रकम विदेश भेजी जा रही थी।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** सोना 4133 रु. सस्ता, 1.48 लाख पर आया: चांदी के दाम 9297 रु. घटे, इस महीने सोने की कीमत 8 हजार और चांदी 14 हजार कम हुई।
- **यूएन :** ब्रिटिश एयरबेस के पास आतंकी साजिश का शक, 5 गिरफ्तार, नकाबपोश लोगों को देखकर महिला ने पुलिस बुलाई, ईरान जंग में इस्तेमाल होता है बेस।
- **हिमालय :** हिमस्खलन, 4 की मौत, 12 लापता: बेस कैंप में सो रहे लोगों पर बर्फ गिरी; रेस्क्यू टीम 24 घंटे बाद पहुंची।
- **इजरायल:** दावा-नेतन्याहू को हमास हमले की जानकारी थी, एक्शन नहीं लिया, मिस्र ने 2 दिन पहले ही चेताया था, पीएम ने सुरक्षा अधिकारियों से जानकारी छिपाई।
- **नई दिल्ली :** थप्पड़ विवाद- प्रवेश वर्मा की केजरीवाल को चेतावनी, सरकारी काम रोकना बर्दाश्त नहीं करूंगा, राहुल गांधी से कहा- आप रहने दो भाई।
- **महाराष्ट्र** के सोलापुर में तुलशी गांव बेचने का बोर्ड लगा, कीमत सिर्फ पानी, राज्य की 265 तहसीलें सूखा घोषित।

नाराज गुट ने एकत्रित होकर शहर काजी खलिकुर्रेहमान का मिर्जावाड़ी स्थित घर घेरकर किया पथराव

सहमति से मस्जिद का हिस्सा हटाने के दौरान एक पक्ष विरोध में उतरा

पथराव करने वालों पर पुलिस का हल्का बल प्रयोग, आंसू गैस छोड़कर खदेड़ा, महिला निरीक्षक घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर उज्जैन में सोमवार सुबह समाज का एक धड़ा शाही मस्जिद के हिस्से को हटाने का काम आपसी सहमति से कर रहा था। इसके उपरांत एक पक्ष विरोध में उतर आया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन पर टंकी चौक के पास जुटी भीड़ ने पथराव कर दिया। पथराव में क्राइम ब्रांच निरीक्षक पुष्पा पांचाल को हाथ में चोंट लगी है। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़कर स्थिति को नियंत्रित किया है। भीड़ के एक धड़े ने शहर काजी के घर का घेराव कर पथराव किया, पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है। शहर काजी खलिकुर्रेहमान ने सहमति की पुष्टि करते हुए समाजजनों को घरों में रहने और अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर कंठाल से गोपाल मंदिर मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। इस मार्ग पर खड़े हनुमान, शाही मस्जिद सहित 9 धर्मस्थल आ रहे हैं। शाही मस्जिद का चौड़ीकरण में आ रहे हिस्से को लेकर समाज के कुछ लोग उच्च न्यायालय इंदौर गए थे। एकल पीठ ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। सोमवार सुबह पथराव एवं पुलिस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता, संभागायुक्त आशीषसिंह, डीआईजी नवनीत भसीन पहुंचे और उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया है।

रविवार देर रात सहमति बनी

रविवार देर रात मस्जिद पर बड़ी संख्या में समाजजन जुटे थे। रात में ही पुलिस एवं प्रशासन ने समाज की कमेटी से चर्चा की थी। इसमें कमेटी के लोगों के साथ शहर काजी भी शामिल थे। इसमें दोनों पक्षों की सहमति बनी और मस्जिद के चौड़ीकरण के दायरे में आ रहे हिस्से को समाज ही हटाएगा इसकी सहमति दी गई। रात से ही पूरे क्षेत्र में जिला पुलिस बल, आरएएफ एवं क्यूआरएफ का भारी पुलिस बल तैनात है।











एक पक्ष ने तुड़ाई शुरू की दूसरे ने किया पथराव

सोमवार सुबह समाजजनों ने मस्जिद के अंदर से चौड़ीकरण में आ रहे हिस्से को हटाने का काम शुरू किया था। इसी दरमियान पास ही स्थित टंकी चौक की ओर से आई भीड़ ने आकस्मिक विरोध करते हुए पुलिस एवं प्रशासन पर नारेबाजी के साथ पथराव कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए भीड़ को तितरबितर करने के लिए अश्रुगैस के आधा दर्जन गोले छोड़े। इसके बाद पुलिस बल ने असामाजिक तत्वों को खदेड़ दिया ।

महिलाओं को बचाने में निरीक्षक घायल

पथराव के दौरान कुछ महिलाओं को वहां से निकालने के प्रयास में क्राइम ब्रांच की निरीक्षक पुष्पा पांचाल के हाथ में चोंट लगी है। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद वे पुनः स्थल पर ड्यूटी देती देखी गई।

नेशनल हाईवे जाम समझाइश से खुला

इसी के साथ समाजजनों के एक पक्ष ने इंदौर-कोटा नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया था। पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल पर जाकर उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत करवाते हुए आपसी सहमति की जानकारी दी तो वे भी अपने घरों को लौट गए।

तीन थाना क्षेत्र, 7 प्रकरण 15 गिरफ्तार

सोमवार देर शाम को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि पथराव एवं बलवा के मामले में पुलिस ने महाकाल, खाराकुंआ एवं कोतवाली थाना क्षेत्र में कुल 7 प्रकरण दर्ज किए हैं। इनमें 15 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पथराव करने वालों की पहचान कर रही है।

उपद्रवियों को पुलिस ने खदेड़ा

मस्जिद के चौड़ीकरण में आ रहे हिस्से को हटाने पर विरोध करने वाले समाज का धडा शहर काजी खलिकुर्रेहमान के मिर्जा नईम बेग मार्ग मिर्जावाड़ी क्षेत्र निवास पर पहुंचा और यहां उनके घर को घेर लिया था। इस दौरान कुछ लोगों ने उनके घर पर पत्थर भी फेंके। पुलिस ने यहां पहुंचकर उपद्रव करने वाले लोगों को खदेड़ दिया। शहर काजी खलिकुर्रेहमान ने सोमवार को समाजजनों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी से गुजारिश है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। मस्जिद का मसला रात को ही हल हो गया था और जो कमिटमेंट हुआ था वो काम पूरा हो रहा है। वो लोग अपना काम कर रहे हैं। इसलिए आप सभी से अपील है कि बेवजह बाजारों में न खड़े हों, बाजार की तरफ न जाएं, अपने घरों में रहें और अफवाहों की वजह से बाहर न निकलें।

समाजजनों ने ही हिस्सा हटाने की पहल की

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मिडिया बयान में कहा कि सन 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होना है और जो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे उनकी व्यवस्थाओं के लिए जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, जो मार्गों का चौड़ीकरण चल रहा है, मास्टर प्लानिंग के हिसाब से सड़कों का चौड़ीकरण चल रहा है। सबसे अच्छी बात ये है कि सभी व्यक्ति, सभी धर्म समुदाय के लोग स्वतः इसमें अपना योगदान कर रहे हैं और उनके जो मकान, धर्मस्थल जो भी आ रहे हैं उनको स्वतः हटा रहे हैं। इसी के क्रम में छतरी चौक पर आज शाही मस्जिद का हिस्सा भी इनके समाजजनों के द्वारा स्वतः हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह में न आएं और शांति व्यवस्था बनाए रखें।

जेन-जी के आंदोलन को कुचलने की कोशिश न करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

जो लोग खुद को राजनीति का चाणक्य समझते हैं, जो अपने आपको तीसमार खां मानते हैं, उनको हमारी चेतावनी है कि शुद्ध हृदय वाले बच्चों से मत लड़ो। क्योंकि शुद्धता से जब लड़ोगे तो आपकी कोई भी चतुराई काम नहीं आएगी। यह कहना है शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का। जबलपुर पहुंचे शंकराचार्य ने कहा कि जो सरकार दावा करती थी कि इस सरकार में इस्तीफे नहीं होते, लेकिन जेन-जी ने यह करके दिखाया है।

सुप्रीम कोर्ट का यूपीआई चार्ज पर रोक से इनकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने यूपीआई पेमेंट पर 0.4% चार्ज लगाने के केंद्र सरकार के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। 15 अक्टूबर से यह शुल्क 2 हजार रुपए से ज्यादा के मर्चेंट पेमेंट पर लागू होगा। हालांकि, कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है कि इस नए नियम को लागू करने का आधार क्या है।

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का 10 राज्यों में प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देश के 10 राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात, दिल्ली, केरलम में सोमवार को कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है।

यूपी के आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार के घर पर कालिख पोती और लिखा- ज्ञानेश कुमार गद्दार, वोट चोर। राजस्थान के जयपुर में शहीद स्मारक पर सभा के बाद कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग के ऑफिस तक पैदल मार्च निकाला। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया। पुलिस ने पर्व सीएम अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन चलाई।

जयपुर में गहलोत और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी वोट चोरी के मुद्दे को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रही है। शहीद स्मारक पर सभा के बाद चुनाव आयोग के ऑफिस तक पैदल मार्च के लिए कूच किया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई।

बैरिकेड्स पर चढ़े कांग्रेस कार्यकर्ता, पुलिस ने वाटर कैनन चलाई

भोपाल में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अगुआई में कार्यकर्ता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। कांग्रेस का आरोप है कि एसआईआर के जरिए बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स पर चढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन चलाया। बाद में प्रदर्शनकारियों को बसों में बैठाया गया। एक कार्यकर्ता ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मुखौटा पहनकर खुद को जंजीरों से बांध रखा था। जीतू पटवारी और उमंग सिंघार उस जंजीर को पकड़े नजर आए। कार्यकर्ताओं ने वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाए।

पूर्व विधायक के जूते भीड़ में छूटे

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार बस की खिड़की के शीशे के ऊपर चढ़ने की कोशिश करते दिखे। जीतू पटवारी को भी पुलिस ने बस में बैठाया, लेकिन वे बाद में बस से उतर गए। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी के जूते भीड़ में छूट गए और वे नंगे पैर चलते नजर आए। कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट में नाम हटाने और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। नेताओं ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

भारत में बदल रहा है लग्जरी कार खरीदने का अंदाज

प्री-ओन्ड लग्जरी कार बाजार में बढ़ता भरोसा और नई संभावनाएं

एक समय था जब लग्जरी कार खरीदना केवल कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित माना जाता था। लेकिन अब भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में तेजी से बदलाव हो रहा है। प्री-ओन्ड यानी इस्तेमाल की गई लग्जरी कारों का बाजार लगातार अपनी जगह बना रहा है।

आज ग्राहक नई लग्जरी कार की तुलना में अच्छी स्थिति वाली प्री-ओन्ड कार को भी एक व्यावहारिक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। कम कीमत में प्रीमियम ब्रांड की कार, बेहतर फीचर्स और लग्जरी ड्राइविंग का अनुभव इस बाजार को आकर्षक बना रहे हैं।

भरोसा बना सबसे महत्वपूर्ण पहलू

पहले इस्तेमाल की गई लग्जरी कार खरीदते समय ग्राहकों के मन में सर्विस हिस्ट्री, पिछले मालिक, दुर्घटना और मेंटेनेंस को लेकर कई सवाल होते थे। अब सर्टिफाइड प्री-ओन्ड कार्स और संगठित डीलरशिप के बढ़ते चलन से स्थिति बदल रही है। कार की तकनीकी जांच, सर्विस रिकॉर्ड, दस्तावेजों की जांच, फाइनेंस और वारंटी जैसी सुविधाएं ग्राहकों को अधिक भरोसा दे रही हैं, जिससे यह बाजार अब पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित हो गया है।

छोटे शहरों में भी बढ़ रही मांग

प्रीमियम कारों की मांग अब केवल दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे महानगरों तक सीमित नहीं है। टियर-2 और टियर-3 इंदौर, अहमदाबाद, पुणे, चंडीगढ़ आदि शहर में भी ग्राहकों की पसंद बदल रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बेहतर फाइनेंस विकल्पों ने ग्राहकों के लिए दूसरे शहरों में उपलब्ध कारों की जानकारी हासिल करना आसान बना दिया है। आज ग्राहक केवल ब्रांड नहीं, बल्कि कार की वास्तविक स्थिति, सर्विस हिस्ट्री, प्रमाणिकता, वारंटी और कुल ओनरशिप कॉस्ट को भी महत्व देता है।

इसी बदलते बाजार में ARJ सेलेक्ट की खास पहल

इंदौर के पलासिया स्क्वायर स्थित ARJ सेलेक्ट, ने सर्टिफाइड प्री-ओन्ड कार्स के साथ इस बदलती ग्राहक सोच को ध्यान में रखते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। ARJ सेलेक्ट की खासियत है सर्टिफाइड कार्स और कंपनी वारंटी, जिससे ग्राहक को प्री-ओन्ड कार खरीदते समय अतिरिक्त भरोसा मिलता है। यहां कोशिश है कि ग्राहक को ऐसी कार मिले जो दिखने और अनुभव में बिल्कुल नई कार जैसी लगे, लेकिन कीमत उसके बजट में हो।

पूरी तरह से तैयार कारें, नई जैसी विश्वसनीयता के साथ

ARJ सेलेक्ट में बिकने वाली हर कार को पूरी तरह से तैयार (truly complete) करने के बाद ही ग्राहक तक पहुँचाया जाता है। यदि किसी कार में कोई स्पेयर पार्ट बदलने की जरूरत होती है, तो उसे बदला जाता है, सर्विस किया जाता है और आवश्यक मरम्मत की जाती है, ताकि कार आने वाले समय में पूरी तरह मेंटेनेंस-फ्री अनुभव दे सके। इसके अलावा, हर कार को एक बाहरी एजेंसी की कठोर सर्टिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होता है, और इसमें पास होने के बाद ही कार ब्रांड वारंटी के लिए पात्र मानी जाती है। यही कठोर प्रक्रिया ARJ सेलेक्ट की सर्टिफाइड कार को बाजार की सामान्य प्री-ओन्ड कारों से अलग बनाती है।



नई कार जैसा अनुभव, सर्टिफाइड कार के साथ - अब आपके बजट में।

अंशुल जैन, एमडी, ARJ सेलेक्ट के अनुसार, "हमारा उद्देश्य ग्राहकों को प्री-ओन्ड कार खरीदते समय नई कार जैसा अनुभव देना है। सर्टिफाइड कार, कंपनी वारंटी और गुणवत्ता पर हमारा फोकस ग्राहकों को एक भरोसेमंद विकल्प उपलब्ध कराता है। हमारे ग्राहक मुख्य रूप से अपग्रेड के लिए हमारे पास आते हैं। मास सेगमेंट से कोई ग्राहक अपनी पहली लग्जरी कार खरीदना चाहता है, तो वहीं जो पहले से लग्जरी कार का मालिक है, वह एक बड़ी कार में अपग्रेड करना चाहता है - लेकिन इस अपग्रेड पर बड़ी रकम खर्च करने में उसे कोई वैल्यू नजर नहीं आती। यहीं पर हमारी सर्टिफाइड प्री-ओन्ड कार्स कारें उनके लिए एक समझदारी भरा विकल्प बन जाती हैं।

ARJ सेलेक्ट
सर्टिफाइड प्री-ओन्ड लग्ज़री कारें
शेखर सेंट्रल, पलासिया स्क्वायर, इंदौर
संपर्क करें: 8889898024

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

त्यौहारों पर फ्लैग मार्च

अक्सर हमारे यहां त्यौहारों के दौर में पुलिस और प्रशासन का संयुक्त फ्लैग मार्च होता है। सीधे तौर पर इसे प्रदर्शन के रूप में देखा जाता है लेकिन यह सामान्य नहीं होता है। नियमों एवं प्रावधान के तहत इसे किया जाता है। यह कोई रूटीन गश्त नहीं, यह पूर्व में आईपीसी की धारा 144 और अब बीएनएसएस की धारा 163 और म.प्र. पुलिस रेगुलेशन के तहत निवारक कार्रवाई होती है। इसकी एक मानक संचालन प्रक्रिया होती है। जिला मजिस्ट्रेट (कलेक्टर) और एसपी की संयुक्त सहमति से। कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका, त्योहार (गणेश उत्सव, मोहर्रम, चुनाव), अतिक्रमण हटाने या बड़ी कार्रवाई से पहले निकाला जाता है।इसमें मजिस्ट्रेट (अनुविभागीय दंडाधिकारी /तहसीलदार) का साथ रहना अनिवार्य है। मजिस्ट्रेट नहीं तो फ्लैग मार्च को केवल पुलिस परेड माना जाता है। धारा 129 आईपीएस के तहत बल प्रयोग का अधिकार नहीं होता है। पुलिस में - एएसपी/ सीएसपी/ एसडीओपी नेतृत्व करते हैं। इसमें जिला पुलिस, होमगार्ड, विशेष सशस्त्र बल कम से कम 1 सेक्शन (8-10 जवान) हथियार के साथ, लाठी पार्टी, आंसू गैस, वीडियोग्राफर और वायरलेस सेट शामिल रहते हैं। प्रक्रिया के तहत इसका पहले से तय रूट का नक्शा, लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट- अफवाह पर ध्यान न दें, प्रशासन आपके साथ है। फ्लैग मार्च के दौरान सिर्फ उपस्थिति दिखाना और विश्वास पैदा करना उद्देश्य है। फ्लैग मार्च में सिर्फ चलना नहीं होता, उसकी पूरी तैयारी का मानक संचालन प्रक्रिया म.प्र. पुलिस मैन्युअल और जिला दंडाधिकारी गाइडलाइन में तय है। इसे खुफिया अ-सूचना के आधार पर थाने से संवेदनशील गली, पुराने विवाद, सोशल मीडिया अफवाह की रिपोर्ट से तय किया जाता है। फ्लैग मार्च जिला दंडाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ऑफिस से अनुमोदित नक्शा तय होता है इसमें कौन सी गली में पैदल, कहाँ वाहन से निकाला जाएगा यह भी तय होता है। इसमें पुलिस की और से न्यूनतम - 1 राजपत्रित अधिकारी, 2 एसआई, 1 सेक्शन एसएएफ (हथियार सहित), 15-20 जिला बल लाठी के साथ, 2 महिला आरक्षक, वीडियोग्राफर, वायरलेस ऑपरेटर शामिल किए जाते हैं।

नैनो न्यूज

- **देशभर में** स्थापित होंगे राष्ट्र शक्ति और सनातन संस्कृति केंद्र, राजेश आंजणा बने राष्ट्रीय अध्यक्ष, रामघाट स्थित दत्त अखाड़ा में धर्मवीर युवा दल की अखिल भारतीय बैठक संपन्न, राष्ट्रीय व जिला कार्यकारिणी घोषित
- **संत नगर बागपुरा** में भंडारे के साथ गणेश उत्सव का समापन, 6 हजार श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी, महाकाल ग्रुप समिति के आयोजन का 14वां वर्ष
- **गुदरी गणराज** की 41वीं शोभायात्रा में गूंजी झांझ की थाप, चेतन भो नारी शक्ति मंडली ने किया शानदार प्रदर्शन, पूजा बिटिया और उनकी टीम का शॉल-श्रीफल से हुआ सम्मान, बालिकाओं को दी जा रही आत्मरक्षा और सनातन की शिक्षा
- **जनमानस की भाषा** में सरल लिखना ही संप्रेषण की विशिष्ट शैली, वरिष्ठ कवयित्री डॉ. पुष्पा चौरसिया की दो काव्य कृतियों 'रक्षासूत्र' और 'षटरस' का हुआ लोकार्पण
- **कल्पवृक्ष के समान** है श्रीमद्भागवत कथा, श्रवण करने से मिलता है मनचाहा फल, नानाखेड़ा के परिहार गार्डन में सात दिवसीय कथा शुरू, ऋषिनगर से निकली भव्य कलश यात्रा
- **संभाग स्तरीय** महिला बैडमिंटन स्पर्धा में रतलाम विजेता और उज्जैन बना उपविजेता, महानंदा स्पोर्ट्स एरीना में 7 जिलों की 35 खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट खेल
- **माधव कॉलेज** के विद्यार्थियों ने विशेष बच्चों के बीच किया श्रमदान, सीखी ब्रेल लिपि, पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के समाज कार्य के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में जानी विशेष शिक्षण तकनीकें
- **अशोक नगर** से निकला श्री राम भक्त मंडल का विसर्जन चल समारोह, 12 दिवसीय गणेशोत्सव के समापन के बाद, मंगलनाथ में किया प्रतिमा विसर्जन

ट्रेंडिंग



श्राद्ध पक्ष के दौरान रामघाट पर मूलभूत सुविधा गौण

चमक-दमक बढ़ी लेकिन घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाएं अब भी नदारद


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उत्सव और पर्वों के शहर में नित नए आयोजन और चल समारोह होते रहते हैं। बाबा महाकाल की कृपा पाने की अभिलाषा लेकर देशभर से श्रद्धालु प्रतिदिन उज्जैन पहुंचते हैं। धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर शहर की पहचान लगातार मजबूत हो रही है। चमक-दमक बढ़ी है, विकास का चक्र भी तेजी से घूम रहा है, लेकिन शहर की तस्वीर को थोड़ा गौर से देखें तो मूलभूत सुविधाओं के मामले में उज्जैन आज भी बाबा महाकाल की ओर टकटकी लगाए खड़ा नजर आता है।

शिप्रा को पुण्यसलिला माना जाता है। श्रद्धालु आस्था के साथ इसमें स्नान करते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या शिप्रा वास्तव में प्रवाहमान और स्वच्छ नजर आ रही है? नदी की सफाई और सतत प्रवाह के लिए योजनाओं की चर्चा तो खूब होती है, लेकिन जमीन पर इसका स्थायी समाधान कब दिखाई देगा, यह अब भी सवाल बना हुआ है।







घाटों पर चेंजिंग रूम नहीं, महिलाएं परेशान

प्रतिदिन शिप्रा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या महिलाओं और युवतियों की भी होती है। स्नान के बाद कपड़े बदलना उनके सामने सबसे बड़ी समस्या बन जाता है। घाटों पर पर्याप्त चेंजिंग रूम ही उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में स्नान के बाद महिलाओं को खुले या असुविधाजनक स्थानों पर कपड़े बदलने की मजबूरी झेलनी पड़ती है। धार्मिक नगरी में देशभर से आने वाली महिला श्रद्धालुओं के लिए यह स्थिति सुविधाजनक तो दूर, कई बार बेहद असहज और शर्मिंदगी भरी बन जाती है। नदी किनारे पर्याप्त सार्वजनिक शौचालयों का अभाव भी बड़ी समस्या है। रामघाट पर श्रद्धालुओं की सबसे अधिक आवाजाही रहती है, बावजूद इसके आसपास पर्याप्त सुविधाघर नजर नहीं आते। महिलाओं के लिए स्थिति और भी कठिन हो जाती है। हरसिद्धि मंदिर के पीछे अच्युतानंद व्यायामशाला की ओर से नदी तक जाने वाली सीढ़ियों पर भी लोगों द्वारा पेशाब किए जाने से दुर्गंध और गंदगी का माहौल बना रहता है। बताया जाता है कि यहां मौजूद एकमात्र शौचालय भी कई दिनों से बंद है। शौचालय के बाहर ही लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं, जिससे आसपास गंदगी फैल रही है।

एक जीर्ण-शीर्ण चेंजिंग रूम जिसका दरवाजा ही गायब

विडंबना देखिए कि जहां श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम की जरूरत है, वहां जो एक चेंजिंग रूम नजर आता है, उसका दरवाजा ही निकला हुआ है। उसकी मरम्मत तक नहीं हो पाई है। नए चेंजिंग रूम भी पर्याप्त संख्या में नजर नहीं आते। बड़े-बड़े विकास कार्यों और चमकती व्यवस्थाओं के बीच क्या इतनी छोटी-सी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई जा सकती? उज्जैन को धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बनाने की योजनाएं बन रही हैं, सिंहस्थ की तैयारियां चल रही हैं और देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने की बातें हो रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि चमक-दमक के साथ उन बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जाए, जिनसे श्रद्धालु सीधे रूबरू होते हैं। क्योंकि पर्यटक शहर की बड़ी इमारतें और विकास कार्य ही नहीं देखता, वह घाट की सीढ़ियों, शौचालय की सफाई, कपड़े बदलने की जगह और नदी की स्थिति भी देखता है। यदि इन छोटी लेकिन जरूरी सुविधाओं के अभाव में कोई श्रद्धालु शिकायती भाव लेकर तीर्थनगरी से लौटता है, तो बड़े विकास की चमक भी फीकी पड़ जाती है।

श्राद्ध पक्ष में तर्पण से पिंडदान तक, हर कर्म की अपनी अलग है मान्यता

पितरों के निमित्त श्रद्धालु करते हैं तर्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्राद्ध पक्ष को सनातन परंपरा में पितरों के स्मरण और उनके निमित्त श्रद्धा अर्पित करने का विशेष काल माना गया है। इन दिनों श्रद्धालु अपने पूर्वजों का स्मरण कर उनकी तिथि के अनुसार श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्राद्ध केवल एक कर्मकांड नहीं, बल्कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर है।

तर्पण का विशेष महत्व- श्राद्ध कर्म में जल और तिल से किया जाने वाला तर्पण प्रमुख माना जाता है। श्रद्धालु पितरों का स्मरण करते हुए जल अर्पित करते हैं। मान्यता है कि तर्पण के माध्यम से पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है और उनके आशीर्वाद की कामना की जाती है।

- **पिंडदान से पितरों का स्मरण-** पिंडदान भी श्राद्ध कर्म का महत्वपूर्ण अंग है। आटे, चावल अथवा निर्धारित सामग्री से पिंड बनाकर पितरों को अर्पित किए जाते हैं। अलग-अलग तीर्थों और परंपराओं में पिंडदान की विधि में अंतर हो सकता है। उज्जैन में गयाकोठा तीर्थ को पितृ कर्म के लिए महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है, जहां श्राद्ध पक्ष में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।
- **ब्राह्मण भोजन और दान-** श्राद्ध के अवसर पर ब्राह्मण को भोजन कराना तथा यथाशक्ति दक्षिणा और दान देना भी परंपरा का हिस्सा है। इसके साथ ही अन्न, वस्त्र और अन्य उपयोगी सामग्री का जरूरतमंदों को दान करने की परंपरा भी प्रचलित है।
- **पंचबलि की परंपरा-** कई गृहस्थ परंपराओं में श्राद्ध के दौरान गाय, कुत्ते, कौए आदि के लिए भोजन निकालने की परंपरा भी निभाई जाती है। इसे जीव-जंतुओं के प्रति संवेदना और अन्न के प्रति सम्मान से जोड़कर देखा जाता है।



देव पूजन के बाद पितृ कर्म

कई परंपराओं में श्राद्ध कर्म से पहले गणेश, विष्णु आदि देवताओं का स्मरण और पूजन किया जाता है। इसके बाद संकल्प लेकर पितरों के निमित्त तर्पण, पिंडदान और अन्य कर्म किए जाते हैं। हालांकि विधि परिवार, क्षेत्र और संबंधित धार्मिक परंपरा के अनुसार अलग-अलग हो सकती है।

दीपदान और सेवा भी महत्वपूर्ण

श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त दीप प्रज्वलित करने तथा सेवा और दान करने की परंपरा भी कई स्थानों पर है। धार्मिक मान्यता में इन कर्मों का उद्देश्य पितरों का स्मरण करते हुए सद्कर्म और सेवा के माध्यम से श्रद्धा अर्पित करना है। श्राद्ध पक्ष का मूल संदेश यही है कि पूर्वजों को केवल एक दिन याद करने के बजाय उनके प्रति कृतज्ञता, परिवार की परंपराओं के संरक्षण और जरूरतमंदों की सेवा को जीवन का हिस्सा बनाया जाए। यही कारण है कि पितृपक्ष में तीर्थस्थलों, नदी घाटों और पितृ कर्म से जुड़े स्थानों पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ दिखाई देती है।

थाईलैंड में लहराया तिरंगा, उज्जैन के अफराज-अबराज ने जीते स्वर्ण पदक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

थाईलैंड में आयोजित 58वीं एशियाई बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया। उज्जैन के अफराज एवं अबराज ने भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करते हुए बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अर्जित किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से उज्जैन के खेल जगत में हर्ष का माहौल है।

राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश, मुख्यालय उज्जैन के चेयरमैन प्रेमसिंह यादव, पूर्व मिस्टर इंडिया एवं प्रादेशिक अध्यक्ष जितेंद्रसिंह कुशवाह तथा राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास ने बताया कि उज्जैन लगातार बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। अफराज पूर्व में भी साउथ एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में मिस्टर साउथ एशिया का खिताब और स्वर्ण पदक जीतकर भूटान में तिरंगा लहरा चुके हैं।

अफराज और अबराज की स्वर्णिम उपलब्धि ने उज्जैन के युवा खिलाड़ियों के लिए भी नई प्रेरणा पैदा की है। दोनों खिलाड़ियों के उज्जैन आगमन पर आयरन गेम्स परिवार की ओर से भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर पद्मश्री वर्ल्ड चैंपियन प्रेमचंद ढींगरा, इंटरनेशनल महासचिव चेतन पठारे, इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी रमेश, संयुक्त सचिव अतिन तिवारी एवं इंटरनेशनल रेफरी रोहित जेठवा सहित खेल जगत से जुड़े पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

आज मनाया जाएगा विश्व हृदय दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने, हृदय के कार्यों तथा हृदय संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। वर्तमान में आरामदायक जीवनशैली एवं खान-पान में हुए बदलाव के कारण हृदय संबंधी बीमारियां तेजी से सामने आ रही हैं। हृदय मांसपेशियों से बना एक पंप है, जो पूरे शरीर में रक्त के प्रवाह का संचालन करता है। डॉ. पटेल ने बताया कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से रक्त नलिकाओं की अंदरूनी सतह पर वसा के थक्के जम सकते हैं।

भगवान महाकाल के गोविंदा ने किए दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फिल्म अभिनेता गोविंदा ने सोमवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने भगवान महाकाल के चरणों में पूजा कर बच्चों और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद गोविंदा ने बताया कि उन्होंने बाबा महाकाल के चरणों में दंडवत प्रणाम किया। उन्होंने सभी पर कृपा बनाए रखने और हर तरह की तकलीफ, कष्ट व बाधा दूर करने की कामना की। गोविंदा ने



भगवान महाकाल की आराधना करते हुए वैदिक मंत्रों का जाप भी किया। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल सभी के जीवन से दुख, गरीबी, कष्ट और रोग दूर करें।

जीरो फैटेलिटी मॉडल में उज्जैन शहर शामिल, इंजीनियरिंग खामियां दूर करने पर जोर

सड़क के गड्ढों से लेकर ब्लैक स्पॉट तक की होगी नए सिरे से पड़ताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सड़क हादसों में होने वाली मौतों को शून्य करने के लक्ष्य के साथ सरकार ने जीरो फैटेलिटी मॉडल पर काम तेज कर दिया है। इस अभियान में उज्जैन को भी शामिल किया गया है। अब शहर और जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर केवल यातायात नियमों के पालन और ब्लैक स्पॉट पर चेतावनी बोर्ड लगाने तक कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सड़क की इंजीनियरिंग खामियों को दूर करने, गड्ढों की मरम्मत, जंक्शनों को सुरक्षित बनाने और दुर्घटना संभावित मार्गों में आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

प्रदेश के सभी 55 जिलों के लिए रोड सेफ्टी एक्शन प्लान तैयार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कमेटी द्वारा चयनित जीरो फैटेलिटी जिलों में दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को शून्य करने के उद्देश्य से हाई एक्सीडेंट डेंसिटी कॉरिडोर और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक चरण में धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर और खरगोन को कार्यक्रम में शामिल किया गया था। अब भोपाल, इंदौर और उज्जैन जैसे बड़े शहरों को भी इसमें जोड़ा गया है।

इन जिलों का चयन पिछले पांच वर्षों के सड़क हादसों और मृत्यु दर से जुड़े आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर किया गया है। उज्जैन में भी दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित कर वहां सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था, संकेतक, प्रकाश व्यवस्था और जंक्शनों की स्थिति का परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही इंजीनियरिंग सुधार, यातायात नियमों का प्रवर्तन और दुर्घटना के बाद त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था को एक साथ मजबूत करने की योजना है। प्रदेश में सड़क सुरक्षा की चुनौती का अंदाजा गड्ढों से जुड़े हादसों के आंकड़ों से लगाया जा सकता है। वर्ष 2021 में गड्ढों से जुड़े 711 हादसों में 220 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2022 में 759 हादसों में 199 मौतें दर्ज हुईं, जबकि 2023 में 1205 ऐसे हादसों में 177 लोगों की जान गई। इस तरह तीन वर्षों में गड्ढों से जुड़े 2675 हादसों में 596 लोगों की मौत हुई।

वर्ष 2024 और 2025 में भी गड्ढों के कारण होने वाले हादसों का सिलसिला जारी रहा। ऐसे में उज्जैन सहित जीरो फैटेलिटी मॉडल में शामिल जिलों में सड़क के गड्ढों और खतरनाक हिस्सों की समय पर मरम्मत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

- **वर्ष 2021 में गड्ढों से जुड़े 711 हादसों में 220 लोगों की मौत**
- **वर्ष 2022 में 759 हादसों में 199 मौतें दर्ज हुई**
- **वर्ष 2023 में 1205 ऐसे हादसों में 177 लोगों की जानें गई**
- **इस तरह तीन वर्षों में गड्ढों से जुड़े 2675 हादसों में 596 लोगों की मौत हुई**





30 सितंबर तक गड्ढे भरने की डेडलाइन निर्धारित

रोड सेफ्टी एक्शन प्लान के तहत सड़क इंजीनियरिंग में सुधार के लिए गड्ढे भरने, रम्बल स्ट्रिप्स और रोड स्टड लगाने तथा जंक्शनों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के लिए संबंधित विभागों को 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। पीडब्ल्यूडी ने भी सड़क मरम्मत के लिए अक्टूबर की समयसीमा तय की है।

उज्जैन में सिंहस्थ की तैयारियों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर यह काम और महत्वपूर्ण हो जाता है। शहर में आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय यातायात के दबाव को देखते हुए प्रमुख मार्गों, चौराहों और दुर्घटना संभावित स्थानों की खामियों को समय रहते दूर करना चुनौती होगी।

ब्लैक स्पॉट पर किया जाएगा स्थायी सुधार

जीरो फैटेलिटी मॉडल के तहत दुर्घटना संभावित स्थानों पर केवल चेतावनी बोर्ड लगाने के बजाय दुर्घटना के मूल कारण को दूर करने पर जोर दिया जाएगा। ब्लैक स्पॉट और हाई एक्सीडेंट डेंसिटी कॉरिडोर में सड़क की डिजाइन, जंक्शन व्यवस्था, रोड मार्किंग, संकेतक और प्रकाश व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

इसके अलावा अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के साथ सड़क पर घूमने वाले बेसहारा मवेशियों को हटाने की कार्रवाई भी रोड सेफ्टी प्लान का हिस्सा होगी। सड़क निर्माण और रखरखाव से जुड़े विभागों, पुलिस, नगरीय निकाय और अन्य संबंधित एजेंसियों के समन्वय से कार्रवाई की जाएगी। उज्जैन में जीरो फैटेलिटी मॉडल की सफलता का वास्तविक परीक्षण यही होगा कि सड़क हादसों के कारणों की पहचान केवल कागजों तक सीमित न रहकर मौके पर दिखाई दे और गड्ढों, खतरनाक मोड़ों, अव्यवस्थित जंक्शनों तथा अन्य सड़क खामियों का स्थायी समाधान किया जाए।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 29 सितंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

लोनिवि द्वारा निर्मित की जा रही सड़क का किया निरीक्षण

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों के साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा सीआईआरएफ के तहत निर्मित की जा रही 14.42 किलोमीटर लंबी सड़क व अन्य निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि समस्त कार्य समय सीमा में पूर्ण होना चाहिए। मुख्यमंत्री द्वारा हरि फाटक से होकर शंकराचार्य चौराहा से चंदूखेड़ी मार्ग पर फोर एवं सिक्स लेन का निर्माण तथा शिप्रा नदी पर अतिरिक्त पुल का निर्माण व टू लेन आरओबी के निर्माण कार्य का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया ।

विज्ञान मेले में एमपी ट्रांसको के स्टॉल को द्वितीय पुरस्कार

भोपाल। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में 22 से 26 सितम्बर तक आयोजित 13वें राज्य स्तरीय भोपाल विज्ञान मेले में मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के स्टॉल को सरकारी क्षेत्र की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ट्रांसमिशन प्रणाली से संबंधित विभिन्न तकनीकी मॉडलों, आधुनिक संचार एवं निगरानी व्यवस्थाओं और जानकारीपरक प्रदर्शनों के माध्यम से एमपी ट्रांसको ने विद्युत पारेषण की आधुनिक तकनीकों और कार्यप्रणाली को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मेले के दौरान एमपी ट्रांसको का स्टॉल विद्यार्थियों एवं आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। विज्ञान मेले में एमपी ट्रांसको द्वारा स्थापित स्टॉल पर विद्युत पारेषण प्रणाली की विभिन्न आधुनिक तकनीकों और उपकरणों के मॉडल प्रदर्शित किए गए।

इंदौर एयरपोर्ट एवं मांडू में पर्यटकों का पारंपरिक स्वागत

इंदौर। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत भारत पर्यटन इंदौर द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल, इंदौर तथा ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें अतुल्य भारत से जुड़ी सामग्री एवं आकर्षक उपहार भेंट किए गए। मांडू स्थित ऐतिहासिक जहाज महल परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहयोग से स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल, इंदौर पर आयोजित कार्यक्रम में आगमन करने वाले यात्रियों का तिलक लगाकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।

वृद्धजनों ने लिया प्रतियोगिताओं में भाग



इंदौर। अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत इंटर-जेनरेशनल बॉन्डिंग गतिविधियों के तहत समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, अपनत्व एवं सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज राजशांति आशियाना वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए ड्रॉइंग एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वृद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर सुंदर एवं आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कला और कल्पनाशीलता को अभिव्यक्त किया। इसी क्रम में आस्था वृद्धाश्रम में इंडोर गेम्स एवं सॉफ्ट स्किल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में वृद्धजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा खेल भावना, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल एवं रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन ने यह संदेश दिया कि रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियां हर आयु वर्ग के जीवन में उत्साह और सकारात्मकता का संचार करती हैं। कार्यक्रम के अंत में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति कुशवाहा प्रियंवदा द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया।

नैनो न्यूज

- **देवास – साइबर ठगी गिरोह का खुलासा-** देवास पुलिस ने साइबर ठगी के गिरोह का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। छह मामलों में करीब 10 लाख की ठगी सामने आई।
- **आगर – ग्रामीण समस्याओं पर जनविश्वास शिविर-** आगर-मालवा के कराड़िया में जिला स्तरीय जनविश्वास शिविर आयोजित हुआ। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को निराकरण के निर्देश दिए।
- **शाजापुर – महिला की सड़क हादसे में मौत-** शाजापुर के मझानिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। हादसे में बच्ची और युवक घायल हुए।
- **सुसनेर – सड़क हादसे में एक मौत-** सुसनेर के सादलपुर रोड पर बाइक की टक्कर से 57 वर्षीय मूकबधिर व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक भी गंभीर घायल हुआ।
- **रतलाम – जनसुनवाई में शिकायतें पहुंचीं-** रतलाम जिले के विभिन्न कार्यालयों में जनसुनवाई हुई। राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली सहित विभागों से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों ने कार्रवाई के निर्देश दिए।
- **मंदसौर – तेंदुए से ग्रामीणों में डर-** मंदसौर के हैदरवास में तेंदुए ने मवेशी के बच्चे का शिकार किया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत रही, वन विभाग के डीएफओ ने निरीक्षण किया।

उच्च शिक्षा विभाग का आदेशः नवंबर तक पंजीयन कराना होगा जरूरी

कॉलेजों में यूथ रेडक्रॉस अनिवार्य, हर महीने लिए जाएंगे 5 रुपए

जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में लागू होगी व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उच्च शिक्षा विभाग ने उज्जैन सहित प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में अब यूथ रेडक्रॉस का गठन और संचालन अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत अब कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले अंडर-ग्रेजुएट (यूजी) और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) समेत सभी पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं से यूथ रेडक्रॉस अंशदान के रूप में 5 रुपए प्रति माह का शुल्क लिया जाएगा।

इस तरह होगा राशि का बंटवारा छात्रों से लिए जाने वाले शुल्क को दो हिस्सों में बांटा जाएगा। कुल राशि का 30 प्रतिशत हिस्सा हर साल सितंबर माह तक जनरल सेक्रेटरी, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी भोपाल को भेजा जाएगा। वहीं, 60 प्रतिशत हिस्सा संबंधित कॉलेज या शैक्षणिक संस्था के पास ही रहेगा। इस फंड का उपयोग संस्थाएं यूथ रेडक्रॉस की स्थानीय गतिविधियों के लिए करेंगी। इसके लिए कॉलेजों को एक अलग बैंक अकाउंट खोलना होगा। आय-व्यय के लिए अलग कैशबुक बनेगी, जिसका हर साल अनिवार्य रूप से ऑडिट कराना होगा।

नवंबर 2026 तक पूरा करना होगा पंजीयन

राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के बाद यह आदेश जारी किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नवंबर 2026 तक सभी शैक्षणिक संस्थाओं को रेडक्रॉस का पंजीयन और गतिविधियों की रूपरेखा हर हाल में तय करनी होगी। कॉलेजों को 1 हजार रुपए शुल्क जमा कर जनरल सेक्रेटरी, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी (मप्र राज्य शाखा, भोपाल) से पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

सालाना जुटेगा 7 करोड़ से अधिक का फंड अकेले उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में 1500 उच्च शैक्षणिक संस्थान संचालित हैं, जिन्हें यह रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इन संस्थानों में लगभग 12 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ऐसे में सिर्फ उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थानों और विद्यार्थियों के माध्यम से एक साल में लगभग 7.35 करोड़ रुपए का फंड रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए जुटाया जा सकेगा।

विद्यार्थियों को सीधे तौर पर कई लाभ मिलेंगेः प्राथमिक उपचार व ट्रेनिंगः विद्यार्थियों को फर्स्ट एड (प्राथमिक उपचार), स्वास्थ्य, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। करियर में लाभः रेडक्रॉस गतिविधियों में शामिल होने पर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, जिनका अतिरिक्त लाभ भविष्य में नौकरी और उच्च शिक्षा में प्रवेश के दौरान मिलेगा। नेतृत्व क्षमता का विकासः सामाजिक सेवा के कार्यों से विद्यार्थियों में लीडरशिप क्वालिटी और जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। राष्ट्रीय स्तर के कैंपः उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर के रेडक्रॉस शिविरों में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।
आपातकाल में मददः किसी भी मेडिकल इमरजेंसी या प्राकृतिक आपदा के समय प्रशिक्षित युवाओं की यह टीम समाज के लिए सीधे तौर पर मददगार साबित होगी।

मौसमी संक्रमण बढ़े, पहचान में देरी से बढ़ सकता है खतरा

बुखार-खांसी को सामान्य बुखार समझना पड़ सकता है भारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मौसम बदलते ही शहर में बुखार, खांसी, बदन दर्द और कमजोरी की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचने वाले मरीज बढ़ गए हैं। खास बात यह है कि एक जैसे लक्षण अलग-अलग संक्रमणों में दिखाई दे रहे हैं।

स्वाइन फ्लू और दूसरे रेस्पिरेटरी वायरस के साथ डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड के मरीज भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में केवल लक्षणों के आधार पर बीमारी पहचानना मुश्किल है और जांच में देरी समस्या को गंभीर बना सकती है। स्वाइन फ्लू इंदौर में एक महिला की मौत सामने आई है। मौसमी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। उपलब्ध अस्पताल आंकड़ों के मुताबिक, मेडिसिन ओपीडी में आने वाले मरीजों में करीब 30 प्रतिशत मौसमी बीमारियों से प्रभावित हैं। मौजूदा सीजन में कुछ मरीज बुखार और रेस्पिरेटरी संक्रमण के साथ स्वाद और गंध कम होने की शिकायत भी कर रहे हैं।

स्वाइन फ्लू में फेफड़ों पर असर

लोगों में कोरोना को लेकर आशंका बढ़ रही है। हालांकि डॉक्टरों के मुताबिक स्वाद और गंध कम होना केवल कोरोना तक सीमित लक्षण नहीं है। दूसरे रेस्पिरेटरी संक्रमणों में भी ऐसा हो सकता है। स्वाइन फ्लू में फेफड़ों पर असर का खतरा एच1एन1 यानी स्वाइन फ्लू इंफ्लुएंजा वायरस से होने वाला संक्रमण है। अचानक बुखार, लगातार खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द और तेज थकान इसके सामान्य लक्षण हैं। यदि संक्रमण गंभीर हो जाए तो फेफड़ों तक पहुंचकर निमोनिया और ऑक्सीजन की कमी जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। इसलिए लगातार बिगड़ते लक्षणों को सामान्य वायरल मानकर लंबे समय तक घर पर इलाज करना जोखिम बढ़ा सकता है।

मलेरिया को सामान्य बुखार समझना पड़ सकता है भारी

मलेरिया में बुखार के साथ ठंड लगना, सिरदर्द, कमजोरी, बदन दर्द, मितली और उल्टी हो सकती है। भोपाल में इस साल अब तक 9 मामले सामने आए हैं। गंभीर मलेरिया में किडनी, फेफड़े और दिमाग प्रभावित हो सकते हैं। पेशाब कम होना, भ्रम, दौरे, अत्यधिक कमजोरी या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण गंभीर स्थिति का संकेत हो सकते हैं।



बचाव के तरीके अलग, सावधानी जरूरी रेस्पिरेटरी संक्रमणों से बचाव के लिए बीमार होने पर घर पर रहना, जरूरत पडने पर मास्क का इस्तेमाल, हाथ साफ रखना, खांसते-छींकते समय मुंह नाक ढंकना और घर में पर्याप्त वेंटिलेशन रखना उपयोगी है। डेंगू और मलेरिया से बचने के लिए मच्छरों से बचाव और आसपास पानी जमा न होने देना जरूरी है। टाइफाइड से बचाव के लिए सुरक्षित पानी और स्वच्छ भोजन लेना।

डॉक्टरों के मुताबिक हर वायरल संक्रमण गंभीर नहीं होता और हर मरीज में अंगों पर असर नहीं पड़ता। लेकिन गंभीर संक्रमण में अलग-अलग अंग प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए लगातार बुखार, हालत बिगडना, सांस लेने में परेशानी, तेज पेट दर्द, लगातार उल्टी, खून आना, पेशाब कम होना या अत्यधिक सुस्ती जैसे संकेत दिखाई देने पर चिकित्सकीय जांच में देरी नहीं करनी चाहिए।

महाकाल की सुरक्षा को लेकर समिति हाई अलर्ट पर

निजी सुरक्षा कंपनी के गार्डों को प्रशिक्षण दिलवाने के बाद मुस्तैद रहने की हिदायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकाल मंदिर की सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर मंदिर प्रबंध समिति हाई अलर्ट पर देखी जा रही है। निजी सुरक्षा कंपनी के गार्डों को विश्व विद्यालय से प्रशिक्षण दिलवाने के साथ ही मंदिर समिति ने उन्हें मुस्तैद रहने की हिदायत दी है। मंदिर प्रबंध समिति प्रशासक ने गार्डों को सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर हिदायत दी है।

शनिवार से श्री महाकाल मंदिर की व्यवस्था मंदिर प्रबंध समिति की और से हाई अलर्ट पर ली गई है। इसके लिए अबकी बार मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक ही सुरक्षा गार्डों से सीधी बात कर रहे हैं और उन्हें निर्देश दे रहे हैं। मंदिर प्रबंध समिति के पास वर्तमान में निजी सुरक्षा कंपनी के करीब 800 सुरक्षा गार्ड हैं। इसके साथ ही अल्प समय में यहां करीब 400 से अधिक होमगार्ड की तैनाती का प्लान भी लागू होने की जानकारी सामने आ रही है। मंदिर क्षेत्र एवं महाकाल महालोक में 500 हाईटेक सीसी टीवी और कृत्रिम बुद्धिमता आधारित ₹त्रिनेत्र₹ सिस्टम* से फेस रिकग्निशन, वाहन नंबर ट्रैकिंग और भीड़ का एनालिसिस हो रहा है। मंदिर में फर्जी वीआईपी पास जैसे मामलों के बाद सुरक्षा जांच और सख्त की गई है

प्रशासक ने सुरक्षा गार्डों को दो समय दिए निर्देश- श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने शनिवार को दो समय मंदिर परिसर एवं दर्शन मार्ग पर कार्यरत सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धालुओं को सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति अथवा अप्रत्याशित परिस्थिति में तत्काल मंदिर कंट्रोल रूम से समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान किया जाए। सुरक्षाकर्मी अपने दायित्वों का सजगता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें तथा किसी भी स्थिति में दर्शन व्यवस्था बाधित न होने दें। रात्रिकालीन शिफ्ट के सुरक्षाकर्मी सतर्क रहें, श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराएं।

सुरक्षा गार्ड की 5 बेच प्रशिक्षित- श्री महाकालेश्वर मंदिर के 800 सुरक्षाकर्मियों को अवंतिका विश्व विद्यालय में व्यवहार एवं भीड़ प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण जारी है। 5 बेच से अधिक को प्रशिक्षित किया गया है। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सुरक्षाकर्मियों के लिए विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के उपकुलपति नितिन राणा, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन डॉ. प्रोफेसर अजीत उपाध्याय के मार्गदर्शन में सुरक्षाकर्मियों को सॉफ्ट स्किल भीड़ प्रबंधन, कतार प्रबंधन तथा दर्शन व्यवस्था के दौरान प्रभावी संवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सुसाइड मामले में सुराग के लिए पार्टनरों से करेगी पूछताछ

बिल्डर बंटी नागर के मोबाइल खंगाल रही पुलिस

डिजिटल सबूतों और पार्टनरों से पूछताछ के जरिए मौत की वजह तलाशने में जुटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के पलासिया स्थित अपने ऑफिस में फांसी लगाकर जान देने वाले बिल्डर बंटी उर्फ संदीप नागर के मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस अब ऑफिस के कर्मचारियों और बंटी के मोबाइल में आखिरी समय में हुई बातचीत के आधार पर उनके परिचितों से पूछताछ करेगी। ऑफिस में लगे दो डीवीआर में से एक में हार्डडिस्क नहीं मिली, जबकि दूसरे डीवीआर को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी के अनुसार, साकेत में बंटी नागर निवासी गुलमोहर कॉलोनी का शव रविवार शाम उनके बेटे ने चौथे माले स्थित ऑफिस में देखा था। देर शाम परिजनों ने अस्पताल से पुलिस को घटना की जानकारी दी। बंटी के चौथे माले पर दो ऑफिस हैं और दोनों में कैमरे लगे हैं।

जिस केबिन में बंटी ने फांसी लगाई, वहां लगे डीवीआर में हार्डडिस्क नहीं मिली। वहीं दूसरे ऑफिस के कैमरे के डीवीआर में हार्डडिस्क लगी है। पुलिस ने डीवीआर जब्त कर लिया है, लेकिन उसमें पासवर्ड लगा है। बंटी के बेटे ने पुलिस को पासवर्ड की जानकारी नहीं होने की बात कही है।

पैटर्न लॉक खोलने की कोशिश

टीआई सुरेंद्र सिंह के मुताबिक, बंटी के मोबाइल में पैटर्न लॉक लगा है। पुलिस इसे 30 से ज्यादा बार खोलने का प्रयास कर चुकी है, लेकिन लॉक नहीं खुला। परिवार ने भी मोबाइल का पैटर्न पता होने से जानकारी नहीं थी। टेक्निकल डाटा गायब होने के चलते पुलिस फिलहाल किसी सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मदद नहीं ले रही है। पुलिस मोबाइल की जांच के जरिए आखिरी समय में बंटी की किन लोगों से बातचीत हुई थी, इसकी जानकारी जुटा रही है।

पत्नी ने साड़ी पहचानने से किया इनकार

बिल्डर बंटी ने साड़ी से फांसी लगाई थी। टीआई सुरेंद्र सिंह ने उनके बेटे से पत्नी को साड़ी पहचानने के लिए कहा। इस पर उनकी पत्नी ने साड़ी पहचानने से इनकार कर दिया। बंटी साड़ी लेकर ऑफिस कैसे पहुंचे, इसकी भी पुलिस जांच कर रही है। ऑफिस में

नदी स्वच्छता की पहल बनी जनभागीदारी की मिसाल

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को महाकाल मंदिर परिसर, उज्जैन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीयजनों के साथ सामूहिक श्रवण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'मन की बात' के 138वें संस्करण में मध्यप्रदेश के कुछ नौजवानों द्वारा नदी की सफाई के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं ने छोटे से प्रयास से शुरूआत की और धीरे-धीरे समाज के अन्य लोग भी इससे जुड़ते गए। प्रधानमंत्री ने इसे जनभागीदारी की जीवंत मिसाल बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की घोषणा, सिंहस्थ 2028 के लिए 172.87 करोड़ के 15 विकास कार्यों की सौगात

उज्जैन में जल्द दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन... बनेगा कॉरिडोर

महाकाल से इंदौर-पीथमपुर तक 25 हजार करोड़ से बनेगा कॉरिडोर

पीथमपुर, इंदौर और उज्जैन का बनेगा मजबूत नेटवर्क

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में जल्द मेट्रो ट्रेन आएगी। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने रविवार को महाकाल महालोक में आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन-लोकार्पण समारोह में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि उज्जैन को शीघ्र ही मेट्रो ट्रेन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री के इस बयान से उज्जैन-इंदौर-पीथमपुर मेट्रो परियोजना को लेकर चल रही प्रक्रिया को नई दिशा मिली है।

पहले चरण में श्री महाकालेश्वर मंदिर/नानाखेड़ा क्षेत्र से इंदौर के लवकुश चौराहा-सुपर कॉरिडोर तक करीब 45 किलोमीटर का कॉरिडोर प्रस्तावित है। शुरूआती डीपीआर में 11 स्टेशन प्रस्तावित किए गए थे। अंतिम मंजूरी से पहले रूट, स्टेशन और अलाइनमेंट में बदलाव हो सकते हैं। उज्जैन शहर में कुछ हिस्से को भूमिगत करने की संभावना पर भी विचार किया जा रहा है।

मेट्रो परियोजना की शुरूआती लागत करीब 10 हजार करोड़ रुपये थी। पीथमपुर को नेटवर्क में शामिल करने के बाद संशोधित डीपीआर में प्रस्तावित लागत करीब 25 हजार करोड़ रुपये हो गई है। पीथमपुर तक विस्तार से उज्जैन के धार्मिक पर्यटन, इंदौर के शहरी क्षेत्र और पीथमपुर के औद्योगिक क्षेत्र को एक नेटवर्क से जोड़ने की योजना है।

172.87 करोड़ के 15 विकास कार्यों की दी सौगात

सिंहस्थ 2028 को देखते हुए उज्जैन की कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विशेष जोर है। मुख्यमंत्री ने रविवार को ही लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे 14.42 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग, शिप्रा नदी पर अतिरिक्त पुल और टू-लेन आरओबी का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

मेट्रो परियोजना में अभी कैबिनेट मंजूरी के बाद फंडिंग, टेंडर, जमीन, निर्माण और ट्रायल की प्रक्रियाएं बाकी हैं, इसलिए मुख्यमंत्री ने मेट्रो मिलने की घोषणा तो की है, लेकिन यात्री सेवा शुरू होने की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने इसी कार्यक्रम में उज्जैन को 172.87 करोड़ रुपये के 15 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 153.31 करोड़ रुपये के 12 कार्यों का भूमिपूजन और 19.56 करोड़ रुपये के तीन कार्यों का लोकार्पण शामिल है। भूमिपूजन वाले प्रमुख कार्यों में गौशाला मार्ग से शिप्रा विहार मार्ग निर्माण, महाकाल लोक क्षेत्र में पार्किंग, महाकाल मंदिर परिसर का विकास, शिप्रा नदी के घाटों का जीर्णोद्धार, महाकाल मंदिर के पीछे लैंडस्केपिंग, चिंतामण जवासिया में पुलिस आवास, उन्हेल में थाना भवन और 45 नगरीय वनों का विकास शामिल है। लोकार्पित कार्यों में नीलगंगा और उन्हेल में पुलिस आवास एवं थाना भवन तथा बड़नगर में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवंतिका प्राचीन काल से ही गौरवशाली और वैभवशाली नगरी रही है। उज्जैन के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए नागरिक भी स्वेच्छा से योगदान दे रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य किए जाने की बात कही।

युवाओं में तेजी से बढ़ रहा कमर और जोड़ों का दर्द

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक समय था जब कमर और जोड़ों का दर्द केवल बुजुर्गों की बीमारी माना जाता था, लेकिन अब यह युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है। इसकी बानगी उज्जैन के शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेदिक अस्पताल में देखने को मिल रही है, जहां प्रतिदिन ओपीडी में लगभग 30 युवा मरीज कमर और जोड़ों के दर्द की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, गलत खान-पान, भागदौड़ भरी जिंदगी और काम के तनाव के कारण युवा कम उम्र में ही जोड़ों के दर्द (अर्थराइटिस), मोटापा, डायबिटीज और पेट की समस्याओं से घिर रहे हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि इन समस्याओं से निजात पाने के लिए युवा अब केमिकल युक्त दवाओं के बजाय प्राकृतिक आयुर्वेदिक उपचार को प्राथमिकता दे रहे हैं। बदलते मौसम ने भी बढ़ाई परेशानी गलत जीवनशैली के साथ-साथ वर्तमान में बदलता मौसम भी युवाओं की परेशानी बढ़ा रहा है। मौसम में आ रहे बदलाव और हल्की ठंड व नमी के कारण हड्डियों और जोड़ों में जकड़न बढ़ गई है। आयुर्वेद के अनुसार, ऐसे मौसम में शरीर में वात दोष कुपित होने से दर्द की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है, जिसके चलते इन दिनों अस्पताल में मरीजों की संख्या में अचानक इजाफा हुआ है।

आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. नृपेंद्र मिश्र के मुताबिक, जोड़ों में तेज दर्द, जकड़न और सूजन की शिकायत लेकर सबसे ज्यादा युवा अस्पताल आ रहे हैं। चिकित्सालय के ओपीडी काउंटर पर सुबह से ही घुटने, कमर और कंधों के दर्द से परेशान मरीजों की कतारें देखी जा रही हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि ओपीडी में आने वाले ज्यादातर युवा 'ग्रेड बी गठिया' से पीड़ित आ रहे हैं।

न्यूज कालम



मंडलेश्वर के चरक इंस्टीट्यूट में वंदे मातरम गान लेखन प्रतियोगिता का आयोजन


मंडलेश्वर। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को चरक इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी, मंडलेश्वर में वंदे मातरम गान लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही महाविद्यालय के शिक्षकगणो ने भी प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ में राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम तथा राष्ट्रीय गीत के प्रति जागरूकता एवं सम्मान की भावना को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता निर्धारित समयावधि में आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने वंदे मातरम् का गान लिखकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।विद्यार्थी वर्ग में विजेता, प्रथम स्थानः गुनगुन वर्मा, द्वितीय स्थानः आदर्श पाटीदार, तृतीय स्थानः भूमिका चौहान रहे शिक्षक वर्ग में प्रथम स्थान श्रीमती रश्मि पाटीदार, द्वितीय स्थान श्री नवदीप जायसवाल तथा तृतीय स्थान श्रीमती विनीता पाटीदार ने प्राप्त किया।प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम तथा राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान एवं जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. एस. बेले, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. बद्रीप्रसाद पाटीदार एवं संस्था के निदेशक श्री भगवान पाटीदार की ओर से प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने तथा उनमें बढ़-चढ़कर सहभागिता करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर शपथ व हेल्थ अवेरनेस कैंप का आयोजन किया गया



मंडलेश्वर। चरक इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी मंडलेश्वर के तत्वाधान में संस्था में फार्मासिस्ट दिवस पर स्वास्थ जागरूकता शिविर एवम पोस्टर मेकिंग कंपीटीशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट डे तहत मरीज की देखभाल एवं सही दवाई देने के लिए फार्मासिस्ट ओथ का वाचन प्रो. नवदीप जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडलेश्वर नगर में स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई । पोस्टर मेकिंग कंपीटीशन में प्रथम पुरस्कार रितिका जाट ने प्राप्त किया ।जिसका अवलोकन प्रो. भोलेनाथ बिरला द्वारा किया गया। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा रक्त समूह परिक्षण , बी एम आई एवं रक्त चाप परिक्षण कर , स्वास्थ सम्बंधित जानकारिया प्रो. अंजुला पाटीदार द्वारा दी गयी । कार्यक्रम में 100 विद्यार्थियों का रक्त परीक्षण किया गया । संस्था द्वारा किये गए इस आयोजन में संस्था के प्रतिनिधि प्रो. राजेश पटेल, प्रो. विनिता पाटीदार, प्रो. सोनाली पाटीदार एवं ललित पाटीदार, नवीन पाटीदार का सहयोग रहा । कार्यक्रम के अंत मे प्रो. मनोज जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर संस्था के चेयरमैन डॉ बी पी पाटीदार , डायरेक्टर भगवान पाटीदार व प्राचार्य डॉ. डी एस बेले ने हर्ष व्यक्त कर भविष्य में ऐसी गतिविधियों के आयोजन के लिए शुभकामनाए दी।

कबड्डी में सांदीपनि विद्यालय की छात्रा प्रिया का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



मनावर। सांदीपनि विद्यालय मनावर की अंडर-19 बालिका कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पश्चिम क्षेत्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं मनावर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर विद्यालय की दो छात्राएं ललिता चेनसिंग जर्मन एवं प्रिया जगदीश आचाले, दोनों कक्षा 11वीं, ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों छात्राओं के शानदार प्रदर्शन के चलते उनका चयन पश्चिम क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। पश्चिम क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रिया जगदीश आचाले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन आगामी विभागीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस उपलब्धि पर खरगोन लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं की सफलता में विद्यालय के पीटीआई श्री मनीष द्विवेदी की मेहनत, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी मेहनत रंग लाई और छात्राओं ने कबड्डी के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

नगर में पॉलिथीन पर शिकंजा, आज समझाइश के बाद कल से कार्रवाई होगी

सनावद। शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका ने अभियान को गति दी है। सोमवार को नपा के अमले ने बस स्टैंड से मोट्टाकाका चौराहे तक दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान दुकानदारों को पॉलिथीन के उपयोग और बिक्री से बचने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने व्यापारियों से कहा कि ग्राहकों को सामान देने के लिए पॉलिथीन के बजाय कपड़े, जूट या अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलों का इस्तेमाल करें। टीम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और नियमों की जानकारी देते हुए व्यापारियों से अभियान में सहयोग मांगा।नगर पालिका ने साफ किया कि सोमवार को दुकानदारों को सुधार का अवसर दिया गया है। इसके बाद निरीक्षण के दौरान पॉलिथीन का उपयोग या बिक्री मिलती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जुमार्ना भी लगाया जाएगा। अभियान में नगर पालिका अधिकारी तेजपाल सिंह चौहान, विनय प्राकोलय और संदीप शिंदे सहित कर्मचारी मौजूद रहे। नपा प्रशासन ने व्यापारियों और नागरिकों से शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहभागी बनने की अपील की है।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभा कक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, सेवा सेतु अभियान, सेवा संकल्प अभियान, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित समस्त शासकीय विद्यालयों में स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय का संचालन सुनिश्चित करें,भ्रमण के दौरान किसी भी शासकीय विद्यालय में जर्जर शौचलय पाए जाने पर संबंधित प्राचार्य के विरूद्ध कार्यवाही करें। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर छात्राओ एवं कन्या को एचपीवी का टीकाकरण अनिवार्य रूप से करवाए ।

इस दौरान श्रीमती माथुर ने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने विभाग में अधीनस्थ कुशल अकुशल श्रमिकों एवं कम्प्यूटर डाटा इंट्री आपरेटरों को प्रतिमाह वेतन देना सुनिश्चित करें , किसी भी कार्यालय से अगर कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित विभाग प्रमुख के साथ साथ संबंधित शाखा प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी । उन्होने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सेवा ज्योति यात्रा , योग कार्यक्रम आदि जिले में आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रम है , सभी कार्यक्रम की कार्ययोजना तैयार कर उसकी रूपरेखा से मुख्यालय को अवगत कराए , उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सौपे गए दायित्वो को निर्वाहन सुनिश्चित कर सफल आयोजन करना सुनिश्चित करें ।

इस दौरान उन्होंने प्रभारी सहायक आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि मॉडल स्कूल सहित जिले के अन्य विद्यालयों में सेवा अभिलेखों का नियमानुसार एवं अद्यतन संधारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, संबंधित कर्मचारियों को सेवा अभिलेखों के संधारण एवं अभिलेखीय कार्यों के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि सेवा निवृत्ति अथवा अन्य स्वत्वों के भुगतान संबंधी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित हो सके।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जनपद पंचायतों एवं श्रम विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, अनुग्रह सहायता राशि एवं संबल योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों में आपसी समन्वय स्थापित कर प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में श्रीमती माथुर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समयावधि पत्रों के निराकरण एक निश्चित समय में करना सुनिश्चित करें , विलंब से निराकरण करने पर संबंधित विभाग के खिलाफ अनुशासत्मक कार्यवाही की जाएगी ।



डॉ. प्रांजल काशिव को सिडनी में अंतरराष्ट्रीय सम्मान, 2400 शोध पत्रों में प्रथम स्थान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

ऑल इज वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजिस्ट और किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन प्रांजल काशिव को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

22 सितंबर को सिडनी में आयोजित समारोह में द ट्रांसप्लांट सोसाइटी और इंडियन सोसाइटी ऑफ ऑर्गन ट्रांसप्लांट द्वारा उन्हें ला रेनॉन इंटरनेशनल बेसिक एंड क्लिनिकल साइंसेज मेंटी-मेंटर अवार्ड 2026 प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके शोध पत्र "गाइडलाइंस फॉर स्वैप ट्रांसप्लांट" के लिए दिया गया। सम्मेलन के लिए भारत से 400 और दुनिया भर से दो हजार से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए थे। कुल 2400 प्रस्तुतियों में से चयन समिति ने उनके शोध को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए प्रथम स्थान दिया। वर्तमान में प्रांजल काशिव ऑल इज वेल हॉस्पिटल में नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और किडनी ट्रांसप्लांट कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं।

उनकी इस उपलब्धि पर हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक कबीर चौकसे, कार्यकारी निदेशक देवांशी चौकसे सहित प्रबंधन और स्टाफ ने बधाई दी।



महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक मंचन से दिया स्वच्छता का संदेश

मंडलेश्वर। सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर के विद्यार्थियों ने च्सेवा संकल्प अभियानज के अंतर्गत च्सेवा में मेरा योगदानज गतिविधि के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का जीवंत संदेश दिया। विद्यार्थियों ने ग्राम ठनगांव में नाट्य मंचन प्रस्तुत कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश देते हुए स्वच्छता का संकल्प दिलाया।स्वच्छता अभियान प्रभारी प्रो. राजेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत जिम्मेदारी तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाट्य मंचन ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया और स्वच्छता को लेकर सकारात्मक संदेश दिया।नाट्य मंचन में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में प्राची पटेल, विशाल पगारे, गुनगुन केवट, निकुंज पटेल, निर्मल पटेल, राघव पाटीदार, भूमिका पाटीदार, कशिश जाट, डिंकी पाटीदार, आर्ची उपाध्याय, कनक शर्मा, वैष्णवी मानवे एवं प्रियांशी पटेल सहित विद्यार्थियों ने अभिनय कर स्वच्छता का प्रभावी संदेश दिया।

चार दिन मनेगी अग्रसेन जयंती, 11 को निकलेगी शोभायात्रा

सनावद। अग्रवाल समाज की बैठक अग्रसेन भवन में हुई, जिसमें श्री अग्रसेन महाराज की जयंती चार दिवसीय उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा। बैठक में समाज की नई कार्य कारिणी का गठन भी सर्व सम्मति से किया गया। गोपालदास मित्तल अध्यक्ष, ऋषि बंसल सचिव और संजय सिंघल कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्य कारिणी में सुरेश एरन, अशोक मंगल, अरुण बंसल, महेश गोयल और प्रकाश सिंघल सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया। आयोजन की शुरूआत 8 अक्टूबर को महिलाओं के कार्यक्रम से होगी। 9 अक्टूबर को कार्निवल मेले का आयोजन किया जाएगा। 10 अक्टूबर को महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम होंगे। वहीं 11 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

नेपानगर प्राथमिक उपभोक्ता भंडार की आम सभा में हंगामा, अध्यक्ष पर लगे गंभीर आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर



नेपानगर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार की वार्षिक आमसभा में अंशधारियों का गुस्सा फूट पड़ा। सभा के दौरान जमकर हंगामा और नारेबाजी हुई, जिसके बाद सभा को बीच में ही भंग करना पड़ा।

अंशधारी सौजन्य तिवारी सहित अन्य अंशधारियों ने बताया कि यह संस्था नेपा मिल्स के मजदूरों द्वारा बनाई गई है और इसके सभी अंशधारी नेपा मिल के वर्तमान और सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। आरोप है कि कुछ वर्षों से संस्था के संचालक पद पर बिरजू लाल जैन को बैठाया गया है, जिन्होंने मनमानी करते हुए संस्था को लाभ से घाटे में पहुंचा दिया।

संस्था के गैस सिलेंडर से आने वाले पैसे को संस्था के खाते के बजाय निजी कर्मचारी के खाते में लिया जा रहा है और फिर ब्याज पर संस्था को ही दिया जा रहा है।

- 3 लाख रुपए के एवज में 36-36 हजार रुपए ब्याज वसूला जा रहा है।

- संस्था की जर्जर बिल्डिंग की जगह मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाने की योजना के पीछे जमीन हड़पने की मंशा है। अंशधारियों का कहना है कि यह संस्था गरीब मजदूरों की है, पूंजीपतियों की नहीं। उन्होंने मांग की है कि संस्था की पूरी ऑडिट और जांच कराई जाए और रिकवरी निकाली जाए।

अंशधारियों ने बताया कि इस संबंध में डीआर और कलेक्टर से पहले ही शिकायत की जा चुकी है, उसी के बाद आज प्रशासन मीटिंग लेने पहुंचा था। अंशधारियों ने निष्पक्ष चुनाव कराने की भी मांग की है।

खदान में डूबे दो सगे भाइयों की मौत

खंडवा। अनंत चतुर्दशी के दिन ग्राम नहालदा में पानी से भरी गहरी खदान में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार घटनास्थल गिट्टी की खदान है, जिसकी गहराई ५० फीट से अधिक बताई जा रही है, जबकि इसे तालाब बताए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हादसे के बाद खदान की वैधता, खुदाई की अनुमति, निर्धारित गहराई और सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। मौके पर सुरक्षा दीवार, तारों की बाड़ या चेतावनी बोर्ड थे या नहीं, इसकी जांच की मांग की जा रही है। बचाव अभियान में विधायक, महापौर, प्रशासनिक अमले और लहरों के राजा ग्रुप के सदस्यों ने प्रयास किए। करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद दोनों भाइयों के शव बरामद किए गए।



शेडो एरिया में लहलहा रही थी गांजे की खेती, तीन करोड़ के पौधे जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

पुलिस ने शेडो एरिया (नो मोबाइल नेटवर्क झोन) में हो रही गांजे की खेती का पदार्फाश किया है। कार्रवाई में 60 क्विंटल हरे गांजे के पौधे जब्त किए गए है। इसकी बाजारु कीमत 3 करोड़ रुपए आंकी गई है।

सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई चैनपुर थानाक्षेत्र के २ अलग-अलग स्थानों पर की गई। ग्राम जामली में की गई कार्यवाही में पुलिस ने कुल 9391 गांजे के पौधे खेत से उखाडने के बाद जब्त किए है। इनका कुल वजन 3765 किलो होकर 1 करोड़ 88 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। इसी तरह ग्राम गुवाड़ाव ठाटा फलिया में की गई कार्यवाही में 5800 गांजे के पौधे उखाड़े गए। इनका वजन 2209 किलो होकर कीमत 1 करोड़ 10 लाख 45 हजार रुपये आंकी गई है। इन खेतों तक पुलिस ड्रोन की मदद से पहुंची। खेतों तक सर्चिंग, नदी, पहाड़ एवं दुर्गम स्थानों से होकर पहुंचे थे। अवैध गांजे के पौधों को उखाडने में अनेक पुलिसकर्मियों को कई घंटो कड़ी मेहनत करनी पड़ी। कार्रवाई ग्राम जामली के रहने वाले दंगलिया, मधू व सुखलाल एवं ग्राम गुवाड़ाव ठाटा फलिया के जागीर के खेतों में की गई। कार्रवाई में थाना चैनपुर, थाना भीकनगाँव, थाना बिस्टान, थाना गोगावां एवं पुलिस लाइन की संयुक्त पुलिस टीम शामिल रही।

बडवानी के पाला बाजार में नागरिकों को बांटी कपड़े की थैलियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर के व्यस्तम पाला बाजार क्षेत्र में नागरिकों को कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया, ताकि लोग पॉलीथिन का उपयोग छोड़कर पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को अपनाये। इस दौरान नगर पालिका परिषद बड़वानी के अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी चौहान, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह सहित उपाध्यक्ष, पार्षदगण, एल्डरमैन, विभिन्न गणमान्य जनप्रतिनिधिगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नागरिकों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा नागरिकों को अपने हाथों से कपड़े की थैलियां वितरित की गईं। साथ ही, उपस्थित जनसमूह को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करने, अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक से पर्यावरण, जल स्रोतों और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई, ताकि वे पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय और नैतिक भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

नगर पालिका परिषद बड़वानी ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें। दैनिक खरीदारी के दौरान पॉलीथिन के स्थान पर केवल कपड़े की थैली का ही उपयोग करें और बड़वानी को पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपना अहम योगदान दें।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विशेष व्याख्यान

बड़वानी। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, सेंधवा में च्सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 29 सितंबर को विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। व्याख्यान में आधुनिक घरेलू उपकरणों, औद्योगिक एवं स्मार्ट प्रणालियों में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स की भूमिका, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा दक्ष प्रणालियों तथा विद्यार्थियों के लिए करियर एवं शोध के अवसरों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इस विशेषज्ञ व्याख्यान में प्रदेश भर से सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकगण गूगल लिंक के माध्यम से सीधे जुड़ सकेंगे । कार्यक्रम के समन्वयक श्री नरसिंह ठाकुर एवं श्री जितेन्द्र चौहान हैं। आयोजन समिति में श्री संजय यादव एवं श्री यशवंत निंगवाल की भूमिका रहेगी। कार्यक्रम के मार्गदर्शक डॉ. पंकज अग्रवाल तथा संरक्षक श्री रत्नदीप शर्मा, प्राचार्य हैं।



15 आंगनवाड़ियों में मनाया जा रहा आंगन मिलन सेवा पखवाड़ा

खंडवा/पंधाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद क्षेत्र की सभी 15 आंगनवाड़ियों में आंगन मिलन सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। महिलाओं को लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, मातृत्व वंदना, पोषण आहार और टीकाकरण सहित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। महिलाओं को स्वच्छता, बच्चों के पोषण और गर्भवती महिलाओं के नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, महिलाओं और बालिकाओं ने सहभागिता की।

दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे लोनली प्लैनेट की बेस्ट इन ट्रैवल 2027 में सूचीबद्ध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की विख्यात हेरिटेज रेलवे, दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) को एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। दार्जिलिंग को लोनली प्लैनेट की प्रतिष्ठित बेस्ट इन ट्रैवल 2027 की सूची में शामिल 50 गंतव्यों में स्थान मिला है। लोनली प्लैनेट ने दार्जिलिंग को "टॉय ट्रेन की यात्रा के लिए सबसे उत्तम" बताया है, जिससे ऐतिहासिक दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे और इसके अद्वितीयपहाड़ी रेल अनुभव को दुनिया भर में पहचान मिली है। यह मान्यता आम तौर पर "टॉय ट्रेन" के नाम से प्रसिद्ध दार्जिलिंग हिमालयन रेलवेके सदाबहार आकर्षण को और भी उजागर करती है, जो दार्जिलिंग और पूर्वी हिमालय की सांस्कृतिक और पर्यटन पहचान का एकपर्याय बन गई है। 1881 में शुरू हुई डीएचआरमुश्किल पहाड़ी क्षेत्रों में रेल लाइन बिछाने के लिए अपनाए गए अद्वितीय इंजीनियरिंग समाधानों के लिए मशहूर है। इसे 1999 में यूनेस्कोद्वारावि‌श्व धरोहर सूची मेंभारत की पर्वतीय रेलवे के रूप मेंशामिल किया गया था। इसके ऐतिहासिक स्टेशन, वाष्प इंजन और पहाड़ों के बीच का खास सफर पर्यटकों को दार्जिलिंग इलाके की पहाड़ियों, चाय के बागानों और बस्तियों से गुजरते हुए एक अनोखा अनुभव प्रदान करते हैं। लोनली प्लैनेटसे मिली यह पहचान ऐसे समय में आई है जब पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, डीएचआरको एक जीवंत रेलवे धरोहर और क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण पर्यटन संपत्ति के तौर पर बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रहा है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा एवं अंतर्विभागीय समिति की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में समय-सीमा सह अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपचुनाव, 'मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान', 'सीएम हेल्पलाइन', 'स्वामित्व योजना' सहित कृषि, उद्यानिकी, शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद पंचायत निवाली के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 (खेड़ी) में होने वाले जनपद सदस्य के उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

पश्चिम रेलवे

विभिन्न कार्य

-मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग। विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 क्रमांक 1: निविदा आमंत्रित करता है सूचना क्रमांकः बीसीटी/26-27/171 दिनांकः 25.09.2026 कार्य और स्थानः (1) मुंबई सेंट्रल डिवीजन कंप्यूटर प्रयोगशाला की स्थापना एमडीडीटीआई का भाग। (2) मुंबई प्रभाग केंद्रीकृत ई-लर्निंग की स्थापना और परीक्षण केंद्र। अनुमानित लागत कार्य की लागतः 4,50,70,523.62/- ईएमडीः 9,01,400.00 क्रमांक 2: निविदा सूचना क्रमांकः बीसीटी/26-27/172 दिनांकः 25.09.2026 कार्य एवं स्थानः मुंबई सेंट्रल एमएम सीटी सीएफओ यार्ड में घाटी की नाली, शेड और अवरुद्ध वर्षा जल लाइन वाली डाउन-टेक पाइप में सुधार कार्य (समग्र निविदा)। कार्य की अनुमानित लागतः 3,07,50,566.21/-। अनुमानित आर्थिक सहायता राशिः 6,15,000.00। उपरोक्त सभी निविदाओं के लिएः जमा करने की तिथि एवं समयः 23.10.2026, दोपहर 3.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 23.10.2026 को दोपहर 3.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

0645 0645

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

मंदसौर में नहीं मिला युवक को ड्रग्स देने वाला

उज्जैन। अंगारेश्वर मंदिर के पास से 23 सितंबर की रात चिमनगंज थाना पुलिस ने अशफाक उर्फ कटोरी पिता अब्दुल्ला 19 वर्ष निवासी राज रॉयल कॉलोनी को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 3 लाख कीमत की 61.50 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली थी। एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर उसे 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। उसने मंदसौर के भावगढ़ से ड्रग्स लाना बताया था। पुलिस उसे भावगढ़ लेकर पहुंची थी। जहां अशफाक ने बताया कि उसे झिरी नामक युवक ने चौराहा पर ड्रग्स दी थी। एसआई लिबिन खेस ने बताया कि ड्रग्स देने वाले की तलाश में कुछ स्थानों पर दबिश दी गई लेकिन वह नहीं मिल पाया। सोमवार को अशफाक का रिमांड पर खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

क्रिकेट खेलने की बात पर 2 पक्षों में मारपीट

उज्जैन। खाचरौद के शासकीय माडल स्कूल परिसर में क्रिकेट खेलने की बात पर 2 पक्षो में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई और मामला पुलिस थाने पहुंच गया। दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार चौकी जुर्नादा में रहने वाले विनय पिता राकेश बोडाना ने बताया कि क्रिकेट खेलने के दौरान उसके साथ मुराद अली ने मारपीट की है। वहीं मुराद पिता युसुफ अली निवासी उपजेल खाचरौद का कहना था कि उसने परिसर में क्रिकेट खेलने से मना किया तो विनय और उसके साथियों ने मारपीट की बीच-बचाव में पत्नी कविता आई तो उसके साथ भी गाली-गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत पर दर्ज प्रकरण में मारपीट के साथ एससी एसटी एक्ट की धारा लगाई गई है। मुराद अली की पत्नी आदिवासी समाज से है।

रिश्तेदारों के बीच पारिवारिक विवाद में केस दर्ज

उज्जैन। महिदुपर के बैरजाली में रहने वाले अरबाज पिता हमीद पठान 27 साल और रिश्तेदार शहजाद पिता सलीम खान 40 साल के बीच पारिवारिक बातों को लेकर विवाद हो गया। शहजाद का कहना था कि अरबाज उसकी पत्नी के साथ अभद्रता कर रहा था और गलत शब्द कर रहा था। वहीं अरबाज का आरोप था कि घरेलू विवाद होने पर उसके साथ गाली-गलौच की गई और मारपीट की धमकी दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

दुर्घटना में घायल की मौत, 3 माह बाद केस दर्ज



उज्जैन। महिदपुर घौंसला मार्ग लाम्बीखेड़ी फंटा पर 7 जून को हुई सड़क दुर्घटना में विजय पिता बाबूलाल यादव 50 साल निवासी यादव मोहल्ला घौंसला गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिये परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। एक माह तक चले उपचार के बाद भी हालत में सुधार नहीं आया था। डॉक्टरों ने अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया था। घर पर जारी उपचार के बाद अगस्त माह में विजय की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। दुर्घटना के तीन माह बाद पुलिस ने बिना नम्बर की बाइक द्वारा टक्कर मारने पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर बाइक चालक की तलाश शुरू की गई है।

छत से गिरा युवक, टूटी हाथ की हड्डी

उज्जैन। ढांचा भवन में रहने वाला उज्जवल पिता अजय पांडे सोमवार सुबह छत से गिर गया। उसके हाथ की हड्डी टूट गई। बताया जा रहा था कि उज्जवल आटो डील का काम करता है। उसका पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके चलते वह मकान की छत पर गया था, जहां से गिरा है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि उसने खुद छलांग लगाई है या फिर उसके साथ हादसा हुआ है। बयान दर्ज होने पर उज्जवल के साथ हुई घटना का पता चल पायेगा।

फूल तोड़ रही वृद्धा को हाथ पर सांप ने डंसा

उज्जैन। मंगलनाथ मंदिर के पास रघुनाथधाम आश्रम में सोमवार सुबह फूल तोड़ रही विष्णुबाई पति चिरौंजीलाल त्रिवेदी 60 साल को सांप ने हाथ पर डंस लिया। विष्णुबाई को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि विष्णुबाई आश्रम में खाना बनाने का काम करती है। सुबह वह आश्रम पहुंची थी, इस दौरान पूजा के लिये परिसर में लगे फूल तोड़ रही थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, सांप जहरीला नहीं होने पर विष्णुबाई की जान बच गई।

दिन	560-1	700-7
मेन बाजार	167-4	380-1
कल्याण नाइट	688-2	338-4
मिलन डे	560-1	489-1
मिलन नाइट	228-2	138-2
मधुर डे	129-2	169-6
मधुर नाइट	300-3	470-1
शुभांक	6 2	7

डॉक्टर और कर्मचारी के साथ 3.10 लाख की धोखाधड़ी.....

साइबर ठगों ने फिर 2 खातों से किया ट्रांजेक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



ऑनलाइन साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे है। एक बार फिर डॉक्टर और कर्मचारी के साथ 3.10 लाख की धोखाधड़ी होने के मामले 2 थाना पुलिस ने दर्ज किये है।

पहला मामला चेरिटेबल अस्पताल में पदस्थ डॉ. संतोष दुबे के साथ हुआ था। जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि डॉ. दुबे ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होने अपना सैलरी अकाउंट चैक किया था, उस दौरान ना तो किसी को ओटीपी बताया, ना ही किसी को जानकारी दी। उसके बाद भी उनके खाते से 3 से 4 बार राशि का ट्रांजेक्शन होने के मैसेज मोबाइल पर प्राप्त हुये। उनके खाते से 1.10 लाख रूपये अज्ञात बदमाश द्वारा निकाल लिये गये है। थाना प्रभारी ने बताया कि खाते से राशि निकलने पर ऑनलाइन साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जहां से मामला जांच के लिये आने पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। डॉ. दुबे का जिस बैंक में खाता है, वहीं से जानकारी प्राप्त कर पता लगाया जायेगा कि उनके खाते से ट्रांजेक्शन हुई राशि किस खाते में और कहां गई है।

दूसरा मामला ग्रेसिम कालोनी का

ऑनलाइन धोखाधडी का दूसरा मामला बिरलाग्राम थाना क्षेत्र की ग्रेसिम स्टॉफ कालोनी का है। ग्रेसिम कंपनी में राजेन्द्र पिता देवीदास धामने कर्मचारी है। 9 सितंबर को उनके मोबाइल पर कॉल आया और बताया गया कि ऐक्सीस बैंक का क्रेडिट कार्ड बंद होने वाला है। कार्ड को जारी रखने के लिये लिंक पर जानकारी देना होगी। राजेन्द्र ने लिंक मिलने पर उस पर जानकारी दी। मोबाइल पर ओटीपी आया, जिसे बताया गया तो खाते से 2 लाख 572 रूपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हो गया। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

हर दिन सामने आ रहे मामले

जिले में हर दिन ऑनलाइन धोखाधडी के मामले सामने आ रहे है। ठगों द्वारा झांसा देकर लोगों को अपनी बातों में फंसाया जा रहा है उनके खाते खाली किये जा रहे है। साइबर ठगों द्वारा मोबाइल हैक कर उनकी डिटेल भी प्राप्त की जा रही है। पिछले 3 माह में जिले की पुलिस 35 से 40 मामले ऑनलाइन धोखाधड़ी के दर्ज कर चुकी है। कुछ ठगी का शिकार लोगों की राशि भी पुलिस लौटाने में सफल रही है।

जागरूकता के बाद भी धोखाधड़ी

लगातार ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों को लेकर पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को फ्रॉड से बचने की जानकारी दी जा रही है। ठगी करने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है, बावजूद पडे-लिखे लोग भी ठगों की बातों में फंसकर ओटीपी के साथ जानकारी बता रहे है।

उज्जैन ईओडब्ल्यू की मंदसौर में ट्रेप कार्रवाई

रिश्वत लेने शिकंजे में आये सरपंच दंपति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नक्शे के अनुरूप निर्माण अनुमति का प्रमाण पत्र देने के एवज में सरपंच दंपति रिश्वत की मांग कर रहे थे। ग्रामीण ने ईओडब्ल्यू को शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को उज्जैन से मंदसौर पहुंची ईओडब्ल्यू की टीम ने सरपंच दंपति को साढ़े तीन हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा।

ईओडब्ल्यू की टीम ने बताया कि मंदसौर की सीतामऊ तहसील के ग्राम मुवाला में रहने वाले विक्रम पिता तखतसिंह ने उज्जैन कार्यालय आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम पंचायत दलौदा में उसने एक भुखंड क्रय किया था। जिसका नामांतरण हो चुका था। नक्शे के अनुरूप निर्माण अनुमति के लिए ग्राम पंचायत को आवेदन दिया था। जहां से मिलने वाले प्रमाण पत्र पर उसे बैंक से लोन प्राप्त करना था। लेकिन प्रमाण पत्र देने के एवज में सरपंच दुर्गा कैथवास द्वारा अपने पति अनिल कैथवास सरपंच प्रतिनिधि के माध्यम से 5 हजार की मांग की जा रही है। विक्रमसिंह की शिकायत की तस्दीक की गई, जिसमें पाया गया कि रिश्वत की राशि 5 हजार का मामला 4 हजार में तय हुआ है। महिला सरपंच का पति 500 रूपये प्राप्त कर चुका है। साढे तीन हजार सोमवार को देना तय किया गया है। शिकायत सही होने पर उज्जैन से ईओडब्ल्यू की एक टीम उपपुलिस अधीक्षक रामनिवास यादव के नेतृत्व में बनाई गई। जिसमें निरीक्षक रीमा यादव, अर्जुन मालवीय, उपनिरीक्षक अशोक राव, प्रधान आरक्षक मोहन पाल, लोकेन्द्र सिंह देवड़ा, मनोज सिरवईया, आरक्षक राकेश जटिया, महिला आरक्षक मनीषा रावत, भरत मण्डलोई, चन्द्रशेखर राय को शामिल कर मंदसौर रवाना किया। शिकायतकर्ता को रिश्वत की शेष राशि देकर सरपंच पति ने ग्राम दलौदा स्थित कार्यालय बुलाया। विक्रमसिंह ने रिश्वत की राशि दी और टीम को इशारा किया।

टीम ने कार्यालय में प्रवेश कर सरपंच दुर्गा कैथवास और उसके प्रतिनिधि पति अनिल कैथवाल को रंगेहाथ रिश्वत की राशि लेने के आरोप में पकडा और मौके पर ही कार्रवाई की दोनों की गिरफ्तारी ली। दोनों के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज कर उन्हे जमानत में रिहा किया। दोनों के खिलाफ अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

गिरफ्त में आया तलवार लेकर घूम रहा बदमाश

उज्जैन। सर्कल भ्रमण के दौरान पुलिस को खबर मिली कि एक बदमाश तलवार लेकर घूम रहा है। पुलिस घेराबंदी के लिये पहुंची और बदमाश को गिरफ्तार कर तलवार बरामद की। इस दौरान 2 साल फरार वारंटी पर गिरफ्त में आ गया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रात में भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि किला रोड खाल के पास बदमाश सलमान पिता मुंशी खां 35 साल निवासी काली मस्जिद के पास महिदपुर धारदार तलवार लेकर घूम रहा है। सूचना पर घेराबंदी की गई और बदमाश को पकड़ा गया। उसके कब्जे से तलवार बरामद होने पर मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। तलवार के साथ बदमाश को गिरफ्तार करने के दौरान ही पता चला कि अवैध हथियार के मामले में 2 साल से फरार चल रहा वारंटी कमल पिता मनोहरसिंह चौधरी निवासी महु थाना महिदपुर भी क्षेत्र में दिखाई दिया है। उसकी घेराबंदी भी की गई और पकड़ा गया। दोनों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उपजेल महिदपुर भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों को गिरफ्तार करने में एसआई सुखसेन अरियाम, आरक्षक राघव, सुखदेव, गोविन्द, समरथ शामिल थे।

लोकनाट्य माच की थाप से गूंजा नया शहर,रतनलाल महाराज सम्मानित

उज्जैन। अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव के दूसरे दिन शहीद पार्क में पारंपरिक लोकनाट्य माच की प्रस्तुति से नया शहर गूंज उठा। समारोह में सुश्री शीला व्यास को लोक विदुषी सम्मान एवं श्री रतनलाल जी महाराज को लोक कला शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड तथा संस्कार भारती के संयुक्त सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ माच कलाकार सुधीर सांखला के संयोजन एवं बाबूलाल देवल के निर्देशन में मां ब्रह्माणी माच कला मंडल द्वारा राजा हरिश्चंद्र माच के खेल का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस अवसर पर इंदौर की शीतल अत्रे ने निमाड़ी लोकगीत एवं हर्षा शर्मा व शेफाली चतुर्वेदी ने मालवी लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पार्षद नीलम राजा कालरा, हफीज़ खान और कृष्णा वर्मा उपस्थित थीं।

प्रलोभनों से भागो, दुखों से नहीं- जागकर प्रभु के प्रति प्रेम जगाएं

उज्जैन। अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ श्वेतांबदरजैन मंदिर में चल रहे अलौकिक चातुर्मास में अंतर्गत ज्ञानगंगा प्रवचनमाला में प्रतिदिन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिल रहा है। सोमवार को गुरुदेव पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी ने जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाले चार अत्यंत महत्वपूर्ण सूत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन के प्रलोभनों से बचना चाहिए और दुखों से भागने के बजाय उनके प्रति जागृत होना चाहिए। यह आयोजन पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय जितेन्द्रसूरीश्वरजी महाराजा और पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वरजी महाराजा के पावन सानिध्य में तथा पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वरजी महाराजा, पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी महाराजा एवं साध्वी श्री भक्तिरेखा श्रीजी म.सा. की शुभ प्रेरणा से हो रहा है। पूज्य गुरुदेव ने समझाया कि संसार के क्षणिक आकर्षण और प्रलोभन व्यक्ति के विवेक की परीक्षा लेते हैं। धन, प्रतिष्ठा और भौतिक सुखों के पीछे भागने के बजाय यह सोचना चाहिए कि वह आत्मकल्याण में सहायक है या नहीं।

सरगना की तलाश में पश्चिम बंगाल गई जीआरपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर महिला यात्रियों के साथ चैन स्नेचिंग करने वाली पश्चिमी बंगाल की 6 सदस्यों की गैंग को जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया था। गैंग के पांच सदस्यों को रिमांड पर लिया गया है। वहीं गैंग के सरगना की तलाश में एक टीम पश्चिम बंगाल रवाना की गई है।

जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि विगत तीन से चार माह में रेलवे स्टेशन उज्जैन और चलती ट्रेनों में महिला यात्रियों के गले से सोने की चेन, मंगलसूत्र झपटकर चोरी करने की कई घटनाएं सामने आई थीं। मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई थी। आरपीएफ निरीक्षक नरेंद्र यादव की टीम के साथ प्लेटफार्मो पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसके आधार पर पश्चिम बंगाल की गैंग को गिरफ्तार किया गया। जिसमें राखी पिता राजेंद्र, राहुल पिता आलमगीर, अभिजीत पिता शंकर, रोहन पिता अर्जुन, सोमनाथ पिता नयन, नेपाल पिता दुलाल को गिरफ्तार किया गया था। सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां महिला आरोपिया को जेल भेजकर शेष 5 आरोपियों को 8 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि गैंग में अन्य सदस्य भी शामिल है। आरोपियों से सरगना की जानकारी भी मिली। जिसके चलते सोमवार को एक टीम सरगना और अन्य आरोपियों की तलाश में पश्चिम बंगाल रवाना की गई है। संभावना है कि सरगना और अन्य आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में होगें।

आधी रात को फंदे पर लटका मिला युवक

उज्जैन। भोपाल से आया युवक आधी रात को मामा के यहां रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। युवक के फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र की तिलकेश्वर कालोनी में रविवार-सोमवार रात अतुल परिहार 35 साल निवासी भोपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अतुल अपने मामा के घर आया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। अतुल के पिता मनमोहन परिहार ने बताया कि अतुल का ससुराल ग्राम सोडंग में है। वह पत्नी प्रिया के साथ ससुराल मे आयोजित श्राद्ध के कार्यक्रम में आया था, जहां वह मामा के घर आ गया था। पिता के अनुसार अतुल कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था। उसकी एक बेटी है। पोस्टमार्टम के बाद परिवार अंतिम संस्कार के लिये शव भोपाल लेकर गया है।

युवक ने जहर खाकर दी जान

भैरवगढ थाना क्षेत्र के ढाबला धूता में रहने वाले सीताराम पिता भैरूलाल 35 साल ने सोमवार शाम शराब के साथ जहर मिलाकर पी लिया। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाने के बाद पुलिस को सूचना दी। भैरवगढ थाना पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम किया गया है। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। उसके बाद ही घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी।

जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा PNB Housing Finance Limited के समक्ष श्रीमती विजया दीक्षित पति श्री चन्द्र मोहन दीक्षित निवासी-वार्ड नंबर 6, मुडियान का कुंआ, दतिया (म.प्र.) द्वारा भूखण्ड क्रमांक 213, जिसका कुल क्षेत्रफल 89.97 वर्गमीटर (968.40 वर्गफीट) स्थित ''तिरूपति ड्रीम्स'' ब्लॉक डी, ग्राम दाऊदखेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा की मांग की गयी है, उक्त संपत्ति को हुकुमचन्द कोठारी पिता श्री भेरूलाल जी कोठारी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022023ए11614592 दिनांक 20.03.2026 के द्वारा क्रय किया गया था, तत्पश्चात् हुकुमचन्द कोठारी पिता श्री भेरूलाल जी कोठारी का स्वर्गवास दिनांक 29.08.2025 को हो गया है उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके वैध उत्तराधिकारी उनकी पत्नि श्रीमती आशा देवी कोठारी पति स्वर्गीय श्री हुकुमचन्द कोठारी द्वारा स्वयं को एकमात्र वारिस एवं उश्राधिकारी होना बताया है, श्रीमती आशा देवी कोठारी पति स्वर्गीय द्वारा अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में बहैसियत स्वामी एवं आधिपत्यधारी होने के नाते दर्ज करवा लिया गया है, यदि उक्त संपश्रि को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, को कोई आपत्ति हो या हुकुमचन्द कोठारी पिता श्री भेरूलाल जी कोठारी का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी हो अथवा शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को PNB Housing Finance Limited द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात केाई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी।

सो सूचित हो। दिनांक:-28.09.2026

विवेक गुप्ता एडवोकेट
11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.
मो. 9827228461

जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी श्रीमती रामकन्या गोयल पति श्री गोवर्धन गोयल निवासी कॉलोनी छोटा बाजार ग्राम व पोस्ट कायथा तह. तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक- 142 व 143 भूमि सर्वे क्रमांक 150/4 में का भाग प्रतापनगर पवासा मक्सी रोड़ तह. व जिला उज्जैन (म.प्र.) में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 83.54 वर्गमीटर या 900.00 वर्गफीट है को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से तय किया है तथा आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भूखण्ड के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूखण्ड से संबंधित मुख्त्यारनामाआम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 28.09.2026

रविन्द्र सिंह रावत (सर्विस प्रोवाईडर)
2, त्रिवेदी कॉलोनी, गोपालपुरा ब्रिज के पास मक्सी रोड़, उज्जैन, मो. 8770368336

जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी श्वेता पति सुरेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी पंवासा मक्सी रोड़ तह. व जिला उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड कमांक 67 का भाग व 68 का भाग जो भूमि सर्वे कमांक 157/1 में का पवासा मक्सी रोड़ तह. व जिला उज्जैन (म.प्र.) में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 105.48 वर्गमीटर है को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से तय किया है तथा आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भूखण्ड के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूखण्ड से संबंधित मुख्त्यारनामाआम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 28.09.2026

रविन्द्र सिंह रावत (सर्विस प्रोवाईडर)
2. त्रिवेदी कॉलोनी, गोपालपुरा ब्रिज के पास मक्सी रोड़, उज्जैन, मो. 8770368336

गांधीजी का चरखा

www.awantika.com



शुक्रवार को महात्मा गांधी की जयंती है। अब समय इतना बदल गया है कि साल में सिर्फ एक दिन उनका स्मरण करना काफी लगता है, लेकिन गांधी जैसा व्यक्तित्व किन आध्यात्मिक मूल्यों से बनता है, इसे जानने-समझने की कोशिश सबको करनी चाहिए। एक महान व्यक्ति की महानता छोटी-छोटी बातों में झलकती है। हालांकि, इन छोटी बातों को इतिहास दर्ज नहीं करता, वे तो उसके निकट रहने वाले सहयोगियों के संस्मरणों द्वारा जानी जाती हैं।

यह प्रसिद्ध है कि गांधीजी रोज चरखा कातते थे और अपने कपड़ों के लिए पर्याप्त सूत बना लेते थे। इसके बारे में एक कहानी ओशो कहते हैं। उन दिनों विनोबा जी भी चरखा कातते थे, सो उन्होंने इतनी अच्छी पोनी बनाई कि गांधीजी दंग रह गए। फिर विनोबा जी ने चरखे में काफी सुधार किए और वह सूत भी महीन कातने लगे। यह सब होने के बावजूद विनोबा जी ने एक दिन गांधीजी से पूछा, मैंने चरखे में इतनी अच्छी व्यवस्था कर ली है, लेकिन मेरा धागा टूट-टूट जाता है और आपका धागा खराब पोनी में भी नहीं टूटता। इसकी क्या वजह है? गांधीजी ने कहा, इसका संबंध चरखे से नहीं, चित्त से है, इसे स्मरण रखना। जब तुम सजगता खो दोगे, तभी धागा टूट जाएगा। धागा बहुत नाजुक होता है, उसे हल्के हाथों से पकड़ना होता है। मन का धागा भी ऐसा ही है, बड़ी जल्दी एकाग्रता टूट जाती है। मान लो, तुम धागे को चला रहे हो, तुम्हारा चित्त कहीं और चला गया, तो धागा टूट जाएगा। मैं अमूर्च्छित होकर कातता हूं। जब कात रहा हूं, तो चित्त में कुछ और विचार ही नहीं है। बस कातने की क्रिया भर के प्रति जागरूकता रह गई है। न चित्त कुछ सोच रहा है; न कोई स्मृति आ रही है; न कोई और भविष्य की कल्पना बन रही है, बस चरखे के उस कतते धागे के अतिरिक्त मेरे चित्त में उस समय कुछ भी नहीं है। सिर्फ धागा कत रहा है और मैं हूं; धागा नीचे जा रहा है और मैं हूं; धागा ऊपर जा रहा है और मैं हूं। मैं केवल एक देखने वाला मात्र रह गया हूं, और धागे की क्रिया चल रही है। क्रिया है बाहर और भीतर है जागरूकता, इसलिए धागा नहीं टूटता। यह बात इतनी गहरी होती चली गई कि बाद में गांधीजी अपने चरखा कातने को प्रार्थना कहने लगे, ध्यान कहने लगे। सवाल यह नहीं है कि आप कौन सी क्रिया कर रहे हैं, सवाल यह है कि आप अपने भीतर कितने जागरूक हैं? अगर कोई भी काम कर रहे हैं और मन इधर सोच-विचार में डूबा है, तो हाथ यंत्रवत काम करते रहेंगे। ऐसे काम से थकान भी होगी और काम सुघड़ नहीं होगा। सतत जागरूकता आत्म-शक्ति के जागने से आती है। यह सभी के भीतर है, लेकिन कोई उसे जगाता नहीं। यदि इसे जगा दें, तो छोटे से छोटा काम आलोकित हो उठेगा।

सम्पादकीय

भारत का जवाब

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के झूठ और बड़बोलेपन का जिस मजबूती और तार्किकता के साथ जवाब दिया है, उससे इस्लामाबाद एवं उसके खैरख्वाहों को स्पष्ट हो जाना चाहिए कि नई दिल्ली पाकिस्तान को किसी किस्म की रियायत देने नहीं जा रही है। भारतीय विदेश मंत्री ने उचित ही कहा है कि आतंकवाद के प्रति भारत की ह्यजीरो टॉलरेंसह्ण की नीति आगे भी जारी रहेगी और सीमा पार की कोई भी सरकार इसे पाल-पोस रही है, तो उसे जवाबदेह ठहराना ही होगा। यह जिम्मेदारी पूरी विश्व बिरादरी की है, क्योंकि दहशतगर्दी पूरी दुनिया के लिए खतरा है। जयशंकर की इस दलील को भला कोई देश कैसे नकार सकता है कि दोस्ती और दहशतगर्दी साथ-साथ नहीं चल सकती और आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा का अधिकार हर देश को हासिल है? पाकिस्तानी हुक्मरानों को यह बात अच्छी तरह से मालूम है कि वे जब तक आतंकियों को पोसने की अपनी नीति से तौबा नहीं करते, तब तक भारत से उनके रिश्ते बहाल नहीं हो सकते, मगर वे आदतन हर वैश्विक मंच पर नई दिल्ली के खिलाफ विषवमन करते रहते हैं। यह इस्लामाबाद की अदूरदर्शी कूटनीति का ही नतीजा है कि भारत को अपने पड़ोसी देश के खिलाफ सख्त कदम उठाने पड़े।

जयशंकर के संबोधन से ठीक एक दिन पहले महासभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी वजीरे-आजम ने न सिर्फ कश्मीर के बारे में झूठ का पिटारा खोला, बल्कि प्रकारांतर से भारत को चेतावनी देने का दुस्साहस भी कर डाला कि सिंधु नदी के पानी को रोकने या मोड़ने की कार्रवाई को उनका मुल्क ह्ययुद्ध की कार्रवाईह्ण मानेगा। विडंबना देखिए, जो पाकिस्तान आजादी के बाद हर जंग में मुंह की खाता रहा है, वह अब भी गफलत में जी रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के इस अंदाज पर सिर्फ तरस खाया जा सकता है। जहां तक कश्मीर का सवाल है, तो शहबाज शरीफ को यह पता होना चाहिए कि झेलम, चिनाब, सिंधु में बहुत पानी बह चुका है। अपने सदाबहार दोस्त चीन की मदद से उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में दो से अधिक बार इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की, मगर हर बार वे नाकाम हुए। पाकिस्तानी वजीरे-आजम ने अपने भाषण में जिस तरह से राष्ट्रपति ट्रंप और अपने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की शान में कसीदे पढ़े, उससे उन्होंने अपनी ही हैसियत पर सवालिया निशान लगा लिया।

हकीकत को अस्वीकार करता विपक्ष

बीजेपी तो उत्प्रेरक है, जीतता तो हिंदुत्व और राष्ट्रवाद है



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया (दैनिक अवन्तिका)

सच तो यह है कि ना तो विपक्ष नासमझ है और ना देश की जनता मूर्ख है लेकिन लगातार हार से हताशा में जी रहा विपक्ष जनता को भरमाने का प्रयास कर रहा है कि 140 साल पुरानी कांग्रेस आज भी बहुत पॉपुलर पार्टी है और उसे जनता नहीं बल्कि इलेक्शन कमीशन और सत्ता पार्टी मिलकर हरा रहे हैं। तो वहीं पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के तेजस्वी यादव चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करके यह जताने का प्रयत्न कर रहे हैं कि वह इतने जनप्रिय नेता होते हुए भी इसलिए हार गए कि चुनाव आयोग और भाजपा की मिली भगत रही है। वहीं आम आदमी पार्टी के स्वयंभू नेता अरविंद केजरीवाल जिन्हें गुमान था कि उन्हें अगले 50 साल तक दिल्ली में कोई हरा नहीं सकता और उन्हें हराने के लिए मोदी को दोबारा जन्म लेना पड़ेगा, भी जनता को यह जताने का प्रयत्न कर रहे हैं कि दिल्ली में उनकी हार का कारण भाजपा और चुनाव आयोग की सांठगांठ का परिणाम है। इस सब के पीछे का कारण अगले तीन सालों में आने वाले राज्यों और लोकसभा के चुनाव हैं। कोई शक नहीं कि देश का चुनाव आयोग समूची चुनावी व्यवस्था का जिम्मेदार है लेकिन यह एक स्वायत्त संस्था है जिसका किसी राजनीतिक दल को समर्थन या विरोध करने का सवाल ही नहीं है। वह ऐसी संस्था है जो देश के राष्ट्रपति के प्रति जवाब देह है। अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने बिना किसी प्रमाण या आयुक्तों के बयान को उद्धृत करते हुए लिखा कि प्रमुख चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने दो सदस्यों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की सलाहों की अनदेखी कर एकपक्षीय निर्णय किए। वस्तुतः किसी भी तीन सदस्यीय संस्था में किसी मुद्दे पर असहमति होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और संस्था प्रमुख सहित जब तक तीन सदस्यों में सहमति ना बने या बहुमत न हो तो कोई निर्णय नहीं किया जा सकता। बताया यह गया कि ज्ञानेश कुमार के समकक्ष दोनों आयुक्तों ने 10 महीनों में 14 बार इस बात की शिकायत की थी कि मुख्य चुनाव आयुक्त उनसे सलाह लिए बगैर फैसले लेते हैं। ये सभी शिकायतें पूरी चुनाव प्रक्रिया जिसमें एसआईआर प्रमुख है से जुड़ी हुई हैं। आश्चर्य इस बात का है कि 14 शिकायतों में जब पहली बार ही संधू और जोशी को शिकायत थी तो उसी समय अपनी आपत्ति सार्वजनिक क्यों नहीं की। यदि ऐसा ही था तो महामहिम राष्ट्रपति जिसके लिए आयोग जवाब देह है को पहली बार में ही अपनी आपत्ति क्यों नहीं बताई गई। हालांकि आयोग ने इस विवाद पर अपनी सफाई देते हुए कहा कि किसी भी संस्था में विचार विमर्श होना एक अनिवार्य प्रक्रिया है और मतभेद होना स्वाभाविक है लेकिन अंतिम निर्णय बहुमत या सर्वसम्मति के आधार पर ही किए जाते रहे हैं।

विपक्ष 2024 से लगातार मोदी सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगा रहा है कि अचानक इंडियन एक्सप्रेस से ऑक्सीजन पाकर मैदान में आ खड़ा हुआ है। विपक्ष के सभी हारे हुए नेताओं सहित सबसे ज्यादा मुखर आवाज में कोई चीत्कार कर रहा है तो वह हैं पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के तेजस्वी यादव। ममता को लगता है कि यदि एसआईआर नहीं होता और पुरानी मतदाता सूची से ही चुनाव कराए गए होते तो वह आज पूर्व मुख्यमंत्री नहीं कहलाती। निश्चित ही इस बात में सच्चाई है क्योंकि ममता और उनकी मुस्लिम लॉबी ने जनता में इतना जबरदस्त आतंक फैला रखा था कि सामान्य मतदाता तो विरोध के बारे में सोच ही नहीं सकता था और जो विरोध करते दिखाई देते थे उनकी जगह कब्र में होती थी। एसआईआर चुनाव आयोग की एक अनिवार्य प्रक्रिया है। पश्चिम बंगाल में हजारों बांग्लादेशी घुसपैठियों का बंगाल छोड़कर बांग्लादेश जाना इस बात का सबूत है कि अपने फायदे के लिए ममता सहित तत्कालीन तृणमूल के हर नेता ने अपने चुनाव क्षेत्र में अवैध मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वा रखा था। चुनाव आयोग पर लगे आरोपों को मुद्दा बनाते हुए ममता बनर्जी ज्यादा जोश में भरी होकर बोल रही हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार किया जाए और उनके कार्यकाल में हुए राज्यों में दोबारा चुनाव कराए जाएं। ममता भूल रही हैं कि उनकी हार चुनाव आयोग के फैसलों से जितनी हुई होगी उससे अधिक तो यह उनके चरम मुस्लिम तुष्टिकरण का नतीजा है। वे भूल रही हैं कि उनका भतीजा खुले आम धमकी देकर कह रहा था कि एक-एक को देख लेंगे। वे भूल रही हैं कि उनके कार्यकाल में जय श्री राम का नारा लगाने वालों की पिटाई की जाती थी, कि दुर्गा पूजा जैसे बड़े हिंदू त्योहार पर लोग घर के अंदर रोते बिलखते अपनी मां दुर्गा और काली की आराधना करने को मजबूर होते थे, कि उनके कार्यकाल में कटमनी का बड़ा गोरख धंधा टीएमसी के गुंडो द्वारा जारी था, कि उनके कार्यकाल में आरजीकर और लॉ कॉलेज में छात्राओं से बलात्कार हुए थे और वे खुद प्रकरण रफा दफा कर दबाने में संलग्न रही थीं। वे यह भी भूल जाती हैं कि उनके कार्यकाल में इतना बड़ा शिक्षक घोटाला हुआ कि देश के बड़े-बड़े घोटालेबाजों को भी शर्मिंदा होना पड़ा, वे यह भी भूल जाती हैं कि संदेश खाली में उनके बाहुबली गुंडे शाहजहां शेख ने कैसा आतंक मचा रखा था। वस्तुतः उनकी हार चुनाव आयोग के निर्णय से नहीं बल्कि राज्य में चरम मुस्लिम तुष्टिकरण और आतंक से हुई। और सच्ची बात तो यह है कि इस हार में भाजपा और उसके नेता तो उत्प्रेरक थे असल तो राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की जीत थी। भले ही ममता दोबारा चुनाव की मांग करें लेकिन यह एक कटु सत्य है कि ममता बनर्जी दोबारा बंगाल की मुख्यमंत्री बन सकेंगी इसकी संभावना दूर-दूर तक नहीं दिखाई देती। बहती गंगा में हाथ धोने में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी उतरे, उन्होंने कहा बंगाल और बिहार का चुनाव फर्जी था और हमारा डिमांड है कि दोबारा चुनाव होना चाहिए। बिहार का नतीजा हो या महाराष्ट्र का दिल्ली का हो या बंगाल का या हरियाणा का हो यहां विपक्ष हारा नहीं बल्कि चुनाव आयोग के दुरुपयोग से बीजेपी को जिताने का काम हुआ। तेजस्वी भूल जाते हैं कि जदयू नेता नीतीश बिहार की राजनीति में पिछले दो दशकों से प्रासंगिक रहे और उनके इर्द गिर्द ही पूरी बिहार की राजनीति घूमती रही और आज भी भाजपा यदि सत्ता में है तो नीतीश कुमार की उसमें बड़ी भूमिका है। निश्चित ही तेजस्वी यादव नीतीश कुमार से अधिक पॉपुलर नेता तो नहीं हैं और उनके परिवार में तो चारा घोटाला के दोषी और नौकरी के बदले जमीन हड़पने का आरोप है। तब जनता लालू जी के ऐसे कारनामों और जंगल राज को भूल जाए कैसे संभव है।

काला टेलीफोन

कस्बे के सबसे पुराने कोतवाली थाने के मुंशी कक्ष की लकड़ी वाली टूटी मेज पर भारी लोहे और काले बकेलाइट वाला एक पुराना टेलीफोन पिछले पंद्रह सालों से धूल फांक रहा था। उसका गोल डायल पीतल के नंबरों से सजा था पर उसका मोटा तार दीवार के बोर्ड से उखड़ा पड़ा था। उस पुराने टेलीफोन के ठीक सामने लकड़ी के खुरदरे बेंच के कोने पर भोर होते ही भोलानाथ काका अपनी पुरानी लाठी टेककर आकर बैठ जाते थे। सफेद खद्दर का झोला कंधे पर लटकाए और आँखों पर गोल पीतल की कमानी वाला चश्मा चढ़ाए भोलानाथ काका दिन भर उस कटे हुए तार वाले काले टेलीफोन को एकटक निहारते रहते थे। थाने में सुबह से ही नए मुकदमों की लिखापढ़ी होती, सिपाही डंडा फटकारते हुए गश्त पर निकलते और फरियादियों की कतारें लगतीं पर काका को दुनिया के किसी झगड़े या हंगामे से कोई मतलब नहीं रहता था। जब भी कोई नया सिपाही अपनी बंदूक संभालते हुए उधर से गुजरता तो वह इस बुजुर्ग को उस बंद फोन के रिसीवर को सहलाते देखकर अचरज में पड़ जाता था। थाने का पुराना चपरासी रामसेवक जब भी साहब की मेज पर चाय की ट्रे लेकर जाता तो काका बहुत ही धीमी आवाज में उससे पूछते ₹क्यों रे रामसेवक आज इस काले फोन की घंटी बजी क्या, साहब के पास उस बड़े दफ्तर से मेरी अर्जी का कोई जवाब आया क्या? रामसेवक बस अपनी नजरें झुका लेता और एक लंबी गहरी साँस भरकर चुपचाप आगे बढ़ जाता था।

थाने में हाल ही में शहर के बड़े जोन से स्थानांतरित होकर आए नए थाना प्रभारी सुधीर सिंह बहुत ही कड़क, रौबदार और आधुनिक तकनीकी के पक्के सिपाही माने जाते थे। सुधीर साहब जब भी अपनी चमचमाती जीप से उतरकर थाने के परिसर में कदम रखते तो उनकी नजर सबसे पहले उसी बेंच पर बैठे भोलानाथ काका पर जाकर अटक जाती थी जिनकी कांपती उँगलियाँ हमेशा उस फोन के गोल डायल के छेदों में फंसी रहती थीं।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 29 सितंबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि- त्रितिया18:21 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र- अश्विनी 11:04
उपरांत भरणी
योग-व्याघात 09:04 उपरांत हर्षण
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 16तारिख

मेष- सप्तम भाव में चंद्रमा का गोचर व्यापारिक साझेदारों के साथ तालमेल बेहतर करेगा। नए सौदों में लाभ होगा।

वृषभ- दफ्तर में सहयोगियों का समर्थन मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं।

मिथुन- लव लाइफ में निकटता आएगी, जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। धन आगमन के रास्ते खुलेंगे।

कर्क- चतुर्थ भाव में चंद्र गोचर से घरेलू कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। प्रॉपर्टी से जुड़ा काम बन सकता है।

सिंह- कार्यक्षेत्र में मन थोड़ा विचलित रह सकता है, एकाग्रता बनाए रखें।

कन्या- परिवार और जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा। वाहन या संपत्ति पर खर्च के योग हैं।

तुला- आपकी ही राशि में चंद्रमा का गोचर होने से मानसिक शांति और आकर्षण बढ़ेगा।

वृश्चिक- कार्यक्षेत्र में आपके फैसलों की तारीफ होगी, नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु- दांपत्य जीवन में सुख-शांति रहेगी, लव लाइफ शानदार होगी। आर्थिक लाभ के नए अवसर प्राप्त होंगे।

मकर- दशम भाव में चंद्रमा के प्रभाव से कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ- आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, मेहनत का फल धन रूप में मिलेगा। योग का सहारा लें।

मीन- कारोबार में नए सौदे फाइनल होंगे, सरकारी काम पूरे होंगे। लव लाइफ में काम की व्यस्तता के कारण कम समय दे पाएंगे।

संजा का चौथा दिन

संजा पर्व के चौथे दिन तीज की घेवर बनाई जाती

संजा पर्व के चौथे दिन तीज की घेवर बनाई जाती है। यह घेवर मिठास की प्रतीक होती है।

संजा के मांडने बनानें वाली कुंवारी कन्याओं को इस घेवर के माध्यम से परिवार की बुजुर्ग महिलाएं संदेश देती है कि विवाह पश्चात लड़की को अपने ससुराल में अपना व्यवहार किस प्रकार से रखना चाहिए।

वे संजा की विवाह पश्चात अल्प समय मे मौत और ससुराल में मील दुःख के बारे बताती है। समझाइश देती है कि-जिसप्रकार घेवर का गुण होता है कि गर्म घी में जमकर तलों,जो साँचा हलवाई का है,उसमें ढलो और पोरस बन जाओ। ताकि जब चासनी में डाला जाए तो सारी मिठास समा जाए। ऐसा होने पर घेवर खाने में मुलायम तथा जीभ पर मिठास छोड़ जाती है। निगलना भी आसान होता है।



बुजुर्ग महिलाओं के द्वारा कुंवारी कन्याओं को समझाया जाता है कि ससुराल में जाने के बाद कठोर शब्दों को पीना पड़ता है।बदले में मिठासयुक्त व्यवहार देना होता है। ऐसा होने पर धीरे धीरे सास-ससुर,ननद आदि का व्यवहार बदलने लगता है। बहु पूरे परिवार की लाडली हो जाती है।

आज का संजा गीत

संजा बाई का लाडा जी, लुगाड़ो लाया जाड़ा जी
ऐसी कई लाया दारी को, लाता गोट किनारी को
संजा बाई तो गोल मोल, लुगड़ो लाता झोल मोल

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

तर्पण



मोनिका डागा (दैनिक अवन्तिका)

पितर पक्ष आया बरसे हैं पुरखों का आशीष,
तर्पण कर श्रद्धा से नतमस्तक चरणों में शीश,
हैं यह सोलह दिनों का श्रद्धेय त्यौहार विशेष,
पूर्वज आते देने अपना आशीर्वाद अशेष ।
मन के विषाद से मुक्त हो करें पवित्र प्रार्थना,
नेह आशीष से पितरों के फलीभूत कामना,
कर तर्पण कर्म वचन से सदा कीजिए आभार,
पितृजनों की कृपादृष्टि से फले-फूले परिवार ।
तिथि विशेष करते पूजन अर्चन तर्पण समर्पण,
भूल चूक की क्षमा याचना से कटे दुख बंधन,
श्राद्धपक्ष में अमृत ₹आनंद₹ की बरसती बरखा,
देख परिवार को इकट्ठा पितरों का मन हरखा ।
पितरों का तर्पण प्रेम भावपूर्ण से हो सजदा,
इन पैतृक संस्कारों का मान रखें हम सर्वदा,
कोटि-कोटि वंदन पितरों को मार्ग न हो अवरूद्ध,
गौ ग्रास और काग को थाली सेवा भाव शुद्ध ।
अंजुरी भरी जल की और मन का सुंदर दीपक,
शुभचिंतक परिवार के पितर पालक और रक्षक,
पितरों की संतुष्टि से बरसता वैभव घर द्वार,
पाया ये जीवन जिनसे नमन उन्हें बारम्बार ।

शरीर में विटामिन डी की कमी दूर करेंगे ये फल

शरीर को सुचारू रूप से चलाने के लिए कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है, जिनमें से एक है विटामिन डी शरीर में विटामिन डी की कमी से हड्डियां कमजोर, जोड़ों में दर्द, पीठ दर्द के अलावा मांसपेशियों में दर्द की शिकायत भी हो सकती है। कई गंभीर मामलों में विटामिन डी की कमी से अर्थराइटिस, रिकेट्स और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा होता है।

विटामिन डी को सनशाइन विटामिन कहा जाता है, क्योंकि सूरज की धूप से भी शरीर में विटामिन डी की कमी दूर हो सकती है, लेकिन गर्मियों के दिनों में सूरज की धूप में खड़ा होना असंभव है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर गर्मियों में विटामिन डी की कमी को कैसे पूरा किया जाए। तो आइए जानते हैं कुछ ऐसे फलों के बारे में जिनके सेवन से आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पूरी हो सकती है। हम आपको उन फलों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनमें ज्यादा विटामिन डी पाया जाता है।

संतरा- ऐसे बहुत कम ही फ्रूट्स हैं जिनमें विटामिन डी पाया जाता है। दुनियाभर में 75 फीसदी ऐसे लोग हैं जिन्हें डेयरी प्रोडक्ट्स से एलर्जी होती है। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो वीगन है। ऐसे में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए सतंरा काफी फायदेमंद माना जाता है।



संतरे या संतरे के जूस में कई सारे पोषक तत्वों के साथ ही कैल्शियम भी पाया जाता है।

केला- केला भी विटामिन डी का अच्छा सोर्स माना जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि केले में मैग्नीशियम की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है जो विटामिन डी को एक्टिवेट करता है। साथ ही यह भी सुझाव दिया जाता है कि विटामिन डी का लाभ प्राप्त करने के लिए एक आवश्यक मात्रा में मैग्नीशियम को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

पपीता- पपीता एक ऐसा फल है जो सालभर मिलता है। सीमित मात्रा में इसका सेवन करने से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता। विटामिन डी के साथ ही पपीते में विटामिन बी और सी भी उच्च मात्रा में पाया जाता है। इसमें फास्फोरस, मैग्नीशियम, सोडियम पाया जाता है।

शरीर में विटामिन डी के लक्षण

हड्डियां कमजोर होना- शरीर में विटामिन डी की कमी होने पर हड्डियों पर इसका बुरा असर पड़ता है। हड्डियों की मजबूती के लिए शरीर को कैल्शियम की जरूरत होती है। विटामिन डी शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करता है।

मांसपेशियों में दर्द- विटामिन डी की कमी से मांसपेशियों में काफी दर्द रहता है । ऐसा इसलिए होता है क्योंकि शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी नहीं मिल पाता।

थकान- अधिकतर लोग समझते हैं कि ऑफिस या घर में ज्यादा काम की वजह से थकान होने लगती है। लेकिन जरूरत से ज्यादा थकान विटामिन डी की कमी से भी हो सकती है। विटामिन डी की कमी से ब्लड प्रेशर कम हो जाता है जिससे बहुत थकान महसूस होती है।

बाल झड़ना- शरीर में विटामिन डी की कमी से बाल झड़ने की समस्या होती है। महिलाओं में बालों का झड़ना काफी आम है लेकिन पुरुषों में यह विटामिन डी की कमी का एक लक्षण हो सकता है।

धर्म-आस्था

बालिकाओं को लौकिक व्यवहार सिखाने वाला संजा पर्व



डॉ. शारदा मेहता (दैनिक अवन्तिका)

बालिकाओं को संजा पर्व मनाने का अति उत्साह रहता है। वे श्राद्ध पक्ष के सोलह दिन इस पर्व को विभिन्न प्रकार से मनाती है।

महानगरों में तो स्थानाभाव तथा समयाभाव के कारण यह पर्व प्रायरू लुप्त हो गया है। कहीं-कहीं बाजार से इसके चित्र खरीद कर उसका पूजन दर्शन कर लिया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में आज यह परम्परा जीवन्त है। वर्तमान समय में नन्हीं बालिकाएँ गोबर और पुष्पों के माध्यम से दीवार पर संजा की विभिन्न आकृतियों का निर्माण करती हैं। सोलह दिन अलग-अलग आकृतियों का निर्माण किया जाता है। जैसे चंदा, सूरज, पाँच पाँचें, डोकरा डोकरी, गाड़ी, ढोली, घेवर आदि। संध्या समय सभी सहेलियाँ संजा बाई के विनोदपूर्ण गीत गाती हैं। आरती करती हैं-श्श्पहली आरती रई रमझोल, दूसरी आरती रई रमझोल।

आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है। आरती के प्रसाद के पात्र को ढँक कर रखा जाता है। उसे हिलाकर सहेलियों से पूछा जाता है कि इसमें क्या है? सहेलियाँ अपना-अपना मत व्यक्त करती हैं। फिर प्रसाद वितरण किया जाता है।



संजा के कुछ गीत जो प्रमुख रूप से गाये जाते हैं-

संजा तो मांगे हर्यो हर्यो व गोबर
कॉ से लऊँ बई हर्यो हर्यो गोबर
संजा तो माँगे पीला पीला फूलड़ा
काँसे लऊँ लई पीला पीला फूलड़ा
संजा तो माँगे नवा नवा कपड़ा
संजा तो माँगे खीर पतासा
दादा जी दिलाये खीर पतासा।

संजा के गीत केवल मनोरंजन के लिये ही नहीं हैं उनमें जीवन की कई वास्तविकताएँ छुपी हुई है। संजा के पति का परिहास करते हुए सहेलियाँ गाती हैं-

श्श्संजा बई का लाड़ा जी लुगड़ो (साड़ी) लाया जाड़ो जी।य्य अब भला कौन पति अपनी पत्नी के लिये जाड़ा (मोटा, भारी) लुगड़ा या साड़ी लावेगा?

जिस गाड़ी में संजा बाई बैठकर जा रही है उसका भी वर्णन बड़ा सुन्दर है-

छोटी सी गाड़ी लुढ़कती जाय जिमें बैठा संजा बाई
घाघरो घमकाता जाय चूरडो चमकाता जाय।य्य

संजा के भाई का वर्णन देखिये-

श्आँवली का झाड़ नीचे रिमझिम बाजा बाजे रे
छोटो सो म्हारो चाँद बीरो घोड़ी दौड़ावे रे
छोटी सी संजा बाई फूलड़ा बरसावे जी।य्य

इस प्रकार इन सभी गानों में संजा बाई की आवश्यकता दर्शायी गई है जो एक बालिका के लिये आवश्यक है। संजा का निर्माण करते समय कन्याओं को चित्रकला का भी विकास होता है। विभिन्न प्रकार की ज्यामितीय आकृतियों का निर्माण करने से उनमें कला के प्रति रुचि जाग्रत होती है जो भविष्य में उनके जीवन में विभिन्न कलाकृतियों के निर्माण में काम आती है। ये गणितीय आकृतियाँ भविष्य के अध्ययन में उपयोगी होती है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्ड- 1,48,500 रवा- 1,48,300 चांदी-टंच- 2,28,000 पाट- 2,27,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष के लिए आज मतदान, साख की लड़ाई में 13,843 मतदाता तय करेंगे शहर का भविष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

स्थानीय सरकार के सर्वोच्च पद को चुनने के लिए आज सुबह 7 बजे से महामुकाबला शुरू होने जा रहा है। इस उपचुनाव को राजनीतिक गलियारों में बेहद खास माना जा रहा है, क्योंकि दोनों ही प्रमुख दलों ने इसे आगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव का 'लिटमस टेस्ट' बना लिया है। प्रशासन ने आज होने वाले मतदान के मद्देनजर पूरे निर्वाचन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चॉक चौबद कर दी है। 17 मतदान केदो के लिए 17 पोलिंग पार्टियों बनाई गई है साथ ही 6 रिजर्व पोलिंग पार्टियों भी बनाई गई है। आज होने वालें मतदान के लिए 68 मतदान कर्मी तैनात किए गए हैं। मतदान कर्मी सभी पुरूष है। इस बार पंक बूथ व आदर्श बूथ नहीं बनाए गए है। साथ ही सुरक्षा



की दृष्टि से 159 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं तमाम सुरक्षा इंतेजामत के लिए अधिकारियों तैनात है।

सुसनेर नगरीय क्षेत्र सुसनेर में मुस्लिम एवं जैन वोट अधिक संख्या में हैं। नगर में वार्ड 1, 3, 7, 10, 14, 15 में जीत में मुस्लिम समाज वोट बैक है। वही वार्ड 2, 5, 6, 8,13 ऐसे वार्ड हैं, जहां जैन वोटों का गणित हैं। इसके अलावा वार्ड 9 में माली समाज, वार्ड 11 में हरिजन समाज, वार्ड 12 में ब्राहम्ण समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वार्ड 13 ऐसा है जहां अधिकांश बुद्धिजीवी वर्ग के लोग निवास करते हैं।

मतदान को सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने जो चुनावी खाका तैयार किया है, उसकी पूरी जानकारी



इस प्रकार है। कुल पंजीकृत मतदाता 13,843 मतदाता, पुरुष मतदाता 6,914 पुरुष, महिला मतदाता 6,928 महिला (पुरुषों से अधिक), थर्ड जेंडर मतदाता 01,कुल वार्ड संख्या 15 वार्ड ,कुल मतदान केंद्र 17 बूथ है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इस उपचुनाव में मुख्य रूप से सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस के बीच सीधा और बेहद दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है।

प्रदीप सोनी भाजपा-: भाजपा ने यहाँ से जमीनी स्तर पर पकड़ रखने वाले प्रदीप सोनी को मैदान में उतारा है। इनके पक्ष में प्रचार के आखिरी दौर में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने स्वयं सुसनेर में एक बड़ा रोड शो किया। विजयवर्गीय ने जनता से वादा किया कि भाजपा की जीत के साथ ही वे भोपाल से सुसनेर के विकास के लिए स्वीकृतियों का पूरा 'बॉक्स' करोड़ों का फंड लेकर आएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस जीती तो उनके हाथ में सिर्फ 'घंटी बजाने की घंटी' आएगी। इस दौरान राजगढ़ सांसद रोडमल नागर और जिला अध्यक्ष ओम मालवीय भी मौजूद रहे।

नतीजों का इंतजार 3 अक्टूबर को

आज शाम 5:00 बजे मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद सभी ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में लाकर सील किया जाएगा। इस उपचुनाव की मतगणना और आधिकारिक परिणाम 3 अक्टूबर 2026 को सुबह घोषित किए जाएंगे।



डीजे के शोर और कंपन से भरभराकर गिरी मकान की छत, बुजुर्ग महिला बाल-बाल बचीं

शाजापुर। गणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के दौरान बजाए गए डीजे ने शनिवार रात शहर में एक बड़ा हादसा कर दिया। डीजे की तीव्र ध्वनि और उससे उठे कंपन को चौबे मार्ग स्थित एक मकान की छत सहन नहीं कर सकी और उसका एक हिस्सा भरभराकर नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि घटना के वक्त मकान में मौजूद बुजुर्ग महिला दूसरे कमरे में थीं, जिससे उनकी जान बच गई। यह हादसा शुजालपुर के जाने माने साहित्यकार स्वर्गीय शरद राव देशमुख के निवास पर हुआ। हादसे में बाल-बाल बचीं उनकी पत्नी एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी डॉ. अभिजीत देशमुख की माताजी शैलजा देशमुख ने बताया कि शनिवार रात वे घर में टीवी देख रही थीं। सड़क से गुजर रहे विसर्जन चल समारोह में बज रहे डीजे का शोर इतना अधिक था कि पूरा मकान कांप रहा था। परेशानी के चलते उन्होंने टीवी बंद कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद पास के कमरे से जोरदार धमाके की आवाज आई। जब वे वहां पहुंचीं, तो देखा कि छत का एक बड़ा हिस्सा नीचे गिरा हुआ था। मलबे की चपेट में आने से कमरे का पंखा और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़िता शैलजा देशमुख सहित स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जानलेवा साबित हो रहे इन तेज आवाज वाले डीजे पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए।

शाजापुर में छात्रों का हेल्थ चेकअप

शाजापुर। उत्कृष्ट विद्यालय ऑडिटोरियम में रविवार को विद्यार्थियों के लिए 'माय हेल्थ, माय प्राइड' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए जागरूक किया गया व शपथ दिलाई गई। 5

देवास-इंदौर रोड पर बस का टायर फटा: बच्ची घायल

देवास। देवास-इंदौर रोड पर रसलपुर बायपास के पास सोमवार को एक यात्री बस बेकाबू होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में चली गई। बस का टायर फटने से यह हादसा हुआ। इसमें एक बच्ची घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक, देवास से इंदौर जा रही बस का टायर अचानक फट गया। इससे ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और बस लहराते हुए डिवाइडर पार कर गई। बस में करीब 25 यात्री सवार थे। यात्री अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि बस का संतुलन बिगड़ा और वह दूसरी लेन में पहुंच गई। पुलिसकर्मी सुरेश तिवारी ने बताया कि शुरूआती जानकारी में टायर फटने से हादसा होना सामने आया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल बच्ची को अस्पताल भिजवाया।

ज्योति-जोत पर्व पर विशेष कीर्तन दीवान, संगत ने ग्रहण किया अटूट लंगर

देवास। देवासे धन-धन श्री गुरु अमरदास साहिब जी महाराज के ज्योति-जोत पर्व एवं पूर्णमासी के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा एबी रोड पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के तहत 24 सितंबर को सुबह 10.30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ किया गया। शनिवार को सुबह अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। इसके बाद रात में विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया। शाम 7.30 से 8 बजे तक भाई अमर सिंह ने कीर्तन किया। इसके बाद रात 8 से 9.30 बजे तक भाई अजीत सिंह (निमाना, उज्जैन वाले) ने गुरबाणी एवं कीर्तन प्रस्तुत किया।

वाइन शॉप के बाहर विवाद के बाद पार्षद पर मुकदमा

रहवासियों ने एसपी से की जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



वार्ड क्रमांक 32 के स्टेशन रोड स्थित वाइन शॉप के बाहर कथित अवैध रूप से शराबखोरी और असामाजिक गतिविधियों के विरोध के बाद पार्षद पति प्रवीण वर्मा व उनके साथियों पर दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर वार्डवासियों ने एसपी के नाम आवेदन दिया है।

आवेदन में रहवासियों ने बताया कि वाइन शॉप के बाहर लंबे समय से लोग शराब का सेवन करते हैं और जमावड़ा लगा रहता है। 25 सितंबर को गणेश विसर्जन के दौरान महिलाओं ने सड़क पर शराबखोरी, गाली-गलौज और फब्तियां कसने की शिकायत की थी। इसके बाद रहवासी पार्षद के साथ मौके पर पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। पुलिस के पहुंचने पर दुकान बंद करवाई गई थी। आवेदन के अनुसार संचालक ने अगले दिन से दुकान के बाहर ऐसी गतिविधियां नहीं होने देने और गार्ड रखने का आश्वासन भी दिया था।

रहवासियों ने बताया कि घटना का वीडियो उनके पास सुरक्षित है। इसके बावजूद कोतवाली में एफआईआर कर पार्षद पति व साथियों को जेल भेजा गया। आवेदन में वीडियो सहित पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

2019 के चेक बाउंस मामले में

तीन साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

शाजापुर पुलिस ने तीन साल से फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी किशोर विश्वकर्मा (40) इंदौर जाने की तैयारी में था, तभी उसे उसके गांव कठोर से पकड़ा गया।

उस पर 2019 में चेक बाउंस का मामला दर्ज हुआ था। यह मामला कोर्ट में चल रहा था और आरोपी 2023 से फरार था। कोर्ट ने उसके खिलाफ कई बार वारंट जारी किए थे, जिसके बाद वह स्थाई वारंटी बन गया। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर थाना प्रभारी जनकसिंह रावत के नेतृत्व में टीम बनी थी। सूचना मिली कि आरोपी गांव में है और इंदौर जाने वाला है। टीम ने तुरंत दबिश देकर उसे पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद रविवार



दोपहर करीब 3 बजे उसे शाजापुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस 2 हजार रुपए के एक और इनामी वारंटी की तलाश भी कर रही है, जो तीन साल से फरार है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जनकसिंह रावत, प्रधान आरक्षक दिनेश नायक, आरक्षक अरविंद जाटव तथा थाना सुनेरा के आरक्षक अखिलेश भंडारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने टीम की कार्रवाई की सराहना करते हुए उचित इनाम की घोषणा की है।

सद्भावना संकल्प यात्रा को लेकर सेवा दल की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



देवास। दोस जिला सेवादल की बैठक से जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार के नेतृत्व में एवं पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा की विशेष उपस्थिति के साथ शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम प्रदीप चौधरी राजेंद्र मालवीय जी की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 3 अक्टूबर को सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी वी श्री निवासन के नेतृत्व में देवास में सद्भावना संकल्प यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि सेवा दल एक पवित्र संगठन है ,इसकी सफेद ड्रेस पवित्र है, इसके काम करने का उद्देश्य पवित्र है ,सेवा ही सेवा दल का संकल्प है इस संकल्प को सफल बनाने के लिए हमें सेवा दल के साथ रहकर इसे मजबूती प्रदान करना होगी तीन अक्टूबर को सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में निकलने वाली सद्भावना संकल्प यात्रा को हमें पूरी ताकत से सफल बनाना है। मेरा अनुरोध है कि अधिक से अधिक साथी सफेद ड्रेस में उपस्थित रहे। इसी के साथ शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम राजेंद्र मालवीय प्रदीप चौधरी , रोहित बंडडा वाला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राधाकिशन सोलंकी ने किया है एवं आभार सेवा दल के शहर अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले से आए पदाधिकारी एवं सेवा दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

महिला का मीठा तालाब में मिला शव

देवास। औद्योगिक थाना क्षेत्र के बीराखेड़ी निवासी 37 वर्षीय महिला घर में विवाद के बाद शनिवार दोपहर घर से निकल गई थी। परिजन ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की और सोशल मीडिया पर भी सूचना प्रसारित की। रविवार सुबह महिला के पति की शिकायत पर औद्योगिक थाने में अपहरण सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।

रविवार शाम नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र के मीठा तालाब में लोगों ने महिला का शव पानी में तैरते देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने पीएम के लिए शव रखवा दिया है।

एंबुलेंस न मिलने से बच्चे की मौत का आरोप

शाजापुर। शाजापुर की अयोध्या बस्ती के 5 साल के हार्दिक जाटव की सोमवार सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर किया, पर सरकारी एंबुलेंस समय पर नहीं मिली।

बच्चे के पिता बंटी जाटव ने बताया कि हार्दिक को पेट दर्द था। डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख उसे इंदौर रेफर किया था। उनका आरोप है कि एंबुलेंस न मिलने से बच्चे की हालत बिगड़ती गई।

एक निजी एंबुलेंस ने इंदौर ले जाने के लिए 8 हजार रुपए मांगे। सुबह 6 बजे सरकारी एंबुलेंस पहुंची, पर तब तक बच्चे ने दम तोड़ दिया था।

हिन्द फौज ग्रीन हॉफ मैराथन में धावकों ने लगाई दौड़

देवास। शहर में हिन्द फौज ग्रीन हॉफ मैराथन का तीसरा चरण रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम, विकास नगर में हुआ। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में हुई मैराथन में 1000 से अधिक धावकों ने 1, 5, 10 और 21 किमी श्रेणियों में हिस्सा लिया। बच्चों और युवाओं ने उत्साह के साथ दौड़ लगाई। आयोजन का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी लाखन पिता श्री बालाराम जी, उम्र 39 वर्ष, निवासी- ग्राम रलायती तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 53/3/2 रकबा 0.800 हेक्टर मे से रकबा 0.200 हेक्टर दक्षिण दिशा वाली भूमि, स्थित ग्राम रलायती तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-28/09/2026

पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट
ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,
मोबाईल नम्बर- 94248 78460

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है. कि मकान क्रमांक पुराना 4/1286 नया नम्बर 40 का भाग जिसका वर्तमान क्रमांक 40/1 स्थित कन्हैयालाल मनाना मार्ग, गली नं.3 जहाज गली, उज्जैन क्षेत्रफल 53.23 मीटर जो कि श्री आनंद जी शर्मा के नाम से दर्ज है. को खरीदने का सौदा किया गया है।

यदि उक्त मकान पर किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था का कोई लेन देन, बंधक, हक हिस्सा हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 दिन के अंदर निम्न मोबा. न .पर सूचित करे । अवधि बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मोबा नं.- क्रेता 8989221034, 9425915254

जाहिर सूचना

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेश पिता गोरेसिह जी जाति राजपुत निवासी ग्राम- सेजवानी तहसील देपालपुर जिला इन्दोर जस्साखेडी तहसील बडनगर स्थित कृषि भुमि सर्वे न-197/4 रकबा 1.58 हे. भूमि स्वामी रामप्रसाद पिता गणपत जी जाति किर निवासी ग्राम जस्साखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उक्त वर्णीत भूमि को क्रय करने का सोदा भुमि स्वामी से कर बयाना राशि प्रदान कर दी तथा एक सौदा अनुबंध पत्र भी उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष मे सम्पदीत कर दिया है, जल्द ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे सम्पादीत होना है उक्त भुमि के सबंध में किसी व्यक्ति, बैंक सस्था निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा भुमि किसी के पक्ष मे रहन हो या किसी प्रकार का कोई अनुबंध पत्र, या मुख्त्यारनामा आम मुख्त्यारनामा खास अथवा उक्त भूमि पर भुमि स्वामी के अतिरिक्त किसी अन्य का हक अधिकार, स्वत्व होतो इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय लेखी दस्तावेजीय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधी व्यतित होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो- दिनांक- 28/09/2026

रवि रावल
सर्विस प्रोवाइडर बडनगर जिला उज्जैन (म प्र)
मो .9981226537 राजेश - 9340268159

न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.)

मामले का विषय : लुसड़ावन ग्राम स्थित भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण विषयक

प्रकरण क्रमांक-0881/31-6/2026-27
ईश्वरलाल पाटीदार पिता नाथूलाल पाटीदार जाति कुलंबी निवासी ग्राम मडावदा तहसील खाचरौद
विरुद्ध
सर्वसाधारण (म.प्र.) शासन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रार्थी ईश्वरलाल पाटीदार पिता नाथूलाल पाटीदार जाति कुलंबी निवासी ग्राम मड़ावदा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा इस न्यायालय के समक्ष मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत ग्राम लुसहावन स्थित भूमि सर्वे नंबर 138/2 रकबा 0.40 हे० स्थित है। जिसमें कृषक गणेश पिता हीरालाल जाति कुलंबी निवासी ग्राम लुसडावन तहसील सौल खाचरौद द्वारा दिनांक 20/01/2020 विक्रय कि गई है। प्रार्थी ईश्वरलाल पाटीदार पिता नाथूलाल पाटीदार जाति कुलंबी निवासी ग्राम मडावदा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरण करवाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उपरोक्त भूमि के नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो निश्चित तारीख 01.10.2026 को या उसके पूर्व स्वंय या विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर स्वीकार नहीं होगी।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा कार्यालय की मोहर के अधीन आज दिनांक 16.09.2026 को जारी किया गया ।

अपर तहसीलदार
तहसील खाचरौद , जिला उज्जैन

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी श्रीमती रामकला पति श्री मोहनलालजी वर्मा निवासी बी 95 पुष्पाजंली नगर आगर रोड उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड जो सर्वे क्रमांक 148/7 में का भाग पंवासा मक्सी रोड़ तह० व जिला उज्जैन (म.प्र.) में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 57.08 वर्गमीटर या 614.41 वर्गफीट है को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से तय किया है तथा आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भूखण्ड के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूखण्ड से संबंधित मुख्त्यारनामाआम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 27.09.2026

रविन्द्र सिंह रावत (सर्विस प्रोवाईडर)
2. त्रिवेदी कॉलोनी, गोपालपुरा ब्रिज के पास मक्सी रोड़, उज्जैन,
मोबा. 8770368336

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 101 पुराना न. 444, वार्ड न. 19 पुराना वार्ड न. 03 शाजापुर तहसील व जिला शाजापुर म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1711 वर्गफीट है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में - आम रास्ता, पश्चिम मे - भवन देवीसिंह भीमावद, उत्तर में- भवन देवीसिंह भीमावद. एवं दक्षिण में- भवन एवं बाड़ा शिवनारायण व्यास का स्थित हैं। उक्त संपत्ति विनोद कुमार द्विवेदी पिता मदनलाल द्विवेदी ने रजिस्टर्ड वसीयत पत्र क्रमांक ए4/47 दिनांक 22/03/2012 को श्रीमति वीणा द्विवेदी पति विनोद कुमार द्विवेदी एवं आशीष कुमार द्विवेदी पिता विनोद कुमार द्विवेदी के हित में निष्पादित की। तथा विनोद कुमार द्विवेदी का स्वर्गवास दिनांक 24/12/2024 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी वीणा द्विवेदी एवं आशीष कुमार द्विवेदी हुये। तथा वीणा द्विवेदी व आशीष कुमार द्विवेदी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से तीन दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो। दिनांक 28/09/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मोबाइल न. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि कस्बा बडनगर स्थित भूमि सर्वे नं 191, सर्वे नं 194/1 रकबा 0.941 सर्वे नं 194/5 रकबा 0.094 हे., सर्वे नं 194/1/16/1/1 रकबा 0.850 हे., सर्वे नं 194 रकबा 1.724 मे से रकबा 0.167 के संबंध मे दिनांक 25/09/2026 को अभिभाषक श्री अनिल शर्मा बडनगर के माध्यम से समाचार पत्र मे जाहिर सुचना का प्रकाशन किया था। मेरे पक्षकार द्वारा लखन पिता आत्माराम जाति माली निवासी ग्राम पीरझलार तहसील बडनगर जिला उज्जैन द्वारा पंजीकत विकय पत्र के माध्यम से भूमि सर्वे नं 194/1/2 रकबा 0.0030 हे. का एक भूखण्ड जो पूर्व पश्चिम 30 फिट तथा उत्तर दक्षिण 10 फिट कुल क्षेत्रफल 300 वर्गफीट का जिसके पूर्व में राजेन्द्र कुमार / ममता जैन, निलेश कुमार ओरा का भूखण्ड, पश्चिम दिशा मे नरेन्द्र कुमार / संजय कुमार, राजेन्द्र कुमार का भूखण्ड उत्तर दिशा मे बडनगर-रूनिजा मार्ग दक्षिण दिशा मे नरेन्द्र कुमार/संजय कुमार, राजेन्द्र कुमार का भूखण्ड व्यवसाय उपयोग हेतु दिनांक 09/06/2025 को मोहनलाला पिता श्री हिरालाल जी बडनगर से कय कर आधिपत्य प्राप्त किया है वर्तमान मे लखन पिता आत्माराम वादग्रस्त भूखण्ड पर स्वामी एवं आधिपत्य नाते काबिज चला आ रहा है। तथा भूमि सर्वे नं 194/1/4 रकबा 0. 017 हे. जिसकी चौडाई पूर्व पश्चिम 30 फिट तथा लम्बाई उत्तर दक्षिण 49 फिट कुल क्षेत्रफल 1470 वर्गफीट कस्बा बडनगर को मेरे पक्षकार मोहनलाल चौहान पिता हिरालाल जी चौहान निवासी विवेकानन्द चौराह बडनगर को दिनांक 17/02/2017 को पंजीकत विकय पत्र के माध्यम से कय कर आधिपत्य प्राप्त किया है तब से ही मेरा पक्षकार वादग्रस्त सर्वे नं पर स्वामी एवं आधिपत्यधारी नाते काबिज चला आ रहा है। वादग्रस्त भूखण्ड भूमि सर्वे नं 194/1/2 रकबा 0.0030 हे. का एक भूखण्ड जो पूर्व पश्चिम 30 फिट तथा उत्तर दक्षिण 10 फिट कुल क्षेत्रफल 300 वर्गफीट से नरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, संजय कुमार, हरीशचन्द्र, गिरीशचन्द्र लाठी जाति माहेश्वरी निवासी म.गा. मार्ग गांधी चौक बडनगर जिला उज्जैन तथा भूमि सर्वे नं 194/1/4 रकबा 0.017 हे. जिसकी चौडाई पूर्व पश्चिम 30 फिट तथा लम्बाई उत्तर दक्षिण 49 फिट कुल क्षेत्रफल 1470 वर्गफीट कस्बा बडनगर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध सरोकार नही है उक्त वादग्रस्त भूखण्ड के संबंध मे माननीय जिला न्यायालय व सिवील न्यायालय मे वाद विचाराधीन है तथा अपर कलेक्टर महोदय उज्जैन के यंहा नक्शे की अपील भी विचाराधीन है मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 09/06/2025 के राजस्व नक्शे कस्बा बडनगर के अनुसार कय किया था तथा उक्त आधार पर व चतुसीर्मा के आधार पर स्वामित्व एवं आधिपत्य नाते काबिज है। मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड का किसी भी प्रकार से आपके पक्षकार को विक्रय पत्र निष्पादित कराने का अधिकार नही है। मेरे पक्षकार को जाहिर सुचना की जानकारी दिनांक 28/09/2026 को प्राप्त हुई है। दिनांक 28/09/2026

सुनील राठौर एडव्होकेट
डी व्यास कॉलोनी बड़नगर जिला उज्जैन मोबा. 7067515552

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सुरेश पिता मानमल जी गोलेचा निवासी खोबदरवाजा बडनगर तह. बडनगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 2283/2 में से रकबा 1.00 हे0 स्थित ग्राम अमला तह. बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा दिनांक 24.11.2023 को गवाहों के समक्ष तय किया है । उपरोक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था कय करने का सौदा सुरेश पिता मानमल जी से नही करे ना ही उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र सम्पादित करावें अन्यथा सम्पुर्ण उत्तरदायित्व संबंधीत व्यक्ति का रहेगा । सुचित हो । दिनांक 28.09.2026

दीपक कवाडिया एड्व्होकेट
न्यायालय परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.
मो. 9993939866

नगर पालिका ने नहीं कराई भगतसिंह चौक की सफाई

गुना। शाहीद भगत सिंह जन्म दिवस के अवसर पर भगत सिंह यादगार मंच द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का प्रारंभ निचले बाजार से हुआ। शुरुआत में भगत सिंह यादगार मंच के संयोजक राकेश मिश्रा ने पुष्प अर्पण किये। नरेंद्र भदोरिया ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि भगत सिंह के विचारों को गांव शहरों तक पहुंचाने की जरूरत है ताकि आज की युवा पीढ़ी भगत सिंह के विचार को जान सके। इस अवसर पर आनंद सक्सेना, रवि शर्मा बंजारा, शुभम राव मनोज रजक, अजय राव, लोकेश शर्मा, विश्वनाथ तिवारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे । प्रभात फेरी के प्रारंभ में लभगत सिंह लौट के आ पुकारे देश तेरा गीत गाया गया और शहर के मुख्य मार्गो से प्रभात फेरी ले मशाले चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के, अब अंधेरा जीत लेंगे लोग मेरे गांव के गीत गाते हुए भगत सिंह चौक पर पहुंचे। वीभगत सिंह चौक पर पहुंचने के बाद वहां एक सभा का आयोजन किया गया। भगत सिंह चौक की दुर्दशा, कचरा और गंदगी को देखकर भगत सिंह यादगार मंच के सदस्यों ने कड़ी आलोचना की और कहा कि नगर पालिका अगर शहीदों का सम्मान नहीं कर सकती तो कचरा फैला कर शहीदों का अपमान करना बंद करें भगत सिंह यादगार मंच के सदस्यों ने पहले भी कई बार नगर पालिका को भगत सिंह चौक पर पड़े कचरे को हटाने के लिए कहा आसपास के रहवासियों ने भी भगत सिंह चौक पर कचरे के डंपिंग ग्राउंड को हटाने की बात कही लेकिन नगर पालिका अभी तक वहां सफाई भी नहीं कर पाई भगत सिंह यादगार मंच के सदस्य ने कहा अगर जल्द सफाई नहीं हुई तो नगर पालिका के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

कबीर साहब की स्मृति में वृद्धाश्रम में कराया भेजन

गुना। सदगुरु कबीर साहब द्वारा बांधवगढ़ में धनी धर्मदास जी को वंश व्यालीस का आशीर्वाद प्रदान किए जाने और कबीर पंथ की स्थापना की स्मृति में सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन (एसकेडीवी मिशन) जिला गुना द्वारा सेवा कार्य किया गया। इसी क्रम में मिशन के परोपकारी प्रतिनिधि डॉ. ललित कुमार सिंह लोधा, प्रतिनिधि महेंद्र पाल, उप प्रतिनिधि अशोक दास, युवा प्रतिनिधि संजय कुशवाह तथा महिला प्रतिनिधि श्रीमती पान कुमारी पाल एवं श्रीमती कृष्णा लोधा सहित भक्तों ने सेवा भारती आनंद धाम वृद्धाश्रम, गुना में भोजन भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को भोजन कराया गया। मिशन से जुड़े पदाधिकारियों एवं भक्तों ने सेवा कार्य में सहभागिता कर मानव सेवा का संदेश दिया। भोजन भंडारे के आयोजन पर सेवा भारती आनंद धाम परिवार ने एसकेडीवी मिशन के सभी पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों एवं भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

30 साल की मिस प्रिटी इंडिया फंदे पर लटकी मिली

सोनभद्र। वाराणसी की रहने वाली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर निधि तिवारी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। 30 साल की निधि मध्यप्रदेश के सिंगरौली में मिस प्रिटी इंडिया विनर रह चुकी हैं। रविवार सुबह सिंगरौली के भूसा मोड़ स्थित घर के कमरे में उनका शव मिला। पुलिस के मुताबिक, निधि ने सुसाइड करने से पहले फेसबुक पर इमोशनल पोस्ट शेयर किया था। फेसबुक पर उनके 9 लाख 28 हजार और इंस्टाग्राम पर 7 लाख 12 हजार फॉलोअर्स हैं। वह गानों पर डांस रील्स बनाकर फेसबुक-इंस्टाग्राम पर शेयर करती थीं। सुसाइड से पहले निधि ने फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट शेयर की थी। इसमें लिखा- इस अधूरे से दिल को किसी ने पूरा नहीं किया, मैंने खुद से पूरा कर दिया। इसलिए कहा जाता है कि खुद से प्यार करो, किसी और से नहीं। खुद में खुद को तलाश करो। किसी और में आखिर कब तक तलाशोगे खुद को।

सुगम परिवहन सेवा पर पीसीसी चीफ का सीएम को पत्र

भोपाल। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर योजना में कथित फर्जीवाड़े और अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। पटवारी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि यदि वे इस कथित फ्रॉड में शामिल नहीं हैं तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस जनता के साथ हुए कथित फ्रॉड की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराएगी। पटवारी ने पत्र में कहा कि प्रदेश को सुगम बस सेवा की जरूरत है, लेकिन 15 हजार बसों की योजना की शुरुआत ही जालसाजी से हुई। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में हुए शुभारंभ कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर कथित फ्रॉड सामने आया। पटवारी का दावा है कि सरकार ने 1500 बसों के संचालन की बात कही, जबकि सरकारी आंकड़ों में 351 बसें ही दिखाई गईं।

जाहिर-सूचना

समस्त सम्माननीय भूखंड धारकों एंव प्रॉपर्टी एडवाइजर को सूचित किया जाता है कि ''आर.के. डेवलपर्स'' कार्यालय- 305 NAVKAR SQUARE TEEN BATTI SQUARE UJJAIN (M.P.) द्वारा विकसित कॉलोनी ''वैद्यनाथधाम'' आगर रोड़ उज्जैन के भूखण्ड आर.के. वैद्यनाथधाम कॉलोनी, आगर रोड़ डी. मार्ट के पास उज्जैन के आंवटित भूखण्ड की रसीद क्रमांक 301 व 302 सोसायटी द्वारा निरस्त कर दी है उक्त भूखण्ड की रसीद को लेकर किसी प्रकार का लेनदेन व संव्यवहार ना करे अगर किसी के द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसकी समस्त जबावदारी स्वयं की रहेगी, सूचित हो।

श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)
एम.ए.एल.एल.बी.
61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन
मो. 98264-44002

जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल

डायलिसिस यूनिट पर ताला, मशीनें धूल खा रहीं और मरीज परेशान, कार्यप्रणाली पर उठ रहे गंभीर सवाल

दैनिक अवन्तिका » गुना



जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और संसाधनों का अपेक्षित उपयोग नहीं होने के आरोप सामने आ रहे हैं। सबसे गंभीर स्थिति डायलिसिस यूनिट की बताई जा रही है, जहां मरीजों को राहत देने के उद्देश्य से स्थापित की गई मशीनें लंबे समय से उपयोग में नहीं होने के कारण धूल खा रही हैं और यूनिट पर ताला लगा होने की बात कही जा रही है।

गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए डायलिसिस जैसी सुविधा बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में अस्पताल में डायलिसिस यूनिट उपलब्ध होने के बावजूद उसका संचालन नहीं होना व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। मरीजों और उनके परिजनों को उपचार के लिए निजी अस्पतालों या अन्य स्थानों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय स्तर पर अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी असंतोष दिखाई दे रहा है। आरोप है कि शासन द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले आदेश और दिशा-निर्देश कागजों तक सीमित रह जाते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर उनका प्रभाव दिखाई नहीं देता। अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय किए जाने की मांग भी उठ रही है।

वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने की कोशिशों को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कई बार महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से संपर्क करना मुश्किल होता है। लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों और अधिकारियों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा किए जाने की मांग उठ रही है।

जांच की मांग

गुना में मरीजों के द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर लगाए जा रहे आरोपों की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। विशेष रूप से डायलिसिस यूनिट बंद होने के कारण, मशीनों की स्थिति, संचालन में आ रही बाधाएं, उपलब्ध स्टाफ और शासन से प्राप्त संसाधनों के उपयोग की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की जरूरत है। यदि डायलिसिस यूनिट तकनीकी, स्टाफ या प्रशासनिक कारणों से बंद है, तो संबंधित विभाग को इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक करते हुए जल्द संचालन सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा कर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर, 18 यूनिट रक्त एकत्र



नागदा । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्हेल में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत नगर परिषद उन्हेल, ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय उज्जैन एवं स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक खाचरोद के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 18 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हलकारा ने स्वयं रक्तदान कर नागरिकों को मानव सेवा के इस अभियान में सहभागी बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, नगर परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, वरिष्ठ पार्षद मंगेश वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा, दिलीप मोदी, कैलाश विपट, अविनाश विपट, बीएमओ डॉ. संजीव कुमरावत, ब्लड बैंक मेडिकल ऑफिसर डॉ. ज्योति गुप्ता एवं ब्लॉक विस्तार प्रशिक्षक बी.एल. सोनी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास कार्यालय उन्हेल में 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 18 गर्भवती महिलाओं सहित कुल 37 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीएमओ डॉ. संजीव कुमरावत, बीईई बी.एल. सोनी, शोभा सिसोदिया एवं शांता सुनेरी की टीम ने जांच कर आवश्यक दवाएं एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। इस दौरान बीएमओ डॉ. संजीव कुमरावत ने सरल एवं रोचक कहानियों के माध्यम से आमजन को विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। सहज भाषा में दिए गए स्वास्थ्य संदेश को उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों ने सराहा। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि चंद्रसिंह चौहान, योगेश यति, मनोहर लाल डोड़ेरिया, मयूर जैन, मुबारिक शाह (कन्नूभाई), सरवन सिंह डोडिया, लेखपाल संजय देवड़ा, नितेश उपाध्याय, जितेंद्र कपासिया एवं उज्जवल गेंदर सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पुत्र राधेश्याम पिता गोरूलाल जी बंजारा का विवाह सिन्हाबाई पिता मांगीलाल बंजारा, निवासी ग्राम भैरूखेड़ा, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन के साथ दिनांक 10/04/2010 को सम्पन्न हुआ था। हमारी बहू सिन्हाबाई द्वारा आए दिन परिवार में लड़ाई झगड़ा और विवाद कर हमें दहेज के मामलें में झूठा फंसाने की धमकी दी जाती थी, हमारी बहू लगभग 10 वर्ष से अपने मायके में निवास कर रही है और उसने हमें दहेज प्रताड़ना के मामलें में झूठा फंसाकर 10 वर्ष तक मामला चलवाया और न्यायालय द्वारा हमें दहेज प्रताड़ना के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। हम हमारी बहू सिन्हाबावई व पुत्र राधेश्याम बंजारा के कारण काफी परेशान हो गये है और वह कई वर्षो से हमारे साथ निवास नहीं कर रहा है तथा उज्जैन में निवास करता है। हमारी बहू हमें 10 साल से परेशान कर रही है और आए दिन शिकायतें करती रहती है। हमारे द्वारा पुत्र राधेश्याम बंजारा व बहू सिन्हाबाई को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया गया है, हमारा उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा है एवं हमारे संबंध विच्छेद हो गये है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय व अशासकीय अथवा निजी संस्था द्वारा हमारे पुत्र राधेश्याम बंजारा एवं पुत्रवधू सिन्हाबाई से किसी प्रकार का कोई व्यवहार आदि किया जाता है तो उसके लिये हम उत्तरदायी नहीं रहेंगे अथवा वे कोई न्यायालयीन आदि कार्यवाही भी करते है तो उसके लिये वह व्यक्तिगत रूप से स्वयं जिम्मेदार होंगे। सूचित हो। इति दिनांक-28/09/2026

1-गोरुलाल पिता हिरालाल बंजारा
2-श्रीमती गीताबाई पति गोरूलाल बंजारा
निवासीगण - ग्राम रनाहेड़ा, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन

कार्यालय,वन मण्डलाधिकारी

, वन मंडल उज्जैन, उदयन मार्ग, दमदमा, उज्जैन (मध्य प्रदेश)
कार्यालय (0734-2512104) dfotujjain@mp.gov.in

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरामशीन धारक श्रीमती क्षिप्राबाई पति स्व. मथुराप्रसाद शर्मा द्वारा दिनांक 25-07-2025 को उपवनमण्डलाधिकारी उज्जैन कार्यालय में उपस्थित होकर बयान लिपिबद्ध कराये गये जिनमें वे अपनी स्वेच्छा से आरामशीन अपने पुत्र श्री शैलेन्द्र पिता स्व. मथुराप्रसाद शर्मा के नाम से नामान्तरित करने की सहमति अपने पूरे होशो-हवाश में होकर बिना किसी दबाव के अपनी राजीमर्जी देती हूं।

उनके पुत्र श्री शैलेन्द्र पिता स्व. श्री मथुराप्रसाद शर्मा द्वारा उक्त आरामशीन अपने नाम से नामन्तरण करने हेतु परिवार के अन्य सदस्यों के अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आरामशीन नामान्तरण जाहिर सूचना जारी की जाती है। इस संबंध में किसी को दावा/आपत्ति हो तो 15 दिवस में लिखित रुप से मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। बाद में किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

वन मंडल अधिकारी
वन मंडल, उज्जैन

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. फिरोजउद्धीन पिता मरहूम बशीरउद्धीन निवासी 34, अहिल्याबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) 2. मोहम्मद सिद्धीक पिता अब्दुल वहीद निवासी 81, अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, पथ क्रमांक उज्जैन (म.प्र.) 3. मोहम्मद इमरान नागौरी पिता मोहम्मद एहमद निवासी 08, अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, पथ क्रमांक उज्जैन (म.प्र.) 4. मोहम्मद दानिश नागौरी पिता जफर इकबाल निवासी 24/1, अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, नलिया बाखल उज्जैन (म.प्र.) 5. इकराम नागोरी पिता अब्दुल अजीज निवासी 24, नलिया बाखल उज्जैन (म.प्र.) 6. मोहम्मद जुनेद पिता मोहम्मद इलीयास निवासी 43/1, शिकारी गली (तिलक मार्ग) उज्जैन (म.प्र.) से उनके द्वारा मूल भवन स्वामी शादाब हुसैन व श्रीमती जैनब बी से क्रय अनुबंधित किया हुआ एवं अनुबंधकर्ता द्वारा फिरोजउद्धीन से उनके द्वारा क्रय अनुबंधित किया हुआ भवन म्यु. गृह क्रमांक 40 ''श्रीपाल मार्ग, (लोहे का पुल) उज्जैन (म.प्र.) में है स्थित होकर पैमाईश- लम्बाई- पूर्व-पश्चिम बतरफ उत्तर 4.36 मीटर, बतरफ दक्षिण 4.11 मीटर चौडाई- उत्तर-दक्षिण चौड़ाई बतरफ पूर्व 8.18 मीटर बतरफ पश्चिम 8.84 मीटर कुल क्षेत्रफल 36.03 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा- पूर्व दिशा की ओर- शैष भाग जैनब बी,पश्चिम दिशा की ओर-आम रास्ता,उत्तर दिशा की ओर-मकान इस्माईल ड्रायवर का व दक्षिण दिशा की ओर-मकान अल्लाबेली का मिला है के मध्य स्थित भवन को एवं भवन म्यु. गृह क्रमांक 40/1 ''श्रीपाल मार्ग, (लोहे का पुल) उज्जैन (म.प्र.) में है जिसकी पैमाईश- लम्बाई- पूर्व-पष्चिम बतरफ उत्तर क्रमशः 0.78 मीटर, 3.26 मीटर, 9.42 मीटर बतरफ दक्षिण 4.5 मीटर, 8.55 मीटर चौडाई- उत्तर-दक्षिण चौड़ाई बतरफ पूर्व 5.11 मीटर व बाद खांचा 1.09 मीटर व बतरफ पश्चिम 5.92 मीटर कुल क्षेत्रफल 83.31 वर्गमीटर जिसकी चर्तुसीमा-पूर्व दिशा की ओर-मकान अल्लाबेली का पश्चिम दिशा की ओर-शेष भाग मकान शादाब हुसैन का उत्तर दिशा की ओर-मकान इस्माईल ड्रायवर का व दक्षिण दिशा की ओर-मकान अल्लाबेली का मिला है के मध्य स्थित भवन को इस प्रकार दोनो भवनो का कुल संयुक्त क्षेत्रफल 119.33 वर्गमीटर अर्थात 1284.56 वर्गफीट को उस पर किये हुए कुल दो मंजिला निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्र्स व नल व बिजली कनेक्शन मय मीटर डिपाजिट एंव मय तला व हवाई हक क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का सम्पादन करवा लिया है तथा विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भवनों में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवनों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 18 (अट्ठारह) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः- 28/09/2026

श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)
एम.ए.एल.एल.बी.
डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ.
ऑफिस के पीछे उज्जैन
मो. 98264-44002

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी 01. ओमप्रकाश नाहटा पिता स्व. श्री चिमनलालजी नाहटा, 02. श्रीमती कोशल्या देवी नाहटा पति श्री ओमप्रकाश जी नाहटा, निवासीगण-21/1, द्रविड मार्ग, उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमाक-9/25, श्रेणी एच.आई. जी. स्थित क्षिप्रा विहार योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल-468.00 वर्गमीटर या 5037. 55 वर्गफीट हैं। जिसके उत्तर/ पूर्व दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-एफ-9/24, पूर्व / दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक-एफ-9/1, दक्षिण / पश्चिम दिशा में 35.00 मीटर चोडी सड़क, पश्चिम / उत्तर दिशा में 35.00 मीटर चोडी सड़क हैं। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार से किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया हैं। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋ ण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो ।

इति दिनांक-28.09.2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवासरोड़, उज्जैन
मो. 98272-64140

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 01. अमित जैन पिता श्री बाबुलाल जैन, निवासी-58, सीएनजी फिलिंग स्टेशन के पीछे, हाई कोर्ट जड्जस कॉलोनी, सेक्टर-105, नोएडा गोतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, 02. सुमित जैन पिता श्री बाबुलाल जैन, निवासी-सी.डी.-45, न्यू सी एण्ड डी कॉलोनी राजगढ़ वार्ड नं.-43, पत्रपाली राजगढ़, छत्तीसगढ़, के स्वामीत्व का भवन क्रमांक 203, सीनीयर एच.आय.जी. महाश्वेता नगर, उज्जैन हैं। भवन का कुल क्षेत्रफल 600.00 वर्गमीटर हैं। उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी गई हैं। यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-28.09.2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो.98272-64140

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 1. श्री हेमचंद्र सिंह चौहान पिता श्री रणजीत सिंह चौहान, निवासी-115, आर्य समाज मार्ग, बहादुरगंज, उज्जैन (म. प्र.) 2. श्री जगरूप सिंह चौहान पिता श्री रणधीर सिंह चौहान, निवासी-बी-7/9, महानंदा नगर, अपोजिट कम्युनिटी हॉल, उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन म्यु. क्रमांक 115 जिसका पुराना क्रमांक 1.1187 स्थित आर्य समाज मार्ग, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1010 वर्गफीट है, को क्रय करने का सौदा भवन स्वामी से तय किया है तथा बयाना / टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भवन के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्त्यार नामा आम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। मेरे पक्षकार विक्रेता से अवधि व्यतित होने के पश्चात उक्त भवन का रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र का संपादन अपने पक्ष में करवा लेंगें। सूचित हो। इति दिनांक 29/09/2026

डॉ. एस.के. शर्मा
एडव्होकेट-उज्जैन ऑ.नं. 15, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज,
उज्जैन मो. 9300707767

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती हुसेन बी पति अनवर जाति मुसलमान निवासी ग्राम कजलाना तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के स्वामित्व की कृषि भुमि सर्वे नंबर 592/4 रकबा 1.60 हैक्टर स्थित ग्राम कजलाना को क्रय करने का सोदा तय कर बयाना राशि भुगतान की है तथा शीघ्र ही भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत होना है। अतः यदि उक्त संपत्ति में किसी व्यक्ति, संस्था, निजी ऋणदाता, बैंक, वित्तीय संस्था का किसी भी प्रकार से ऋण भार हो, मुख्त्यारनामा, अनुबंध, रहननामा हो या उक्त संपत्ति के संबध में किसी प्रकार का न्यायीक या पारिवारिक विवाद हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति करें अन्यथा मेरे पक्षकार अनुबंधित संपत्ति विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत करावेगें जिसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। दिनांक 29/09/2026

अनिल कुमार शर्मा
एडवोकेट बड़नगर
मो. 9424870281

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता अमजदउद्दीन कुरैशी पिता अमिनउद्दीन जाति कुरैशी निवासी ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 404/1/2 रकबा 0.08 हैक्टर व सर्वे नम्बर 404/2 रकबा 0.33 हैक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.41 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा अनुबंध पत्र किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 28-09-2026

अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर)
तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन
मो. 99265-32350

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने तरुण कुमार बिरथरे पिता रामनाथ जी निवासी 43, तलावली चाँदा, इंदौर, कृषक ग्राम पिपलिया मुज्फता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 142/1 रकबा 0.76 हेक्टेयर तथा सर्वे क्रमांक 129/3 रकबा 0.42 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 1.18 हेक्टेयर स्थित ग्राम पिपलिया मुज्फता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदाकर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो। दिनांक 29-09-2026, स्थान- उज्जैन

अजय कुमावत एडवोकेट
कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन
मो.9993364312

न्यूज-कॉलम

तीन चोरी की बाइक समेत आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर। दलौदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई ३ मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। मामले की जानकारी के अनुसार रतलाम जिले के रोला गांव निवासी मुकेश पाटीदार ने दलौदा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 सितंबर को विनायक स्कूल के सामने स्थित उनकी दुकान के बाहर खड़ी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक (एमपी 43 डीएस 4051) अज्ञात बदमाश चुरा ले गया। जिस पर पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्ध आरोपी राजू (30) पिता मोहनलाल मीणा निवासी निम्बोद थाना भावगढ़ को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने बाइक चोरी की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक के अलावा पूर्व में धुंधड़का और दलौदा कस्बे से चुराई गई दो अन्य बाइक क्र. एमपी 14 जेडएस 5922 और एमपी 14 एमयू 7124 भी बरामद की हैं।

पेंशनर महासंघ का स्थापना दिवस व सम्मान समारोह 4 अक्टूबर को

मंदसौर। सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मंदसौर का स्थापना दिवस व सम्मान समारोह आगामी 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से नगरपालिका सभागृह में आयोजित किया जाएगा। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी संगठन के वरिष्ठ नागरिकों व सदस्यों का विशेष सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, जिला महामंत्री विजय सुराणा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति गिरिराज दास सक्सेना, कृषि वैज्ञानिक नरेंद्र सिपानी एवं मोहनलाल कुमावत शिरकत करेंगे। संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रवणकुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र चंद्रे व रामप्रताप वाक्तरिया, देवीलाल सेठिया, चन्द्रकला सेठिया, सचिव चन्द्रकान्त शर्मा, कोषाध्यक्ष कोमल वाणवार, मुख्य समन्वयक डॉ. देवेंद्र पुराणिक एवं नगर अध्यक्ष आनंदीलाल पांड्या आदि ने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

कु. रणजीत सिंह राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय घेराव में हुए शामिल



पिपलिया मंडी। वोट चोरी एस आई आर में लाखों मतदाताओं के नाम काटने मतदाताओं को अपने अधिकारों से वंचित करने जैसे विषयों में संलिप्त पाए गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे एवं उनके ऊपर राष्ट्रद्रोह जैसा केस चलाने विषयक को लेकर 28 सितंबर, 26 को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर भोपाल में राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय के घेराव एवं विशाल पैदल मार्च में उपस्थित होकर कांग्रेस पार्टी एवं मतदाताओं की आवाज को बुलंद करने का काम किया।

प्राकृतिक व ऐतिहासिक विरासत बनेगी पर्यटन का आधार

नीमच। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पर्यटन कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। कॉन्क्लेव में जिले की प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं स्थानीय पर्यटन संभावनाओं के विकास को लेकर विभिन्न हितधारियों एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े अनुभवी व्यक्तियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में नीमच में प्रारंभ हुए चीता प्रोजेक्ट को पर्यटन विकास से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। भविष्य में जंगल सफारी शुरू करने की संभावनाओं पर भी विचार किया।

चुनाव आयोग और मतदाता सूची को लेकर लगातार आरोप लगाकर भ्रम फैला रही कांग्रेस- जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

कांग्रेस और राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग और मतदाता सूची को लेकर लगातार गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। इन आरोपों के माध्यम से देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जनता के मन में भ्रम और अविश्वास पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कतई उचित नहीं है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करते हुए बताया कि चुनाव आयोग ने एसआईआर के मुद्दें कर पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। ऐसे में राहुल गांधी और कांग्रेस किस आधार पर एसआईआर के मुद्दे को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। राजनीतिक दलों से अपेक्षा होती है कि वे किसी संवैधानिक संस्था पर गंभीर आरोप लगाने से पहले तथ्यों की पूरी जांच करें। लेकिन सिर्फ किसी मीडिया रिपोर्ट के आधार पर आरोप लगाना और फिर उसे देश की लोकतांत्रिक



व्यवस्था के खिलाफ एक बड़े मुद्दे के रूप में प्रस्तुत करना कतई उचित नहीं है।

उन्होंने बताया यिक यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस और राहुल गांधी द्वारा किसी संवैधानिक संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए हों। इससे पहले भी कई बार बिना आधार आरोप लगाए गए थे, जिन पर कुछ बार बिना शर्त माफी मांगना पडी थी। । श्री उपाध्याय ने कहा कि जब चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर से जुड़े फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं, तो राहुल गांधी इस स्पष्ट जवाब के बाद भी अपने आरोपों पर कायम क्यों हैं। चुनावी हार का विश्लेषण करने के बजाय हर बार चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना किसी भी राजनीतिक दल के लिए आत्ममंथन का विषय होना चाहिए। चुनाव जनता के बीच जाकर सेवा करने, अपने काम और नीतियों के आधार पर जनमत हासिल करने से जीते जाते हैं। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर बिना पर्याप्त तथ्यों के आरोप लगाकर जनता के मन में भ्रम पैदा करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है।

एनओसी के बदले रिश्वत लेते दलौदा सरपंच व सरपंच पति रंगे हाथों गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



जिले की ग्राम पंचायत दलौदा में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (इओडब्ल्यू) उज्जैन की टीम ने कार्रवाई करते हुए रिश्वतखोरी के मामले में महिला सरपंच और उनके पति (सरपंच प्रतिनिधि) को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मकान निर्माण के लिए आवश्यक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी करने के एवज में रिश्वत मांगने की शिकायत पर की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दलोदा निवासी विक्रम सिंह को अपने मकान निर्माण हेतु बैंक से लोन लेना था, जिसके लिए पंचायत से लेटरहेड पर एनओसी जारी करवाने की आवश्यकता थी। आरोप है कि सरपंच दुर्गा केथवास और उनके पति अनिल केथवास पिछले एक महीने से एनओसी पर हस्ताक्षर करने के एवज में आवेदक से लगातार 5 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। बाद में दोनों पक्षों के बीच 4 हजार रुपये में सहमति बनी, जिसमें से फरियादी ने 500 रुपये पहले ही दे दिए थे।

परेशान होकर पीड़ित विक्रम सिंह ने मामले की शिकायत उज्जैन इओडब्ल्यू से की। शिकायत का सत्यापन करने के बाद इओडब्ल्यू की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की। जैसे ही पीड़ित ने शेष 3500 रुपये की राशि ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच पति को सौंपी, तभी मौके पर मौजूद इओडब्ल्यू की टीम ने दबिश देकर दोनों को रंगे हाथों धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान कार्यालय में सरपंच और उनके पति दोनों मौजूद थे तथा रिश्वत की मांग में दोनों की संलिप्तता पाई गई। इओडब्ल्यू द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



रतनगढ़ में जलझूलनी एकादशी पर निकली भव्य शोभायात्रा

नीमच। जिले के रतनगढ़ में धूमधाम और आस्था के साथ संपन्न हुआ ऐतिहासिक जलझूलनी महोत्सवः पवन व्यायाम शाला के हैरतअंगेज करतबों और राजस्थानी लोक कला ने मोहा मन रतनगढ़। नगर में एक तरफ गणेशोत्सव की भक्तिमय बयार बह रही है, वहीं दूसरी ओर जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) का पर्व अत्यधिक श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तेज धूप और गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं के अपार उत्साह के साथ पूरा नगर भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। आकर्षक बैवाणों और आदमकद मूर्तियों का मनमोहक श्रृंगार पर्व के अवसर पर बैवाणों में विराजमान भगवान की आदमकद चमत्कारिक मूर्तियों का अत्यंत सुंदर एवं दिव्य श्रृंगार किया गया था। श्रद्धालुओं ने इन बैवाणों को अपने कंधों पर उठाकर ढोल-धमाकों, ताशों, लैझिम की गूंज और गुलाल व पुष्प वर्षा के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा के रूप में निकाला। चल समारोह का सबसे मुख्य और अद्भुत आकर्षण सबसे अंत में चल रहा सुंदर रथ था, जिस पर लगभग डेढ़ क्विंटल से अधिक शुद्ध चांदी के बने झूलों में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी की आदमकद चमत्कारिक मूर्तियां विराजमान थीं।

वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ का रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 अक्टूबर को

रतलाम। वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ द्वारा मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों की स्मृति में भव्य रक्तदान शिविर एवं निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मजदूर संघ कार्यालय में किया जा रहा है । सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे ने बताया रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक रहेंगे एवं रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन व प्रोत्साहित करेंगे साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा । उक्त आयोजन गुरुवार को सुबह 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक रहेगा जिसे मानव सेवा समिति रतलाम के सहयोग से किया जायेगा । आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें मंडल उपाध्यक्ष अतुल सिंह राठौर,सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र सिंह सोलंकी,मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह गौतम, सीडब्लूसी गौरव संत,शाखा सचिव संजय कुमार, अमित चौहान,दीपक गुप्ता,बापी चौधरी आदि उपस्थित थे।

शासकीय चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 12 डॉक्टरों की पदस्थापना के हुए आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

शासकीय चिकित्सालय एवं क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केदो पर विधायक डॉ राजेंद्र पांडे के निरंतर अथक प्रयासों से डॉक्टरों की पदस्थापना के आदेश जारी हुए डॉक्टर पांडे ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री और राजेंद्र शुक्ला से डॉक्टरों की पद पूर्ति के लिए लगातार चर्चा कर शीघ्र पद स्थापना हेतु निवेदन किया था। शासकीय चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केदो पर 12 डॉक्टरों की पद स्थापना के आदेश हुए। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक डॉ पांडेय के आग्रह पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी चिकित्सको की नियुक्ति आदेश में सिविल हॉस्पिटल में 5 चिकित्सको के नियुक्ति आदेश जारी किये। जिनमे डा श्रेया रातवजिया, डा सृष्टि गर्ग, डा समीक्षा अग्रवाल, डा वरुण साहू, डा विजय पाटीदार की नियुक्ति हुई है इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद में 3 चिकित्सक डॉ प्रतिभा पाटीदार,डॉ किशन पाटीदार व डॉ कृष्णा परमार की नियुक्ति हुई इसी तरह सिविल हॉस्पिटल पिपलौदा में 4 चिकित्सक डॉ राहुल कुशवाह, डॉ मनीषा पाटीदार,डॉ अर्चिषा कांत व डॉ शेजल जाटव की नियुक्ति की गई है। विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सकों की पदपूर्ति से से स्वास्थ्य विभाग में हर्ष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने चिकित्सको की नियुक्ति पर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव,उपमुख्यमंत्री शुक्ला, विधायक डॉ पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सुवासरा में नकली दूध व घी बनाने की अवैध फैक्ट्री पर पुलिस का छापा, भारी मात्रा में पाम ऑयल व पाउडर जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



जिले के सुवासरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली दूध और घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम खेजड़िया भूप में पीरूसिंह पिता रामसिंह सोंधिया राजपूत और रामसिंह पिता तेजसिंह सोंधिया राजपूत अपने घर में अवैध रूप से नकली दूध और घी तैयार कर मार्केट में खपा रहे हैं।

सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ रामस्नेही मिश्रा, अअपु सीतामऊ दिनेश प्रजापति एवं अअपु गरोठ विजय कुमार यादव के निर्देशन में थाना प्रभारी सुवासरा निरीक्षक बी.डी. बीरा की टीम ने आरोपियों के घर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी पीरू सिंह और रामसिंह मौके से फरार हो गए।

पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में आरोपियों के ठिकाने से भारी मात्रा में मिलावटी सामान जब्त किया गया। इसमें 85 कट्टे मिल्क पाउडर (जिसका उपयोग दूध बनाने व फैट बढ़ाने के लिए किया जाता था), 15 लीटर वाले 7 पैक पाम ऑयल के टीन डिब्बे, 120 खाली टीन, 200 लीटर क्षमता के 4 खाली ड्रम, 2 इलेक्ट्रॉनिक फिल्टर मिक्सर मशीन, 2 गैस भट्टी, इंडेन कंपनी की 2 गैस टंकी, 6 कट्टे यूरिया, 2 स्टील की कोठी, 1 पाम ऑयल की केन, निर्मित नकली घी, छोटा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा और 1 मोटर पंप शामिल है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 272, 274 व 275 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

एमआर यूनियन ने केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपा



मंदसौर। मंदसौर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के सदस्यों द्वारा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के नाम विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से तहसीलदार मृणालिनी तोमर को ज्ञापन सौंपा गया। दवा प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय संगठन की 12 और 13 जून को कोलकाता में आयोजित कार्यसमिति बैठक में पारित प्रस्ताव के तहत यह कदम उठाया गया है। यूनियन के अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने ज्ञापन का वाचन किया और सचिव उपेन्द्र राय ने इसे अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में नए श्रम कानूनों की समीक्षा कर श्रमिकों के हड़ताल के अधिकार और सामूहिक चर्चा की सुरक्षा सुनिश्चित करने, सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के लिए वैधानिक कार्य नियम बनाने, फिक्स्ड टर्म रोजगार के प्रावधान को हटाने तथा न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम व महंगाई भत्ते का उचित निर्धारण करने की मांग सहित अन्य मांगे रखी गई है। इस अवसर पर लोकेश जैन, जितेंद्र सिंह, विनोद बसेर, संदीप भावसार, विकास कुमार, कैलाश चौहान, इदरीश खान, अनिल शर्मा, विपेंद्र सिंह, बिजेंद्र झा, अनिरुद्ध सिंह सोलंकी आदि मौजूद थे।

स्व. श्री सिंघानिया की 73 वीं जन्म जयंती पर होंगे विभिन्न आयोजन

नीमच। समीप निंबाहेड़ा के जे. के. सीमेंट समूह के प्रबंध निदेशक स्व. श्री यदुपति सिंघानिया की 73वीं जन्म जयंती 29 सितंबर को जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। जे. के. सीमेंट के एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि स्व. श्री यदुपति सिंघानिया की 73वीं जन्म जयंती पर विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर भंडारी नेत्रालय नीमच के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नजर, नाखूना, मोतियाबिंद आदि बीमारियों की निशुल्क जांच की जाएगी एवं आवश्यकता होने पर जे. के. सीमेंट के द्वारा उनका निशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा। जे. के. सीमेंट के कमर्शियल हेड मनोज सोनी ने बताया कि स्व. श्री सिंघानिया की 73वीं जन्म जयंती पर निबाहेड़ा क्षेत्र के 10 राजकीय विद्यालयों की बालिकाएं जो टॉपर हैं. उन्हें 50 साइकिलें वितरित की जाएंगी। आयोजन के इसी क्रम में जे. के. सीमेंट के टेक्निकल हेड राजेश सोनी एवं मुरली लड्ढा ने बताया कि राजकीय जिला चिकित्सालय में सुरभि क्लब के माध्यम से बेबी किट वितरित किए जाएंगे तथा मरीजों को निशुल्क फल वितरण एवं दलिया वितरण किया जाएगा। नगर की सांवरिया गौशाला में गौ माता को चारा एवं पशु आहार खिलाया जाएगा तथा नगर परिषद द्वारा संचालित अन्नपूर्णा रसोई पर सुबह-शाम जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन करवाया जाएगा। जे. के. सीमेंट प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

न्यूज कालम



कलेक्टर ने मिलावटी खाद्य पदार्थों व अवैध शराब पर रोक लगाने के दिये निर्देश

मंदसौर। कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने सख्त तेवर दिखाते हुए जिले में अवैध व नकली शराब तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा इस संबंध में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो उनके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आबकारी, राजस्व तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को स्पष्ट हिदायत दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी और की गई कार्रवाई धरातल पर नजर आनी चाहिए। इसके साथ ही जिले के सभी एसडीएम को भी इन अभियानों में सक्रियता से शामिल रहने का निर्देश दिया गया है। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि पर्याप्त अमला उपलब्ध होने के बावजूद शिकायतों की संख्या अधिक होना चिंताजनक है, इसलिए प्रकरणों का तेजी से और गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

महाराष्ट्र समाज मंदसौर की नवीन कार्यकारिणी गठित



मंदसौर। महाराष्ट्र समाज मंदसौर की साधारण बैठक में समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन और पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। समाजजनों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से नई टीम की घोषणा की गई। निर्वाचित कार्यकारिणी में दिनेश कोरान्ने को अध्यक्ष, अनिल झांझीवाले को उपाध्यक्ष, श्रीमती अर्चना अरवंदेकर को महिला उपाध्यक्ष, सुधीर चांदेकर को सचिव, धीरज पाठक को कोषाध्यक्ष और जयश्री लक्कड़ को सहसचिव चुना गया। वहीं शिरीष सुपेकर, हेमंत पागे, आरती निखाड़े, वर्षा सुपेकर और बीना गोड़बोले को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश कोरान्ने ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस दौरान सुरेश कुलकर्णी, सुभाष बुगदे, राजेंद्र पाठक एवं आशा लक्कड़ ने समाज की प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया।

जनपद पंचायत ने पाटीदार को सह शासन योजना प्रमुख का दायित्व सौंपा

पिपलिया मंडी। कमलेश पाटीदार बालागुड़ा बावड़ी वाला



जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 2 जनपद पंचायत मल्हारगढ़ ने 28 सितंबर को प्रातः 11 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित निवास स्थान मल्हारगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं एवं भाजपा जिला किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चुंडावत राजा बना ने मुझ पर विश्वास जताते हुए भाजपा जिला किसान मोर्चा में सह शासन योजना प्रमुख का दायित्व दिया। सभी कार्यकर्ताओं ने श्री कमलेश पाटीदार को बधाई शुभकामनाए देते हुए पुष्पमाला से स्वागत किया।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर1 अक्टूबर को नि:शुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर

नीमच। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर, गुरुवार को जिला चिकित्सालय नीमच के ट्रॉमा ओपीडी में प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में वृद्धजनों से संबंधित बीमारियों की निःशुल्क जांच, उपचार, दवा एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी भी बनाए जाएंगे। इसके लिए शिविर में आने वाले हितग्राही अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं। जिला चिकित्सालय की फिजियोथेरेपी यूनिट में वृद्धजनों को निःशुल्क फिजियोथेरेपी की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र पाटिल एवं एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने जिले के वृद्धजनों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-18

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- इकबाल पिता अब्बास अली क्रेता- उन्नती पति मयूर पारखे वार्ड-52 पता- 26 पुराना नया 77अजय बाग कालोनी इन्दौर पिन- 1001322243 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- आशाबाई पति रामनारायण पाटिल क्रेता- कीर्ति राय पिता अमोल राय, पति श्री मुकेश राय पता- 61 जनकपुरी कालोनी इन्दौर पिन- 1000926571 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- वीरेन्द्रसिंह पिता नायकसिंह ठाकुर क्रेता- सुनीता धोटे पति सुनील धोटे पता- 180 बैजनाथ धाम कालोनी इन्दौर पिन- 1004532576 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सौरभ जैन, प्रज्ञा शर्मा क्रेता- आकाश ललित कटारिया पिता ललित कटारिया पता- 203 संघवी रेसीडेंसी ब्लाक-ए (सुयोग पैकी) इन्दौर पिन- 1001346092 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कालीसिंध नदी में नहाने गए व्यक्ति की डूबने से मौत

सारंगपुर। सरिंगपुर के जयनगर निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति की कालीसिंध नदी में डूबने से मौत हो गई। शनिवार दोपहर घर से नदी में नहाने जाने का कहकर निकले व्यक्ति का शव रविवार सुबह पुल के समीप नदी में तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों ने खोजबीन के दौरान शव बरामद कर पुलिस को सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार जयनगर निवासी श्याम पिता भगीरथ लोधा (45) सारंगपुर के कनक होटल में काम करता था। बताया गया कि वह पिछले तीन दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। शनिवार दोपहर वह घर से कालीसिंध नदी में नहाने जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

तीन दिवस में विद्युत देयक जमा करने के निर्देश

ब्यावरा-राजगढ़ । राजगढ़ जिले में विद्युत विभाग के लंबित देयकों की वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 31 शस्त्र लाइसेंसधारियों को जिला प्रशासन द्वारा सूचना पत्र जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना पत्र में संबंधित शस्त्र लाइसेंसधारियों को अवगत कराया गया है कि विद्युत विभाग द्वारा उनके विद्युत देयकों के भुगतान नहीं किए जाने की जानकारी दी गई है। साथ ही, जिले में लंबित विद्युत देयकों की वसूली के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। वसूली के दौरान शस्त्रधारियों द्वारा लड़ाई-झगड़ा किए जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए संबंधितों को नोटिस जारी किए गए हैं।

हर्बल काउ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में खाद्य सुरक्षा की जांच

ब्यावरा-राजगढ़ । आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश द्वारा संभागीय उड़न दस्ते के गठन संबंधी आदेश के पालन में संभागीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा कुरावर-पीलूखेड़ी स्थित हर्बल काउ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण एवं जांच कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान के मैनेजर महेश लोधी की उपस्थिति में संपूर्ण निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में दही, पनीर, मावा एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के निर्माण, पैकिंग, भंडारण एवं विक्रय संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की गई।

डॉ. न्यासा अग्रवाल को नीट-पीजी में ऑल इंडिया 455वीं रैंक हासिल

तराना। नगर की बेटी डॉ. न्यासा अग्रवाल ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर नीट-पीजी परीक्षा में ऑल इंडिया 455वीं रैंक हासिल कर शानदार सफलता का परचम लहराया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल कोठारी परिवार, बल्कि पूरे तराना नगर और उज्जैन जिले का गौरव बढ़ा है। डॉ. न्यासा अग्रवाल दीपक कोठारी एवं मधुलिका कोठारी की सुपुत्री हैं। आज न्यासा की उपलब्धि ने अपने माता-पिता के सपनों को नई ऊंचाई दी है। सभी ने डॉ. न्यासा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि तराना की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणादायी है। बेटी की इस शानदार उपलब्धि से माता-पिता सहित पूरा परिवार खुशी और गर्व से सराबोर है। डॉ. न्यासा अग्रवाल की इस उपलब्धि से तराना नगर में हर्ष का माहौल है। नगरवासियों ने कहा कि आज एक बेटी ने अपने माता-पिता के सिर पर सफलता का ताज रखकर पूरे नगर का मान बढ़ाया है।



अग्रसेन जयंती हेतु अग्रवाल महिला समिति का गठन

तराना। अग्रवाल समाज ने अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में अग्रवाल महिला मंडल के चुनाव संपन्न हुई जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिए सुषमा अग्रवाल को मनोनीत किया गया उपाध्यक्ष सुरभि गर्ग कोषाध्यक्ष हिना मित्तल एवं सचिव के लिए हिना बंसल को मनोनीत किया गया है।

बीमारी बताओ... दवा ले जाओ मेडिकल दुकानों की मनमानी पर विभाग मौन

तीन पैथोलॉजी लैब सील करने के बाद मेडि-कल दुकानों पर कार्रवाई कब होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बीते दिवस अचानक कार्रवाई कर शहर की तीन पैथोलॉजी लैबों को दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर सील किया तो स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी व्यवस्था पर फिर सवाल खडे हो गए हैं। कार्रवाई के दौरान कुछ लैबों के शटर बंद मिलने से जांच का दायरा भी चर्चा में रहा। शहर और आसपास की मेडिकल दुकानों की जांच को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कुछ दुकानों पर मरीज के लक्षण सुनकर ही दवा देने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में केवल दुकान में दवाओं की उपलब्धता देखना पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाओं की बिक्री, बिलिंग, स्टॉक और रिकॉर्ड की भी औचक जांच जरूरी है।

शहर में मेडिकल दुकानों को लेकर शिकायत है कि मरीज डॉक्टर के पास जाने के बजाय सीधे मेडिकल संचालक को बीमारी या लक्षण बताता है और उसके आधार पर दवा मिल जाती है। बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारी वाले मरीजों के मामले में ऐसी व्यवस्था जोखिम बढा सकती है। दवा सही है या गलत, यह केवल लक्षण सुनकर तय नहीं किया जा सकता। इसलिए औचक जांच में पर्ची के साथ-साथ बिक्री रिकॉर्ड और स्टॉक का मिलान भी जरूरी है।

शहर में अवैध और बिना मानकों के चल रही तीन पैथोलॉजी लैब को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किए जाने के अगले ही दिन शहर भर के पैथोलॉजी सेंटरों पर सन्नाटा पसरा रहा। कार्रवाई के खौफ से कई संचालकों ने अपने सेंटर बंद



रखे, जिसके कारण खून की जांच कराने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा। दूर-दराज के इलाकों और गांवों से आए मरीजों को बिना जांच कराए ही वापस लौटना पडा। निजी क्लीनिकों के बाहर दिन भर मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। नियमित जांच कराने पहुंचे गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पडी। इस स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए स्वास्थ्य विभाग के डीएचओ डॉ. जलालुद्दीन शेख ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड करने वाली किसी भी अनधिकृत लैब को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जल्द ही फिर से सख्त अभियान चलाया जाएगा। जिन्हें सील किया गया है उनसे भी दस्तावेज तलब किया गया है। डा. शेख ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत और प्रमाणित पैथोलॉजी लैब से ही जांच कराएं।

लैबों पर कार्रवाई हुई तो मेडिकल दुकानों पर भी नजर जरूरी

बीते दिन की गई कार्रवाई ने यह साफ किया कि दस्तावेज और नियमों की जांच केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसी तरह मेडिकल दुकानों में भी यह देखना जरूरी है कि कौन-सी दवा बिना पर्ची दी जा रही है, उसका बिल काटा जा रहा है या नहीं और स्टॉक का रिकॉर्ड नियमानुसार दर्ज है या नहीं। खासकर ऐसी दवाएं जिनकी बिक्री चिकित्सकीय पर्ची के आधार पर होनी चाहिए, उनकी बिक्री की वास्तविक स्थिति जांच का अहम हिस्सा हो सकती है।

दीनदयालजी के बताए मंत्र पर ही केंद्र व राज्य सरकार चल रही-पंड्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जो मानववाद व एकात्मवाद का सूत्र दिया था, उसी आधार पर केंद्र व प्रदेश की सरकर तो चल ही रही है। और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के कल्याण का कार्य हो रहा है। हमारे विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या भी उसी मंत्र को आत्मसात कर निरंतर विकास कार्य कर रहे है।

उक्त विचार मुख्यमंत्री समुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं, नवांकुर, प्रस्फुटन समिति सदस्यो को संबोधित करते हुए विकासखंड स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अजय पंड्या ने



व्यक्त करते हुए कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों का जीवन प्रेरणादायक होता है। अतः समाज के लिए निरंतर कुछ ना कुछ करते रहे। कृषि विशेषज्ञ सुश्री सपना यादव ने कहा की अभी पितृपक्ष चल रहा हैं। हम अपने पूर्वजों को याद कर रहे हैं। परन्तु तीन पीढ़ी पहले के पूर्वज का नाम नहीं पता है। पंडित जी जैसे व्यक्तित्व को समाज निरंतर याद रख रहा है। जीवन में कर्म ऐसा करो की लोग अपने को भी कोई याद रखें। नवांकुर संस्था के पीयूष आचार्य ने कहा की ज्ञानवान व्यक्ति समाज को सकारात्मक दिशा में कुछ ना कुछ देकर जाता है।

पटवारी को मंदिर कार्यों से मुक्त करने का आदेश

अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति एवं माँ बगलामुखी भक्त मंडल के 14 सदस्यो/जनप्रतिनिधियों की बैठक अनुविभागीय अधिकारी, सुसनेर-नलखेड़ा श्रीमती देव कुंवर सोलंकी की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गई।

बैठक में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, हवन कुण्डों की संख्या बढ़ाने, शौचालय, सुविधाघर, साफ-सफाई, विद्युत एवं जनरेटर व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, पुलिस चौकी, यातायात, अतिक्रमण एवं पार्किंग व्यवस्था को सुलभ करने तथा मंदिर समिति में अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति सहित 10 बिन्दुओं पर मांग एवं सुझाव प्राप्त हुए। सदस्यों द्वारा पिछले दिनों नलखेड़ा में हुऐ दुखद हादसे के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी भी चाही गई। उक्त मांगों एवं सुझावों पर अनुविभागीय अधिकारी, सुसनेर-नलखेड़ा द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार बिन्दु क्रमांक 1 से 9 तक की आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यों के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में एसडीएम सुसनेर श्रीमती देव कुवर सोलंकी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नलखेड़ा घटना की जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत होने तथा आगामी आदेश तक प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से पटवारी ग्राम डोकरपुरा को माँ बगलामुखी मंदिर के समस्त कार्यों से तत्काल प्रभाव से पृथक रखा गया है।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियानः

ओटीपी शेयर न करे, धोखाधडी की आशंका पर पुलिस को सूचना दें- एसपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

किसी भी फ्राड या धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूकता जरूरी है, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति जागरूक रहें और किसी भी संदिग्ध कॉल, अनजान लिंक या ओटीपी शेयर करने से बचें और धोखाधडी की आशंका होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। बढते साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहना प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। इसी तरह सडक सुरक्षा को लेकर हमें जागरूक होना होगा और दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने और यातायात नियमों के पालन करें। यह समझाइश मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम भैंसवामाता में आयोजित शिविर में राजगढ़ एसपी अमित तोलानी ने उपस्थित आमजन को दी। उन्होंने आगे कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीतोलानी ने अपराध नियंत्रण में जनसहभागिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने हालिया सफलता का जिक्र करते हुए बताया कि लीमाचौहान में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने सारंगपुर क्षेत्र में हुई 12 चोरियों को सफलतापूर्वक ट्रेस किया है। इसलिए सभी अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर कैमरे लगवाएं, जिससे संदिग्धों की पहचान और अपराधों के अनुसंधान में मदद मिल सके।

सैकडों मामलों का त्वरित निराकरण

शिविर में पुलिस ने शिकायतों और लंबित प्रकरणों के निपटारे में तत्परता दिखाई। पुलिस विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकडों के अनुसार, सीएम हेल्पलाइन के कुल 56 प्रकरणों में एल-1 के 42, एल-2 के 1 तथा एल-3 के 13 मामालो का निराकरण किया गया। इसके साथ ही जनसुनवाई की 32 और वरिष्ठ कार्यालयों की 108 शिकायतों का निपटारा हुआ।

वंदे मातरम का गायन देश का स्वाभिमान

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

वंदे मातरम का गायन देश के लोगों का सम्मान और स्वाभिमान है इसके गान ने देश की आजादी में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

यह बात वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सरस्वती शिशु मंदिर संकुल केंद्र झुटावद में आयोजित स्कूली बच्चों के आयोजन में उपस्थित स्कूली बच्चों तथा अन्य अतिथियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य श्रवण सिंह राजावत ने कहीं

वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के



उद्देश्य से पूरे भारत में एक साथ आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झूटावद के 431 स्कूली छात्र-छात्राओं 20 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक साथ सामूहिक राष्ट्रगीत का गान गाया विद्यालय के सहायक आचार्य नंदकिशोर परिहार ने भी संबोधित किया । लेखपाल महेश सौलंकी आदि उपस्थित रहे। जानकारी दिनेश जाट ने दी।

चोरी और गृह-अतिचार के मामले में तीन दोषियो को सात-सात साल का कठोर कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रसिद्ध व्यवसायी पुरुषोत्तम दंडवानी और गोकुल दंडवानी के निवास पर हुई दुस्साहसिक चोरी व गृह-अतिचार की वारदात में न्यायालय ने त्वरित और कडा फैसला सुनाया है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह के न्यायालय ने मामले की गंभीरता और अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत ठोस साक्ष्यों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए 7-7 वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले में राजगढ़ एसपी अमित तोलानी की सघन जांच और कार्रवाई के कारण एक वर्ष बीतने से पहले आरोपितों को सजा हुई है, जिससें पुलिस और न्यायालय के प्रति लोगो का भरोसा जगा है। घटना थाना सारंगपुर क्षेत्र की है, जहाँ वरिष्ठ भाजपा नेता व व्यवसायी श्रीदंडवानी के घर को अपराधियों ने निशाना बनाया था। आरोपित रात्रि के समय अवैध रूप से घर में घुसे और चोरी के साथ-साथ मारपीट जैसी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी और राजनीतिक हस्ती के घर हुई इस घटना से इलाके में हडकंप मच गया था।

सड़कों पर लगने वाले जाम से मिली मुक्ति, टीनशेड के नीचे लगी सब्जी दुकानें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

हमारे दादा एवं दादी सड़कों पर सब्जी बेचते हुवें चले गए, किंतु आज हमें बैठने की जगह मिली है, धूप पानी से बचाव के साथ लाईट व पंखे की व्यवस्था नगर परिषद के द्वारा कर दी है। हमारे साथ हमारी आने वाली पीढी को भी सब्जी विक्रय करने के लिए एक जगह मिल गई है।

नगर परिषद के उपचुनाव के बीच इस तरह की चर्चा इन दिनों सब्जी विक्रेता कर रहे है। हाथी दरवाजे के साथ लगने वाली सब्जी मंडी में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सुव्यवस्थित प्रबंधन के बाद अब



नगर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिल है। विधानसभा उपचुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हैं, लेकिन इस बीच सुसनेर नगर को ट्रैफिक जाम से मिली मुक्ति और छोटे व्यापारियों को मिली सुविधाएं स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का मुख्य विषय बनी हुई हैं।

कुछ समय पहले तक सुसनेर में व्यवस्थित जगह न होने के कारण अधिकांश सब्जी विक्रेता मुख्य सड़कों के किनारे बैठकर ही अपना व्यापार करने को मजबूर थे। इससे न केवल दुकानदारों को चिलचिलाती धूप, धूल और बारिश का सामना करना पड़ता था, बल्कि सड़कों पर पैदल चलने वालों और वाहनों के लिए जगह नहीं बचती थी।

मुख्य मार्ग पर लंबा ट्रैफिक जाम लगना आम बात हो गई थी, जिससे आम जनता बेहद परेशान थी। अब सब्जी विक्रेताओं को एक निश्चित परिसर में टीनशेड के नीचे व्यवस्थित किया गया है। इसके साथ ही वहां लाइट, पंखे, पेयजल और नियमित साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं।

प्रकाश कानुडिया ने कहा करीब 17 वर्ष पहले सब्जी मंडी को व्यवस्थित करने के लिए सब्जी मंडी तो बनाई गई थी किंतु सुविधाओं के अभाव में यह शुरू नहीं हो पाई थी।

सब्जी विक्रेताओं ने बयां किया अपना दर्द

सब्जी विक्रेता विष्णु माली ने बताया कि हमारे बडे बुजुर्ग के बाद हम भी सालों से हम सालों तक सड़क किनारे धूल और धुआं खाते हुए सब्जी बेचते थे। हमेशा डर रहता था कि कोई वाहन दुकान से न टकरा जाए। मुख्य मार्ग होने से जाम लग जाता था और लोग हमसे ही झगड़ते थे। अब शेड के नीचे पंखे और लाइट की सुविधा मिलने से हम सुरक्षित भी हैं और सुकून से व्यापार भी कर रहे हैं।



क्षमावाणी पर्व पर शोभायात्रा निकालकर मांगी एक दुसरे से क्षमा

सुसनेर। पर्युषण पर्व के अंतर्गत रविवार को दिगंबर जैन समाजजनों ने क्षमा पर्व मनाया. समाज के लोगों ने एक दूसरे के अलावा सभी जीव-जंतुओं से अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना की। श्रद्धालुओं ने भगवान से जाने-अनजाने में हुवी, गलतियों के लिए क्षमा मांग कर पर्व के अन्तिम दिन भगवान महावीर के संदेश क्षमा वीरस्य भूषणम का पालन किया। क्षमा पर्व पर पिता ने बेटे और सास ने भी बहू से भी क्षमा मांगी। मान्यता है कि इस दिन जिनेन्द्रदेव के समक्ष दिल से मांगी गई क्षमा सज्जनता और सौम्यता के रास्ते पर लेकर जाती है। शाम 4 बजे में श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन छोटा मंदिर जी से शोभायात्रा शुरू होकर इतवारिया बाजार होते हुवें पुनः श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन छोटा मंदिर जी पहुंची जहाँ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी मैं होने वाले अभिषेक की बोली लगाई गई । अभिषेक की बोली राजेश कुमार जैन के द्वारा ली गई। बाद में भगवान के अभिषेक की बोली लेने वाले कैलाश जैन राजेश जैन एवं परिवार के द्वारा भगवान का अभिषेक किया गया । शोभायात्रा के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर की पहुंचने पर यहां भगवान का अभिषेक किया गया । बाद में मंदिर में सेवा पूजा करने वाले व्यक्तियों का समाज की ओर से सम्मान किया गया।इस दौरान युवाओं के साथ-साथ बच्चे और बडे हर वर्ग भगवान की भक्ति में रमा हुआ था।

आशीष शर्मा को इंटरनेशनल डायमंड क्लब अवॉर्ड के लिए जापान यात्रा का मिला गौरव



सारंगपुर। सारंगपुर नगर के होनहार युवा और ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (जीएसके) में कार्यरत आशीष अनंत नारायण शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट कार्यकुशलता और समर्पण के बल पर एक बडी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। कंपनी में उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन प्रतिष्ठित इंटरनेशनल डायमंड क्लब अवॉर्ड के लिए किया गया है। इस सम्मान समारोह में सहभागिता के लिए वे ओसाका, जापान की यात्रा पर रवाना होंगे। आशीष शर्मा की इस गौरवपूर्ण सफलता पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं उनके मित्रगणों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर व बधाई संदेश देकर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सारंगपुर के युवा की इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि से परिवार, इष्ट-मित्रों एवं संपूर्ण क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व का माहौल है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व शुभचिंतकों ने आशीष शर्मा को बधाई देते हुए जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने की शुभकामनाएं दी हैं।

पाडल्यामाता में 49 लाख की लागत से बनने वाले श्री राधा-कृष्ण मंदिर का भूमि पूजन



सारंगपुर। पाडल्यामाता गांव में 49 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले श्री राधा-कृष्ण मंदिर का भूमि पूजन क्षेत्र के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्ना किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम के पश्चात मंत्री गौतम टेटवाल ने वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर सिंह पाटीदार के निवास पर उपस्थित कार्यकताओं और ग्रामीणों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण देखा व सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर व सशक्त भारत, पर्यावरण संरक्षण तथा सर्जिकल स्ट्राइक जैसे राष्ट्रहित से जुडे कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना। इस गरिमामयी अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता निर्मल जैन, किशोर सिंह पाटीदार, जपं अध्यक्ष देवनारायण नागर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश सिंह बेस, गिरवर सिंह भंडारी, सुभाष चंद्र पाटीदार, ओम सोनी, रघुराज सिंह सोलंकी, डॉ. बालू सिंह वर्मा, मंडल महामंत्री रामबाबू वैष्णव, राजेश पाटीदार, मुकेश शर्मा, राजेश भंडारी, दिनेश ठेकेदार, नारायण सिंह अहिरवार, प्रोफेसर नरसिंह बंजारा, लोकेश नहर, सियाराम पाटीदार, आत्माराम पाटीदार एवं गोपाल दास महाराज सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

खुशियों के ओटले ने 100 बच्चों को बांटे कपड़े के झोले, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ब्यावरा। शहर की सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला द्वारा 100 बच्चों को कपड़े से बने झोले निःशुल्क वितरित किए गए। संस्था के संचालक डॉ सुरजीत सिंह ने बताया कि ये झोले ओटले पर आने वाले पुराने कपड़ों को रीसायकल कर तैयार किए गए हैं। इसका उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग को कम कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। डॉ. सिंह ने बताया कि खुशियों का ओटला अब तक 10 हजार से अधिक कपड़े के झोले तैयार कर निःशुल्क वितरित कर चुका है। बाजार में स्टॉल लगाकर महिलाओं, बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों को ये झोले दिए जाते हैं, ताकि वे बाजार जाते समय कपड़े का झोला साथ लेकर जाएं और पॉलिथीन का उपयोग न करें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण में लंबे समय तक बनी रहती है और मिट्टी, जल एवं पशुओं के लिए नुकसानदायक है। अक्सर पॉलिथीन खाने से पशुओं, विशेषकर गायों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। संस्था ने लोगों से अपील की कि पॉलिथीन छोड़ें, कपड़े का झोला अपनाएं और पर्यावरण बचाएं। खुशियों का ओटला निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय है।

स्ट्रैस को कहें बाय...बाय...

जब बड़ी चुनौतियों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांट लेते हैं तो इस से न केवल आप की चिंता कम होती है बल्कि आप को कंट्रोल और कौन्फिडैंस भी वापस पाने में हैल्प मिलती है...

आज के लाइफस्टाइल में स्ट्रैस से बचना आसान नहीं। इस की वजह है सख्त डैडलाइन, लगातार आने वाले नोटिफिकेशन, औफिस में लंबे समय तक काम करना और पर्सनल व प्रोफैशनल जिम्मेदारियों में बैलेंस बनाने का दबाव किसी भी प्रोडक्टिव इंसान को थका सकता है। हालांकि हम अकसर अच्छी परफौर्मैंस की उम्मीद करने से पहले स्ट्रैस वाला टाइम बीतने का इंतजार करते हैं लेकिन सच तो यह है कि स्ट्रैस के ऐसे ही पलों के बीच इफैक्टिवली काम करना सीखना ही सब से कीमती हुनर है। असल में तनाव के दौरान मस्तिष्क सर्वाइवल मोड में चला जाता है। हाइपोथैलेमस और ऐमिग्डाला मिल कर कोर्टिसोल और ऐड्रेनालाइन जैसे हारमोन छोड़ते हैं जो दिल की धड़कन बढ़ाते हैं। इस से तात्कालिक ऊर्जा तो मिलती है लेकिन लंबे समय तक रहने पर सोचनेसमझने की क्षमता कमजोर हो सकती है।



गहरी सांस लें

जब भी तनाव महसूस हो, आंखें बंद करें। नाक से गहरी सांस लें, कुछ सेकंड रोकें और फिर मुंह से धीरे-धीरे छोड़ें। इससे दिमाग तुरंत शांत होता है।

छोटे लक्ष्यों से शुरूआत करें

एक साथ बहुत सारे काम देखकर तनाव बढ़ता है। बड़े कामों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर पूरा करें।

नियमित व्यायाम और योग

रोजाना सैर, हल्की एक्सरसाइज या योग करने से शरीर में हैप्पी हॉर्मोन बढ़ते हैं जो तनाव को दूर रखते हैं।

खान-पान पर ध्यान दें

कैफीन और चीनी का अत्यधिक सेवन घबराहट और मूड स्विंग बढ़ा सकता है। संतुलित आहार लें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

पूरी नींद लें

हर रात 7 से 8 घंटे की अच्छी नींद लें। नींद पूरी होने पर दिमाग तरोताजा रहता है और तनाव का असर कम होता है। आसपास की बिखरी हुई चीजों को साफ और व्यवस्थित करने से भी मानसिक सुकून मिलता है।



बिना गिल्ट के न कहें

हम चीजों को हां कहने के आदी हैं, भले ही हम उन्हें करना न चाहें। हर बार, हम न कहने के लिए गिल्ट फील करते हैं और खुद को बुरे होने के लिए दोषी ठहराते हैं। ऐसा करना बंद कर दें और धीरे-धीरे और लगातार इस आदत को छोड़ दें। वे आगे कहती हैं यदि काम बहुत ज्यादा है, तो अपने बॉस को न कहें और उन्हें बताएं कि आप और अधिक नहीं संभाल सकते। अपनी सीमाएं जानें। क्या आप बहुत थके हुए हैं, लेकिन उस आमंत्रण को न नहीं कहना चाहते हैं? अपने दोस्त को बताएं। आपको हर समय अपने आप को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की जरूरत नहीं है। हम सभी के पास हर दिन पूरा करने के लिए कार्यों की एक लंबी सूची है! लेकिन हम कैसे चीजों को प्राथमिकता देते हैं, और फिर शुरू करते हैं?

सरसों का तेल सेहत का असली साथ

हमारी रसोई में इस्तेमाल होने वाला सरसों का तेल स्वास्थ्य और बजट के लिए कितना फायदेमंद है, जरूर जानिए...



हमारे घरों की रसोई में अगर कोई एक ऐसा तेल है जो बरसों से अपनी जगह बनाए हुए है तो वह है सरसों का तेल। इस की तीखी महक, अनोखा स्वाद और गहरा पीला रंग हमारी पहचान बन चुका है। आज भले ही बाजार में विज्ञापनों के चक्कर में तरहतरह के नए तेल और रिफाइंड बिक रहे हों लेकिन सेहत और स्वाद के मामले में सरसों के तेल का कोई मुकाबला नहीं है। इसे विज्ञान की भाषा में ब्रैसिका कैंपेस्ट्रिस कहते हैं जो सरसों के छोटेछोटे बीजों से तैयार होता है। हमारे देश में खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा में तो इस के बिना खाना पकाने की सोच भी नहीं सकते। यह सिर्फ खाना बनाने के काम ही नहीं आता बल्कि हमारे जीने के तरीके से भी जुड़ा हुआ है।

ठंड के दिनों में शरीर की मालिश करनी हो, छोटे बच्चों की मालिश कर के उन की हड्डियां मजबूत करनी हों, सर्दीखांसी में आराम के लिए इसे लहसुन के साथ गरम कर के छाती पर लगाना हो या फिर दीवाली पर दीए जलाने हों, यह हर जगह काम आता है।

त्वचा के लिए फायदेमंद

त्वचा को मुलायम बनाने के लिए सरसों का तेल बहुत उपयोगी होता है। इसमें विटामिन-ई भरपूर मात्रा में पाई जाती है, जिसके कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। सर्दियों में त्वचा के रूखेपन को दूर रखने के लिए सरसों के तेल का इस्तेमाल किया जाता है। यह आपको युवा बनाए रखने के साथ झुर्रियों को दूर करता है। इससे त्वचा की मालिश करने से शरीर में ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है और आपकी त्वचा साफ रहती है।

फंगल इंफेक्शन में लाभकारी

सरसों के तेल में एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जिसके कारण यह आपको कई तरह के संक्रमण से बचाने का काम भी करता है। इसका सेवन करने से यह आपके पाचन तंत्र, पेट, आंत, मूत्र मार्ग तथा कई अन्य हिस्सों में जिवाणु संक्रमण से लड़ता है। साथ ही यह जुकाम-खांसी के बैक्टीरियल इंफैक्शन को भी ठीक करने का काम करता है।

Sport

जेवलिन में यशवीर को सिल्वर, रोहित को ब्रॉन्ज; श्रीशंकर, गुलवीर और ईशा ने भी जीते सिल्वर

भारत को एशियन गेम्स के 9वें दिन 8 मेडल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत को एशियन गेम्स के 9वें दिन 8 मेडल मिले। यशवीर सिंह ने जेवलिन थ्रो में 85.72 मीटर के पर्सनल बेस्ट के साथ सिल्वर और रोहित यादव ने 84.35 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज जीता। इससे पहले श्रीशंकर मुरली ने लॉन्ग जंप में 8.07 मीटर की जंप के साथ सिल्वर अपने नाम किया। गुलवीर सिंह ने 1500 मीटर में 3 मिनट 36.72 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर जीता।

सोमवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर हासिल किया। पारुल चौधरी ने 5000 मीटर में ब्रॉन्ज, वित्या रामराज ने 400 मीटर हर्डल्स में ब्रॉन्ज और पिंकी बल्हारा ने कुराश के -78 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज जीता। इन मेडल के साथ भारत के खाते में अब 45 मेडल हो गए हैं। इनमें 4 गोल्ड, 20 सिल्वर और 21 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत मेडल टैली में 12वें स्थान पर है। शूटिंग में भारत के 12 मेडल हो गए हैं, जिसमें 1 गोल्ड, 7 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज शामिल हैं। ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर जीता। फाइनल में ईशा और चीन की जियाओ जियारुइक्सुआन के 38-38 पॉइंट रहे। इसके बाद शूटआउट हुआ, जिसमें जियाओ ने जीत दर्ज की।





पारुल और वित्या को ब्रॉन्ज

पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर रेस में 15 मिनट 14.61 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। वित्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल्स में 54.75 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। उन्होंने पीटी उषा का 42 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा। उषा ने 1984 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक में 55.42 सेकेंड का समय निकाला था। अनू राघवन 55.88 सेकेंड के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। कुराश में पिंकी बल्हारा ने महिलाओं के -78 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज जीता। सेमीफाइनल में उन्हें साउथ कोरिया की मो सुमिन ने 5-0 से हराया।

हॉकी में बांग्लादेश को 10-0 से हराया- भारत ने पुरुष हॉकी के पूल-अ के आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को 10-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर से 4 गोल किए, जबकि शिलानंद ने 2 और अभिषेक, सुखजीत, जुगराज और मंदीप ने 1-1 गोल किया।

इंग्लैंड ने श्रीलंका को 223 रन से हराया

नई दिल्ली। इंग्लैंड ने तीसरे वनडे में श्रीलंका को 223 रन से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने 3 मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। यह श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार 5वीं वनडे सीरीज जीत है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 355/7 बनाए। बैंटन ने 95 गेंदों पर पहला वनडे शतक पूरा किया।

नैनो न्यूज

- **हरिता भद्रा ने पदक जीता-** हरिता भद्रा ने एशियन गेम्स में महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का आठ साल का इंतजार खत्म किया।
- **परवीन हुड्डा ने पदक पक्का किया-** मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने एशियन गेम्स में क्वार्टरफाइनल जीतकर पदक सुनिश्चित किया। इससे दो साल बाद उनका वापसी अभियान चर्चा में आया।
- **शतरंज में सावित्था बनीं संकटमोचक-** सावित्था श्री ने छह घंटे तक मुकाबला लड़कर ड्रॉ हासिल किया। उनके प्रयास से भारतीय महिला टीम कांस्य पदक जीतने में सफल रही।
- **सिंधु का अभियान क्वार्टरफाइनल में थमा-** पीवी सिंधु को चीन की चेन यूफेई के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार मिली। इसके साथ एशियन गेम्स में उनका अभियान समाप्त हुआ।
- **बैडमिंटन शेड्यूल पर सवाल उठे-** एशियन गेम्स में बैडमिंटन के व्यस्त कार्यक्रम को लेकर खिलाड़ियों ने आपत्ति जताई। विश्व नंबर एक तान निंग ने भी शेड्यूल पर सवाल उठाए।
- **मुक्केबाज प्रिया: क्वार्टरफाइनल मुकाबला-** भारतीय मुक्केबाज प्रिया आज महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में ताजिकिस्तान की मिजगोना समादोवा से भिड़ीं।
- **अविनाश साबले पर नजरें टिकीं-** एशियन गेम्स में अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल में भारत की पदक उम्मीदों के साथ उतरे।

कोहली ने पहली बार एक इनिंग में 9 सिक्स लगाए

सबसे तेज 15 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बने, भारत में 42वां शतक लगाया

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

भारत ने रविवार को तिरुवनंतपुरम में पहले वनडे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। विराट कोहली ने अपने वनडे करियर का 55वां शतक लगाया। उन्होंने नाबाद 139 रन की पारी खेली।

कोहली ने पहली बार किसी वनडे में इनिंग में 9 सिक्स लगाए। वे वनडे में सबसे तेज 15 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। कोहली ने एक देश में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी की। दोनों ने भारत में 42-42 शतक लगाए हैं। कोहली ने वनडे में 303 पारियों में अपने 15 हजार रन पूरे कर लिए। वे सबसे कम पारियों में इस मुकाम तक पहुंचने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।



सचिन ने 2007 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 377 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। कोहली ने रविवार को लिस्ट-ए क्रिकेट में अपना 60वां शतक पूरा किया। वे 338 पारियों में इस मुकाम तक पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने तेंदुलकर के लिस्ट-ए में सबसे ज्यादा शतकों की बराबरी भी कर ली। सचिन ने 538 पारियों में 60 शतक बनाए थे।

लिस्ट-अ सीमित ओवरों वाला क्रिकेट फॉर्मेट है। इसमें अंतरराष्ट्रीय वनडे और घरेलू स्तर पर खेले जाने वाले आधिकारिक एक-दिवसीय मुकाबले शामिल होते हैं।

भारत में कोहली का यह 42वां इंटरनेशनल शतक था। अब वे एक देश में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में तेंदुलकर के साथ टॉप पर हैं। दोनों ने भारत में 42-42 शतक लगाए हैं।

दुकान बेचना है

प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट

मोबाइल
8518800456
9981310034

आवश्यकता

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता है

प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार

संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

किराए से देना है

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

खरीदना / किराए से चाहीए

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क
9893374872

जमीन बेचना है

ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।

संपर्क करें
940 6801069

मकान बेचना है

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

बेचना है

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

किराए से देना है

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी

संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

आवश्यकता है

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715,
9425094114

रद्दी बेचना है

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

प्रॉपर्टी बेचना है

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

प्रवेश प्रारंभ

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

आवश्यकता

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष धार पहुंचे

धार। धार भोजशाला परिसर में रविवार को हनुमान चालीसा का पाठ और मां वाग्देवी की आरती हुई। जूना अखाड़ा, वाराणसी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेमगिरि महाराज भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि मां वाग्देवी की प्रतिष्ठा तक संघर्ष जारी रहेगा। महंत प्रेमगिरि ने बताया कि भोजशाला का इतिहास सदियों पुराना है। 11वीं शताब्दी में राजा भोज ने यहां संस्कृत महाविद्यालय बनवाया था। यह स्थान संस्कृत शिक्षा और मां सरस्वती की आराधना का केंद्र रहा है।

मनावर से 25 महिला किसान दिल्ली रवाना

मनावर। राजधानी दिल्ली में 30 सितंबर को भारतीय किसान संघ का अखिल भारतीय किसान महिला सम्मेलन होगा। इसमें शामिल होने के लिए मनावर क्षेत्र से 25 महिला कार्यकर्ताओं का दल सोमवार को दिल्ली रवाना हुआ। रवाना होने से पहले महिला कार्यकताओं ने सिंघाना गांव में मां हरसिद्धि माता मंदिर में दर्शन किए और यात्रा के सफल होने की कामना की। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष दयाराम पाटीदार, जिला अध्यक्ष काशीराम वास्केल, जिला मंत्री ओमप्रकाश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पाटीदार, तहसील मनावर अध्यक्ष वासुदेव पाटीदार, तहसील कुक्षी अध्यक्ष गेदलाल पाटीदार समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

रानापुर-पारा मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत

झाबुआ। रानापुर-पारा मार्ग पर सोमवार दोपहर भूरीमाटी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में एक मासूम बच्चे समेत कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही जननी 108 एम्बुलेंस के पायलट महेश सोलंकी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानापुर पहुंचाया। पहली बाइक पर समला खड़कुई निवासी करण (45), गोविंद श्यामपुरा निवासी अनिता (20), विकास खड़कुई निवासी वंशिका (2) और मनीषा (30) घायल हुए हैं।

झाबुआ जिला पंचायत वार्ड 6 उपचुनाव के लिए दल रवाना



23 ग्राम पंचायतों के 102 केंद्रों पर वोटिंग
60,942 मतदाता चुनेंगे 4 उम्मीदवार

झाबुआ। झाबुआ जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 6 के उपचुनाव के लिए मतदान दल सोमवार को रानापुर से रवाना हो गए। 29 सितंबर को होने वाले मतदान के लिए दलों को आवश्यक सामग्री वितरित की गई और सुरक्षा के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर डॉ. योगेश भरसट और एसपी देवेंद्र पाटीदार ने मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। वार्ड क्रमांक 6 में 23 ग्राम पंचायतें हैं। यहां कुल 102 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 60,942 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 30,197 पुरुष, 30,740 महिला और 5 अन्य मतदाता शामिल हैं। उपचुनाव में चार उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा से धर्मेश सोलंकी, कांग्रेस से दिनेश वसुनिया, आम आदमी पार्टी से कमलेश सिंगाड और भारत आदिवासी पार्टी से रामू हटीला चुनाव लड़ रहे हैं। यह उपचुनाव भाजपा के शैलेंद्र सोलंकी के निधन के बाद खाली हुई जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 6 की सीट पर हो रहा है। मतदान दलों की रवानगी के दौरान एडिशनल एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया और एसडीएम महेश मंडलोई ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

नैनो न्यूज

- **निवेशकों को जमीन का आवंटन तेजी से-** मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेशकों को उद्योग लगाने के लिए जमीन आवंटन प्रक्रिया तेज हुई है और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
- **इंदौर में दुकानें होंगी नीलाम-** नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना परिसरों में फ्रीहोल्ड व्यावसायिक दुकानों के लिए ऑनलाइन ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू की है।
- **खाद्य तेल पैकिंग पर निगरानी-** इंदौर बाजार में निर्धारित मानकों से अलग मात्रा वाले खाद्य तेल पैकेट अभी बिक रहे हैं, पुराने स्टॉक की निकासी जारी है।
- **थोक बाजारों में खरीदारी बढ़ी-** न्यू सियागंज मार्केट जैसे थोक बाजारों में त्योहारी मांग को लेकर व्यापारिक गतिविधियां बनी हुई हैं।
- **कपड़ा कारोबार में बढ़ी हलचल-** कपड़ा बाजारों में त्योहारी सीजन को देखते हुए खरीदारी और नए माल की आवक पर कारोबारियों की नजर है।
- **किराना बाजार में मांग बरकरार- इंदौर** और आसपास के थोक क्षेत्रों में किराना कारोबारियों की गतिविधियां त्योहारी मांग के चलते बढ़ी हुई दिखाई दे रही हैं।
- **सब्जी मंडी में कारोबार जारी-** फल-सब्जियों के थोक कारोबार में रोजाना आवक और मांग के अनुसार गतिविधियां जारी हैं।
- **रिटेल बाजार में त्योहारी तैयारी-** प्रमुख रिटेल बाजारों में त्योहारी खरीदारी को लेकर दुकानदार स्टॉक और डिस्प्ले तैयार करने में जुटे हैं।
- **ऑटो सेक्टर में निवेश की संभावनाएं-** इंदौर-पिथमपुर क्षेत्र मध्यप्रदेश के प्रमुख ऑटो क्लस्टरों में शामिल है। क्षेत्र में ऑटो कंपोनेंट और वाहन निर्माण गतिविधियों का मजबूत आधार है।

प्रतिबंध के बावजूद घूम रहे ई-रिक्शा, बिगड़ी यातायात व्यवस्था, बस में तोड़फोड़ पर एफआईआर

हादसे के बाद नो-बस जोन बना राजबाड़ा, तीन आरोपी चिन्हित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजबाड़ा पर रविवार दोपहर एआईसीटीसीएल की पीएम सेवा के तहत शुरू की गई बस से तीन लोगों का एक्सीडेंट हो गया था। हादसे के बाद भीड़ ने बस में तोड़फोड़ कर दी थी। मामले में एमजी रोड पुलिस ने एमएस कांबिंग कंपनी के सुपरवाइजर तशील की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस अन्य आरोपियों की पहचान कर रही है।

सुपरवाइजर तशील ने पुलिस को बताया कि हादसे के बाद भीड़ ने अचानक बस में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान अभिषेक ठाकुर, विजय यादव और पंकज ने वहां मौजूद लोगों को उकसाया और बस पर पथराव किया। इससे बस के कांच फूट गए और उसे भारी नुकसान हुआ।



पुलिस अब घटना के फुटेज के आधार पर अन्य लोगों की पहचान कर रही है। मामले में आगे और आरोपी बढ़ने की संभावना है।

हादसे के बाद पुलिस ने बस ड्राइवर धनराज गांगले को कुछ देर बाद हिरासत में ले लिया था। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि उसने हैंडब्रेक नहीं लगाया था। इसी दौरान ऑटोमेटिक बस का एक्सीलेटर दब गया, जिससे हादसा हो गया। हादसे में छोटू उर्फ गणेश और जितेंद्र शर्मा की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं राधेश्याम का अभी उपचार चल रहा है।

आज से राजबाड़ा नो-बस जोन

राजबाड़ा पर रविवार हुए बस हादसे के बाद सोमवार से राजबाड़ा को नो-बस जोन कर दिया गया है। हालांकि यहां ई-रिक्शा प्रतिबंधित हैं, इसके बावजूद राजबाड़ा पर ई-रिक्शा घूम रहे हैं। यातायात पुलिस इन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। ई-रिक्शा चालकों की वजह से राजबाड़ा की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है।

सड़क हादसे में बैंक कर्मचारी की मौत

इंदौर के लसूड़िया इलाके में रविवार रात सड़क हादसे में बैंक कर्मचारी सुनील की मौत हो गई। वह बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ट्रक की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, हादसा रात करीब 9 बजे खालसा चौक पर हुआ। सुनील पुत्र प्रेमसिंह सेन निवासी सिंगापुर ग्रीन को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुनील एयू स्मॉल फाइनेंस कंपनी में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। उनके माता-पिता और भाई शुजालपुर में रहते हैं। सुनील करीब 10 साल से इंदौर में रह रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अंडरग्राउंड मेट्रो के विरोध में सड़क पर उतरे रहवासी, बंगाली चौराहे पर एक दीया उम्मीद का जलाया

कैंडल मार्च निकाला, बोले- रातों की नींद उड़ गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के बीच प्रस्तावित भूमिगत रूट को लेकर तिलक नगर, गोयल नगर, साईंनाथ कॉलोनी और आसपास के रहवासियों का विरोध तेज हो गया है।

सोमवार रात को बड़ी संख्या में रहवासी बंगाली चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां उन्होंने एक दिया उम्मीद का जलाया और कैंडल मार्च निकालकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। विरोध के दौरान टेंडर की कॉपी फाड़कर नारेबाजी भी की गई।

रहवासियों ने कहा कि उनका विरोध मेट्रो परियोजना से नहीं है। वे चाहते हैं कि घनी आबादी, पुराने मकानों और बड़ी संख्या में बोरिंग वाले इलाकों के नीचे से प्रस्तावित सुरंग के बजाय दूसरे संभावित रूट का भी तकनीकी अध्ययन कराया जाए। प्रदर्शन रात 9 बजे शुरू हुआ और 10.30 बजे तक जारी रहा।



अभियान चलाकर लोगों को बताया प्रस्तावित रूट- रहवासी सीए मनीष जैन, राजेश अग्रवाल और राजीव जैन ने बताया कि इलाके के कई लोगों को प्रस्तावित भूमिगत रूट की पूरी जानकारी नहीं थी। अभियान के दौरान लोगों को रूट और इससे जुड़े संभावित प्रभावों की जानकारी दी गई। इसके बाद रहवासियों से उनकी आपत्तियां और सुझाव भी दर्ज किए गए। प्रदर्शन के दौरान विपुल जैन, विकास मिश्रा, राजेश जैन सहित महिलाएं भी शामिल रही।

हमारी रातों की नींद उड़ गई- रहवासियों ने बताया कि हमारी रातों की नींद उड़ गई है, जबसे हमें पता चला है कि अंडरग्राउंड मेट्रो निकलने वाली है। तिलक नगर और आसपास के क्षेत्रों में कई परिवार घरेलू जरूरतों के लिए बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं। रहवासियों ने आशंका जताई है कि टनल बोरिंग मशीन से भूमिगत निर्माण के दौरान स्थानीय जलस्रोतों और मौजूदा बोरिंग पर असर पड़ सकता है। बड़ी संख्या में बोरिंग प्रभावित हुए तो आने वाले समय में इलाके में जलसंकट की स्थिति पैदा हो सकती है।

50-60 साल पुराने मकानों की सुरक्षा का मुद्दा

विरोध कर रहे लोगों के मुताबिक इलाके में बड़ी संख्या में मकान 50 से 60 वर्ष पुराने हैं। ऐसे में रहवासियों का सवाल है कि भूमिगत निर्माण के दौरान जमीन में होने वाले बदलाव और कंपन का इन पुराने भवनों की नींव पर क्या असर पड़ेगा। तिलक नगर के रहवासी सीए मनीष जैन हमने उम्मीद का एक दिया जलाकर प्रशासन को बताया है कि हमारी उम्मीद अभी भी जारी है। रहवासी क्षेत्र से मेट्रो निकलेगी तो सभी की समस्या बढ़ जाएगी। पुराने मकान के टूटने का खतरा होगा। गोयल नगर के रहवासी राजेश अग्रवाल ने बताया कि शासन, प्रशासन, मेट्रो प्रबंधन और जनप्रतिनिधि जब तक हमें लिखित में आश्वासन नहीं देंगे, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हमने कोर्ट में भी याचिका लगा दी है।

इंदौर में भाई को छुड़ाने थाने पहुंची महिला

आरक्षक को धमकाया, हाथापाई की कोशिश, अफसरों ने कराई एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सराफा थाने में हवालात में बंद भाई वासु चौधरी को छुड़ाने पहुंची उसकी बहन ज्योति चौधरी ने आरक्षक से विवाद कर लिया। वह मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने लगी।

पुलिसकर्मियों ने उसे रोका तो उसने आरक्षक मनीष यादव को धमकी दी और हाथापाई की कोशिश की। मामले में मनीष की शिकायत पर पुलिस ने ज्योति के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने की धारा में एफआईआर दर्ज की है। आरक्षक मनीष यादव ने शिकायत में बताया कि 26 सितंबर को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत वासु चौधरी और सुमित भदौरिया को हवालात में रखा था। वरिष्ठ अफसरों के कहने पर वासु को मेडिकल के लिए भेजा गया था।



लौटने के बाद उसे दोबारा हवालात में रखा गया। इसी दौरान ज्योति थाने पहुंची और वासु को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगी। वह मनीष से बहस करने लगी और जबरन मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने लगी। रोकने पर उसने धमकी दी कि बात नहीं मानी तो वह उसे मारेगी। इसके बाद ड्यूटी के दौरान हाथापाई की कोशिश की। घटना की जानकारी वरिष्ठ अफसरों को दी गई, जिसके बाद ज्योति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

शादीशुदा महिला से दुष्कर्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चंदन नगर इलाके में एक शादीशुदा महिला से दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने पहले उसे अपने पति से तलाक लेने के लिए कहा और शादी का भरोसा दिलाया। तलाक के बाद आरोपी ने उसे अपने साथ रखा, लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। शिकायत के बाद चंदन नगर पुलिस ने आरोपी अशरफ उर्फ सद्दू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके घर के पास रहता है और करीब एक साल पहले दोनों की बातचीत शुरू हुई थी। आरोपी का उसके घर आना-जाना भी था। इस दौरान आरोपी को पता था कि उसका पति से विवाद चल रहा है। महिला के मुताबिक नवंबर में घर पर किसी के नहीं होने पर आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि वह नौकरी के सिलसिले में दुबई गई थी। आरोपी ने उसे वापस बुलाया और शादी की बात कहते हुए अजमेर ले गया। वहां एक गेस्ट हाउस में चार दिन तक उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इस दौरान आरोपी ने महिला से कहा कि वह अपने पति से तलाक ले ले, इसके बाद वह उसे अपने साथ रखेगा और शादी करेगा। महिला ने इसके बाद पति से तलाक ले लिया।

बिल्डर के फांसी लगा लेने की पुलिस कर रही जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के पलासिया स्थित अपने ऑफिस में फांसी लगाकर जान देने वाले बिल्डर बंटी उर्फ संदीप नागर के मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस अब ऑफिस के कर्मचारियों और बंटी के मोबाइल में आखिरी समय में हुई बातचीत के आधार पर उनके परिचितों से पूछताछ करेगी। ऑफिस में लगे दो डीवीआर में से एक में हार्डडिस्क नहीं मिली, जबकि दूसरे डीवीआर को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी के अनुसार, साकेत में बंटी नागर निवासी गुलमोहर कॉलोनी का शव रविवार शाम उनके बेटे ने चौथे माले स्थित ऑफिस में देखा था। देर शाम परिजनों ने अस्पताल से पुलिस को घटना की जानकारी दी। बंटी के चौथे माले पर दो ऑफिस हैं और दोनों में कैमरे लगे हैं। जिस केबिन में बंटी ने फांसी लगाई, वहां लगे डीवीआर में हार्डडिस्क नहीं मिली। वहीं दूसरे ऑफिस के कैमरे के डीवीआर में हार्डडिस्क लगी है। पुलिस ने डीवीआर जब्त कर लिया है, लेकिन उसमें पासवर्ड लगा है। बंटी के बेटे ने पुलिस को पासवर्ड की जानकारी नहीं होने की बात कही है। टीआई सुरेंद्र सिंह के मुताबिक, बंटी के मोबाइल में पैटर्न लॉक लगा है। पुलिस इसे 30 से ज्यादा बार खोलने का प्रयास कर चुकी है, लेकिन लॉक नहीं खुला। परिवार को भी मोबाइल का पैटर्न पता होने की जानकारी नहीं थी। टेक्निकल डाटा गायब होने के चलते पुलिस फिलहाल किसी सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मदद नहीं ले रही है।

नागपुर, मुंबई में अब पैवर ब्लॉक वाला सिस्टम

इंदौर में पानी, सीवरेज लाइनों के नाम पर लगातार तोड़ रहे सड़कें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में सीमेंट-कांक्रीट रोड बनाने की प्लानिंग अगर ठीक से की गई होती तो पानी, सीवरेज, बिजली, गैस या इंटरनेट की सर्विस लाइन डालने के लिए सड़क तोड़कर दोबारा बनाने में 800 करोड़ रुपए खर्च नहीं करने पड़ते। अहमदाबाद, नागपुर और मुंबई में कई जगह मुख्य सड़क के दोनों तरफ पैवर ब्लॉक की लेन रखी गई है। यह इसलिए ताकि भविष्य में सर्विस लाइन डालने की जरूरत हो तो मुख्य सीमेंट सड़क में तोड़फोड़ करने के बजाय पैवर ब्लॉक हटाकर काम किया जा सके। काम पूरा होने के बाद इन्हें फिर लगाया जा सकता है। इस मॉडल में 60 फीट चौड़ी सड़क बनाने में प्रति किलोमीटर करीब 2.5 करोड़ रुपए लागत कम की जा सकती है।

60 फीट रोड में दोनों तरफ 10-10 फीट में लगें पैवर- अतुल सेठ, सीनियर सिविल इंजीनियर इंदौर में यह मॉडल अपनाया जा सकता है। अगर सड़क की स्टैंडर्ड चौड़ाई 60 फीट मानें तो इसमें 15-15 फीट की सीसी रोड रहे। इसके पास दोनों तरफ की 10-10 फीट की लेन को पेवर ब्लॉक से बनाई जाए। इस लेन में सीवेज, इंटरनेट, गैस और पानी की लाइनें डाली जा सकती हैं। भविष्य में इनमें मेंटेनेंस वगैरह के लिए पूरी सड़क खोदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सीसी रोड की लागत करीब 300 रुपए प्रति वर्गफीट है। 60 फीट चौड़ी सड़क के एक किमी हिस्से की लागत करीब 5 करोड़ आती है। प्रस्तावित मॉडल में सीसी रोड सिर्फ 30 फीट होगी जिसकी लागत करीब 2.5 करोड़/किमी होगी।

निगमायुक्त क्षितिज सिंघल से सीधी बात



नागपुर, अहमदाबाद और मुंबई में सीसी सड़कों को पूरी चौड़ाई पर नहीं बनाते। दस-दस फीट पेवर ब्लॉक लगाते हैं। इससे पूरी रोड खराब नहीं होती। ऐसा मॉडल इंदौर क्यों नहीं अपनाता? हम भी ऐसे ही मॉडल पर जाने की तैयारी में हैं। हालांकि बड़ी सड़कों में हमने यूटिलिटी के लिए पेवर ब्लॉक लगाए हैं। सवाल : जोन की सड़कों में ऐसा क्यों नहीं होता, जबकि सबसे ज्यादा टूट-फूट वहीं होती है? अच्छा सुझाव है। हम इस पर विचार करेंगे।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com